आषाढ़ कृष्ण पक्ष सप्तमी 01:35 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बुधवार, 18 जून 2025
वर्ष 6, अंक 80, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



हताशा में कांग्रेस कर रही झूठा प्रचार : भाजपा 12
सीतारमण ने लद्दाख में परियोजना स्थल का किया दौरा 14


## डीआरडीओ और आईआईटी दिल्ली की क्वांटम संचार में बड़ी सफलता

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली ने क्वांटम संचार के क्षेत्र में एक बड़ी प्रायोगिक सफलता हासिल की है। इससे भारत भविष्य में साइबर सुरक्षा के लिए क्वांटम तकनीक का उपयोग करने की दिशा में अग्रसर हो जाएगा।

रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह उपलब्धि एक किलोमीटर से अधिक दूरी तक फ्री-स्पेस ऑप्टिकल लिंक के माध्यम से क्वांटम 'एंटैंगलमेंट' पर आधारित सुरक्षित संचार स्थापित कर प्राप्त की गई, जो आईआईटी-दिल्ली परिसर में किया गया।

- राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा, बैंकिंग और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में डेटा सुरक्षा के लिए क्रांतिकारी कदम



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए डीआरडीओ और आईआईटी-दिल्ली को बधाई देते हुए कहा कि यह भविष्य के युद्ध और संचार सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। यह तकनीक भविष्य में क्वांटम इंटरनेट और क्वांटम नेटवर्क जैसी प्रणालियों के लिए रास्ता तैयार करेगी। इसे प्रो. भास्कर कंसेरी के अनुसंधान समूह ने वरिष्ठ वैज्ञानिकों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया। क्वांटम संचार की यह तकनीक राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा, बैंकिंग और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में डेटा सुरक्षा के लिए क्रांतिकारी कदम मानी जा रही है।

# भारत ने 2024 में परमाणु हथियारों का बढ़ाया जखीरा

### स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट, सभी नौ परमाणु हथियार संपन्न देशों में भी जारी रिसर्च

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और पाकिस्तान सहित दुनिया के लगभग सभी नौ परमाणु हथियार संपन्न देशों ने 2024 में अपने परमाणु हथियारों को न केवल उन्नत बनाने की प्रक्रिया को जारी रखा बल्कि अपने हथियारों का जखीरा बढ़ाया भी है।

वैश्विक विचारक समूह स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। सिपरी ने एक बयान में कहा कि ऐसा अनुमान है कि भारत ने 2024 में एक बार फिर अपने परमाणु हथियारों के जखीरे का थोड़ा विस्तार किया है और नयी प्रकार की परमाणु हथियार प्रणालियों का विकास जारी रखा है। पाकिस्तान ने 2024 तक परमाणु हथियारों की नयी वितरण प्रणालियां विकसित करना और परमाणु हथियारों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री एकत्रित करना भी जारी रखा है। पाकिस्तान की योजना आगामी दशक में अपने परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ाने की है। विचारक समूह सिपरी ने सोमवार को अपनी वार्षिक पुस्तक-2025 में शस्त्रीकरण, निरस्त्रीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति का अपना वार्षिक मूल्यांकन जारी किया। वार्षिक पुस्तक के विमोचन पर दिए गए वक्तव्य में भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए सैन्य संघर्ष का भी उल्लेख किया गया है। सिपरी ने अपनी वार्षिक पुस्तक में शस्त्रीकरण, निरस्त्रीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति का देशवार मूल्यांकन प्रस्तुत किया है।



### दुनिया भर में 12,241 परमाणु हथियार

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट ने एक बयान में कहा, लगभग सभी नौ परमाणु हथियार संपन्न देश – अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (उत्तर कोरिया) और इजराइल ने 2024 में अपने परमाणु हथियारों को उन्नत बनाने के साथ-साथ हथियारों के जखीरे को भी बढ़ाने का काम किया। सिपरी ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि जनवरी 2025 में दुनिया भर में 12,241 परमाणु हथियारों की कुल संख्या थी। जिनमें से लगभग 9,614 हथियार संभावित इस्तेमाल के लिए सैन्य भंडार में थे।

## एक नजर

### भाजपा नेता हमला मामले में चार और आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र

**नई दिल्ली।** एनआईए ने पिछले साल पश्चिम बंगाल में भाजपा नेता प्रियंगु पांडे पर भीड़ द्वारा किए गए हमले के मामले में चार और आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया है जिसमें चारों पर हमले की साजिश में संलिप्त होने का आरोप लगाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को कोलकाता की विशेष एनआईए अदालत में दाखिल तीसरे पूरक आरोपपत्र में पवित्र प्रसाद उर्फ सुजल, मोहम्मद टीपू उर्फ टिपुआ, मोहित महतो उर्फ साही और मोहम्मद जावेद पर भारतीय न्याय संहिता, शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं।

### नक्सलियों ने तीन ग्रामीणों की हत्या की

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा तीन ग्रामीणों की गला घोंटकर हत्या करने की घटना सामने आई है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली है कि नक्सलियों ने आज शाम पेद्दाकोरमा (नयापारा) निवासी तीन व्यक्तियों की रस्सी से गला घोंटकर कर हत्या कर दी है। सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया है। ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बनाने के उद्देश्य से नक्सलियों ने निर्दोष ग्रामीणों की हत्या की है।

# ट्रंप ने जी7 छोड़ा, बोले- तेहरान खाली करो

### इजराइल ने ईरानी सेना के डिप्टी कमांडर को मारा, ईरान का मोसाद हेडक्वार्टर पर हमला

- तेल अवीव में मिलिट्री इंटेलिजेंस की बिल्डिंग को भी निशाना बनाया
- ट्रंप की चेतावनी के बीच ईरान पर इजराइल के हमले बढ़े

दुबई, एजेंसी

इजराइल ने ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकाने पर अचानक हमला करने के पांच दिन बाद तेहरान पर अपने हवाई हमले तेज कर दिए हैं। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राजधानी तेहरान के निवासियों को शहर खाली करने की चेतावनी दी। इससे तेहरान छोड़कर भागने के कारण सड़कों पर लंबा जाम लग गया।

ट्रंप ने कनाडा में जारी जी-7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़कर वाशिंगटन रवाना हो गए। उन्होंने एक संदेश में लिखा, ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता। उन्होंने अपने संदेश में कहा, सभी को तेहरान तत्काल खाली कर देना चाहिए। बाद में ट्रंप ने इस बात से इनकार किया कि वह संघर्ष विराम पर काम करने के लिए जल्दबाजी में लौटे हैं। वाशिंगटन लौटते समय एयर फोर्स वन में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा, मैं संघर्ष विराम की तरफ नहीं देख रहा हूं। हम उससे भी बेहतर चीज की तरफ देख रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैं बस यही चाहता हूं कि लोग सुरक्षित रहें। इससे पहले, इजराइली ने तेहरान के एक मध्यवर्ती इलाके के लगभग 3,30,000 निवासियों से इलाके को खाली करने की अपील की थी। इजराइल ने मंगलवार को दावा किया कि उसने ईरानी सैन्य कमान को तबाह करने के बाद उसके एक और उच्च पदस्थ जनरल को मार गिराया। इजराइली सेना ने कहा उसने जनरल अली शादमानी को मार गिराया है, जिन्हें हाल ही में खातम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय का प्रमुख नियुक्त किया गया था। ईरान ने शादमानी की मौत की तत्काल पुष्टि नहीं की है।



इजराइल के हमलों के बाद तेहरान के हाईवे पर लगा लंबा जाम।



कनाडा में जी7 छोड़कर जाते राष्ट्रपति ट्रंप। ● एजेंसी

### भारतीयों से तुरंत तेहरान छोड़ने का आग्रह

**तेहरान।** ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष तेज होने की पृष्ठभूमि में तेहरान में सभी भारतीय नागरिकों को मंगलवार को शहर से बाहर सुरक्षित स्थानों पर जाने और दूतावास से संपर्क में रहने का परामर्श जारी किया गया है। तेहरान में भारतीय दूतावास ने कहा, सभी भारतीय नागरिक जो तेहरान में हैं और दूतावास के संपर्क में नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे तुरंत तेहरान में भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना स्थान तथा संपर्क नंबर प्रदान करें। भारतीय मिशन ने सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों (पीआईओ) को यह सलाह भी दी है कि जो अपने स्वयं के संसाधनों से तेहरान से बाहर जा सकते हैं, वे शहर के बाहर सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। यह पोस्ट ऐसे समय में आया है जब इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष तेज हो गया है तथा उन्होंने पांचवें दिन भी एक दूसरे पर हमले किए हैं। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान और इजराइल में जारी घटनाक्रम के मद्देनजर मंत्रालय में 24 घंटे संचालित नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

### तेहरान प. एशिया का सबसे बड़ा शहर

तेहरान पश्चिम एशिया के सबसे बड़े शहरों में से एक है और वहां तकरीबन एक करोड़ लोग रहते हैं, जो इजराइल की कुल आबादी के बराबर है। संघर्ष के बाद से ही तेहरान में लोग अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर जा रहे हैं।

## कनाडा पहुंचे मोदी ग्लोबल साउथ होगा प्रमुख प्राथमिकता

कैलगरी (कनाडा), एजेंसी

- विश्व के नेताओं से ऊर्जा सुरक्षा प्रौद्योगिकी तथा नवाचार सहित वैश्विक मुद्दों पर करेंगे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वह कनाडा के कनैनिस्किस में जी-7 शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं से मुलाकात के दौरान महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे तथा ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर जोर देंगे। प्रधानमंत्री सोमवार शाम को यहां पहुंचे और यह एक दशक में मोदी की कनाडा की पहली यात्रा है। मोदी इस दौरान विश्व के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे और ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी तथा नवाचार सहित महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

मोदी ने एक्स पर कहा, जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा के कैलगरी पहुंच गया हूं। शिखर सम्मेलन में विभिन्न नेताओं से मुलाकात करूंगा और महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करूंगा। ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर भी जोर दूंगा। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर साइप्रस से सोमवार शाम (स्थानीय समयानुसार) कनाडा पहुंचे। कनैनिस्किस में यह सम्मेलन 16 जून से 17 जून तक चलेगा। यह जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री की लगातार छठी बार भागीदारी है।



### कनाडा चाहता है संबंधों में सुधार

जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मोदी को कार्नी द्वारा दिया गया आमंत्रण, नई सरकार की भारत के साथ संबंधों को सुधारने की मंशा का संकेत है जो खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद सबसे खराब स्थिति में पहुंच गए थे। पिछले साल अक्टूबर में भारत ने अपने उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को वापस बुला लिया था।

# बंदूक तानकर फिल्म देखने से नहीं रोक सकते

### कमल हासन फिल्म विवाद : सुप्रीम कोर्ट की कर्नाटक सरकार को फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने अभिनेता कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ को राज्य के सिनेमाघरों में प्रदर्शित नहीं किए जाने को लेकर कर्नाटक सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि भीड़ और नैतिकता के तथाकथित पहरेदारों को सड़कों पर हंगामा करने इजाजत नहीं दी जा सकती।

न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि कानून का शासन स्थापित किया जाना चाहिए और लोगों को फिल्म देखने से रोकने के लिए उनके सिर पर बंदूक नहीं तानी जा सकती। न्यायमूर्ति भुइयां ने कर्नाटक सरकार के वकील से कहा, हम भीड़ और नैतिकता के तथाकथित पहरेदारों को सड़कों पर कब्जा करने की इजाजत नहीं दे सकते। कानून का शासन कायम रहना चाहिए। हम ऐसा नहीं होने दे सकते। अगर किसी ने कोई बयान दिया है, तो उसका जवाब बयान से दीजिए। अगर किसी ने कुछ लिखा है, तो आप उसका जवाब कुछ लिखकर दे सकते हैं। उन्होंने वकील को 18 जून तक मामले पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि भले ही फिल्म प्रदर्शित होने पर लोग इसे न देखें, लेकिन उन्हें इस डर में नहीं रखा जा सकता कि सिनेमाघर जला दिए जाएंगे। कर्नाटक में फिल्म प्रदर्शित न किए जाने को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता एम महेश रेड्डी की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ए वेलम ने कहा कि राज्य ने धमकी देने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं की है। न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि कानून के शासन के मुताबिक, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुकी कोई भी फिल्म अवश्य रिलीज होनी चाहिए और राज्य को इसकी स्क्रीनिंग सुनिश्चित करनी चाहिए।

- कहा- भीड़ को सड़कों पर कब्जे की अनुमति नहीं दी जा सकती, ठग लाइफ की रिलीज करें सुनिश्चित



## महाराष्ट्र में आपातकाल के दौरान जेल जाने वालों की मानदेय राशि दोगुनी की गई

**मुंबई।** महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने मंगलवार को आपातकाल के दौरान राज्य की जेलों में बंद किए गए लोगों को दी जाने वाली मानदेय राशि को दोगुना करने को मंजूरी दे दी। मंत्रिमंडल ने जेल में बंद रहे व्यक्ति के पति/पत्नी का नाम भी लाभार्थी के रूप में जोड़ने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में चल रही गौरव योजना में इन बदलावों को मंजूरी दी गई। वर्तमान में इस योजना के तहत दिए जाने वाले लाभों के अंतर्गत, आपातकाल (1975-1977) के दौरान एक महीने के लिए जेल में बंद लोगों को 5,000 रुपये मासिक पेंशन मिलती है, जबकि इससे अधिक अवधि के लिए जेल में बंद लोगों को 10,000 रुपये प्रति माह मिलते हैं। मंत्रिमंडल के निर्णय के अनुसार यह राशि दोगुनी कर दी जाएगी।

- फडणवीस कैबिनेट का फैसला, गौरव योजना में इन बदलावों को मंजूरी दी गई

# बारिश और बिजली-आंधी की चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आगामी दिनों में तेज हवा चलने के साथ बारिश व वज्रपात का अलर्ट
- प्रदेश में 19 से 21 जून के बीच मूसलाधार बारिश की संभावना

**अमृत विचार:** मानसून के प्रवेश से पहले प्रदेश में बारिश और बिजली-आंधी की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की है। आने वाले दिनों में तेज हवा चलने के साथ बारिश और वज्रपात का अलर्ट है। वहीं, प्रदेश में 19 से 21 जून के बीच भारी बारिश होने की संभावना भी बताई गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक, 18 जून को उप्र. में मानसून का प्रवेश होगा। फिलहाल राज्य के कई जिलों में प्री मानसून की बारिश हो रही है। इस बीच प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। इनमें कानपुर, उन्नाव, मैनपुरी, कासगंज, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, फिरोजाबाद, एटा, बस्ती, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, गोरखपुर, औरैया, आजमगढ़, कन्नौज, इटावा, अमेठी, बहराइच, गोंडा, मऊ, सहारनपुर जिले शामिल हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, पूर्वी उप्र. के कई जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज रफ्तार से हवा चलेगी, भारी बारिश हो सकती है।



### स्थानीय प्रशासन को सतर्क रहने को कहा

मुख्य सचिव मनोज सिंह ने मानसून के पहले बाढ़ को लेकर संवेदनशील जिलों में तैनात एजेंसियों और स्थानीय प्रशासन को सतर्क रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि नदियों के जलस्तर, वर्षा की मात्रा और मौसम विभाग के पूर्वानुमानों पर निरंतर निगरानी रखी जाए। जिन जिलों में बाढ़ का खतरा अधिक है, वहां राहत शिविरों की स्थापना, नावों की व्यवस्था, पीने के पानी, चिकित्सा सुविधाओं की तैयारी पूरी कर ली जाए।

# एअर इंडिया की 7 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द

मुंबई, एजेंसी

एअर इंडिया ने मंगलवार को विभिन्न कारणों और अपने विमान बेड़े की बढ़ी हुई जांच के चलते लंदन-अमृतसर और दिल्ली-दुबई समेत सात अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दीं। विमानन कंपनी के अनुसार, रद्द की गई एअर इंडिया की अन्य उड़ानें बेंगलुरु-लंदन, दिल्ली-वियना, दिल्ली-पेरिस और मुंबई-सैन फ्रांसिस्को हैं। इससे पहले, दिन में एअर इंडिया ने विमान की अनुपलब्धता के कारण अहमदाबाद-लंदन गैटविक उड़ान रद्द कर दी थी।

मंगलवार को विभिन्न कारणों से लंदन और पेरिस के लिए इसकी उड़ानें रद्द की गईं। सैन फ्रांसिस्को-मुंबई उड़ान में तकनीकी गड़बड़ी के कारण यात्रियों को बीच में ही विमान से उतरना पड़ा। विमानन कंपनी ने कहा कि उड़ान से पहले जांच के दौरान कुछ समस्याएं पाए जाने के बाद एअर इंडिया ने दिल्ली-पेरिस उड़ान रद्द कर दी, जबकि विमान की अनुपलब्धता के कारण अहमदाबाद-लंदन उड़ान रद्द की गई। इसके अलावा, एअर इंडिया ने अपनी सैन फ्रांसिस्को-मुंबई उड़ान के एक इंजन में तकनीकी खराबी आने के कारण मंगलवार सुबह इसे कोलकाता में निर्धारित ठहराव पर ही समाप्त कर दिया। सेवा में यह व्यवधान ऐसे समय में हुआ है जब अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि 12 जून को लंदन जा रही एअर इंडिया की उड़ान अहमदाबाद से रवाना होने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त क्यों हो गई थी। वहीं, अहमदाबाद से लंदन के गैटविक हवाई अड्डे तक जाने वाली एआई-159 उड़ान रद्द कर दी गई है। विमान को सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से अपराह्न तीन बजे उड़ान भरनी थी।



- सैन फ्रांसिस्को मुंबई उड़ान में तकनीकी गड़बड़ी के कारण यात्रियों को बीच में ही विमान से उतरना पड़ा

# अब प्रदेश की 57691 ग्राम पंचायतों में होगा चुनाव

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पंचायती राज निदेशालय ने राज्य निर्वाचन आयोग को भेजी रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पंचायती राज निदेशालय ने मतदान में हिस्सा लेने वाले गांवों की तस्वीर साफ कर दी है। वर्ष 2021 के चुनाव में 58,194 ग्राम पंचायतें थीं, अगले साल होने वाले चुनाव में अब 57,691 ग्राम पंचायतों से ही मतदान होगा।

नगरीय इलाकों के विस्तार से 503 ग्राम प्रधान समेत ग्राम पंचायत सदस्य, बीडीसी व जिला पंचायत सदस्य पदों की संख्या भी घट गई है। हालांकि ब्लाक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष पदों की संख्या यथावत है। राज्य निर्वाचन आयोग ने अगले वर्ष 2026 में त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव कराने को लेकर पंचायती राज विभाग से ग्राम पंचायतों की परिसीमन रिपोर्ट मांगी थी। पिछले आम चुनाव वर्ष 2021 में 58,194 ग्राम पंचायतों से प्रधान, 7,31,813 ग्राम पंचायत सदस्य, 75,808 क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) और 3,051 जिला पंचायत सदस्य (महा प्रधान) चुने गए थे। बाद में संबंधित ब्लाकों के बीडीसी ने 826 ब्लाक प्रमुख और महा प्रधानों ने अपने-अपने जिले के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव किया था। हालांकि इन दोनों पदों पर राज्य के सत्ताधारी दल ने विपक्ष को करारी मात दी थी। तब धन और बाहुबल से चुनाव प्रभावित करने को लेकर खूब आरोप-प्रत्यारोप भी सुर्खियां बने थे। इसबार भी भाजपा से सपा की सीधी लड़ाई के आसार हैं। इसबार 57,691 ग्राम प्रधान, 826 ब्लॉक प्रमुख, 3200 जिला पंचायत सदस्य और 75 जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए चुनाव होने हैं।

- 503 ग्राम प्रधान समेत ग्राम पंचायत सदस्य, बीडीसी और जिला पंचायत सदस्यों की संख्या भी घटी




### पुनरीक्षण की तैयारी

राज्य निर्वाचन आयोग ने जिलाधिकारियों को त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव-2026 के मद्देनजर निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के निर्देश दिए हैं। 78 पेज की पुस्तिका में राज्य निर्वाचन आयुक्त राज प्रताप सिंह ने अधिकारियों के दायित्व, से लेकर अंतिम प्रकाशन और बीएलओ एप संचालित करने के दिशा-निर्देश दिए हैं।

### अप्रैल-मई में मतदान

पंचायत चुनाव में मतदान व गणना वर्ष 2021 में अप्रैल-मई में पूरे किए थे। इसबार भी अगले वर्ष इन्ही तिथियों के आस-पास समय से चुनाव पूरा करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। पंचायती राज विभाग ने निर्देश दिए हैं कि वे तैयारियों को समयबद्ध पूरा करें, ताकि अप्रैल 2026 में मतदान प्रक्रिया संपन्न हो सके।

## शहर में आज



☞ गोकुलदास कॉलेज में योग शिविर सुबह 8 :00 बजे ।

☞ बिजली विभाग की ओर से अधिशासी अभियंता खंड प्रथम के सिविल लाइंस स्थित कार्यालय पर शिविर सुबह 10 :00 बजे।

☞ श्री शिव शक्ति मंदिर रामगंगा विहार फेस प्रथम में पांच दिवसीय श्रीराम कथा का दूसरा दिन शाम 5 :30 बजे।




# गर्मी ने छीन लिया दिन-रात का सुकून

## तापमान में कमी के बाद भी उमस बरकरार, बिजली कटौती से बढ़ी परेशानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



जिला अस्पताल की ओपीडी में कतार में लगे लोग। ● अमृत विचार

● रात में नींद पूरी न होने से स्वास्थ्य पर पड़ रहा असर

**अमृत विचार:** मंगलवार शाम को बादल छाये रहने के बाद भी बारिश न होने से गर्मी व उमस से राहत नहीं मिली। न दिन में चैन मिल रहा है न रात को सुकून। तापमान में एक दो डिग्री सेल्सियस की कमी के बाद भी उमस से लोग बेहाल हैं। बारिश के लिए टकटकी लगी है। हालांकि अभी मौसम विशेषज्ञ 5 दिन उमस भरी गर्मी ऐसे ही रहने का अनुमान जता रहे हैं।

मंगलवार की सुबह हल्के बादल छाये रहे। इसके बाद निकली चिलचिलाती धूप ने उमस और गर्मी बढ़ा दी। दिन में सूरज की तपिश झुलसाने वाली थी। थोड़ी देर धूप में रहने पर लोग गर्मी से बेचैन हो रहे थे। दिन में हवा भी न चलने से उमस और बढ़ी। हालांकि अधिकतम तापमान में सोमवार की अपेक्षा एक डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 36.2 और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता 67 प्रतिशत रहा। जबकि 11.6 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से शाम को हवा चलने व बादल से लगा बारिश होगी लेकिन लोगों को मायूसी मिली।

वहीं गर्मी व उमस से रात में नींद पूरी न होने से लोगों में अनिद्रा, चिड़चिड़ापन व मानसिक उलझन बढ़ रही है। बिजली गुल होने पर एसी कूलर बंद होने पर लोग त्राहि कर रहे हैं। जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एनके मिश्र ने बताया कि गर्मी अधिक पड़ने से नींद पूरी न होने से लोगों में उलझन, बेचैनी, रक्तचाप बढ़ने आदि की दिक्कतें हो रही हैं। लोग दिन में धूप में बहुत जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलें। दिक्कत हो तो फौरन किसी विशेषज्ञ चिकित्सक के परामर्श से इलाज कराएं। वहीं गोबिंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम विशेषज्ञ आरके सिंह ने बताया कि अभी 5 दिन मौसम ऐसे ही रहेगा। गर्मी और उमस से राहत नहीं मिलेगी। बादलों की आवाजाही के बीच कहीं छिटपुट बूंदाबांदी या बौछार पड़ सकती है।

### इन बातों का रखें ख्याल

खुले और गंदगी में बिकने वाली खाने-पीने की सामग्री से बचें। घर से नाश्ता-भोजन करके निकलें, सिर ढककर चलें, चश्मा लगाएं। जरूरी न हो तो 12-4 बजे के बीच घर से बाहर नहीं निकलें। भोजन में दाल, हरी सब्जी, रोटी, दही का उपयोग करें व नीबू पानी, शिकंजी, छाछ, लस्सी, शरबत, नारियल पानी पिएं।

### बुखार, उल्टी और दस्त के मरीजों की बढ़ी संख्या

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गर्मी के कारण बुखार, उल्टी-दस्त और पेट में दर्द के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिला अस्पताल की ओपीडी में मंगलवार को उपचार के लिए 1900 से अधिक मरीज पहुंचे। ज्यादातर मरीज इन्हीं समस्याओं से पीड़ित थे। गंभीर मरीजों को भर्ती किया गया। गर्मी में सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों और बुजुर्गों के साथ होती है। कारण, उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वीर सिंह ने बताया कि डिहाइड्रेशन की वजह से हाथ-पैर में ऐंठन व दर्द की परेशानी है। यह स्थिति पिछले की एक सप्ताह से बनी है। लोग उल्टी व दस्त और पानी की कमी के शिकार हो रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि घर से खाली की पेट न निकलें। सीधे धूप के संपर्क में आने से बचें। अधिक तली-भुनी चीजों का प्रयोग न करें। शरीर में की पानी की कमी नहीं होने पाए। थोड़ी-थोड़ी देर में तरल पदार्थ जरूर लेते रहें।

## भीषण गर्मी में ट्रेनों की लेटलतीफी ने बढ़ाई यात्रियों की मुश्किलें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच ट्रेनों की लगातार हो रही लेटलतीफी ने यात्रियों की परेशानी और बढ़ा दी है। मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर यात्री घंटों ट्रेन का इंतजार करते नजर आ रहे हैं। बीते कुछ दिनों से न सिर्फ दैनिक ट्रेनें, बल्कि यात्रियों की भीड़ को देखते हुए चलाई जा रही समर स्पेशल ट्रेनें भी 10 से 15 घंटे की देरी से चल रही हैं। जिससे यात्रियों को गर्मी में स्टेशन पर ही लंबा समय बिताना पड़ रहा है।

मंगलवार को भी मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों विलंब से पहुंचीं। ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों ने बताया कि एक ओर तो पंखों की गति गर्मी को कम करने में नाकाफी है, ऊपर से ट्रेन के लेट होने से बच्चों व बुजुर्गों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ट्रेनें की देरी के कारण गर्मी में स्टेशन पर ही समय बिताना पड़ रहा है।

मंगलवार को 04019 नंद विहार स्पेशल 17 घंटे 19 मिनट, 03221 राजगीर-शहीद स्पेशल 16 घंटे 25 मिनट, 12203अमृतसर गरीबरथ एक्सप्रेस 13 घंटे 14 मिनट, 15221 जन नायक एक्सप्रेस 2 घंटे 44 मिनट, 15910 अवध आसाम एक्सप्रेस 6 घंटे 20 मिनट, 19602 उदयपुर सिटी साप्ताहिक 5 घंटे 36 मिनट, 19270 पोरबंदर 4 घंटे 31 मिनट लेट रही।

## सार-संक्षेप

### इजराइल के खिलाफ वामपंथी दलों ने किया प्रदर्शन




**मुरादाबाद, अमृत विचार :** वामपंथी दलों के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर मंगलवार को वामपंथी दलों ने फिलिस्तीन पर इजरायली हमलों का विरोध जताया। सभी दल एक साथ कलेक्ट्रेट जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां इजरायल के हाय-हाय के नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इजराइल द्वारा चलाए जा रहे सभी सैन्य अभियानों को तत्काल रोकने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। वक्ताओं ने कहा कि इजरायल द्वारा गाजा पट्टी पर की जा रही सैन्य कार्रवाई से लगता है कि इजरायल क्रूर राज्य की तरह व्यवहार कर रहा है। जो पश्चिमी एशिया के देशों पर हमले करके अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन कर रहा है। इस मौके पर सीपीआईएम के जिला सचिव थान सिंह, सीपीआई के जिला सचिव रामकिशोर रस्तोगी, भाकपा माले के जिला प्रभारी रोहिताश्व राजपूत, सीपीएम के चंद्रपाल सिंह आजाद, विक्रम सिंह, कासिम अली, शरीफ अहमद, सुशील बिश्नोई रहे।

### कथावाचक पर कार्रवाई की मांग



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह से मुलाकात की। उन्हें कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा (सीहोर वाले) पर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। एसपी सिटी को बताया कि 14 जून को बीड महाराष्ट्र में शिव कथा में कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने जगत न्याधिपति भगवान चित्रगुप्त पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए धर्म और आस्था पर आघात किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एसपी सिटी से मांग की कि पंडित प्रदीप मिश्रा पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करें। प्रतिनिधिमंडल में महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री दीपक सक्सेना, कुलभूषण सक्सेना, अमित सक्सेना, अनुराग भटनागर, बीके सक्सेना, अरविंद सक्सेना, प्रदीप माथुर, ऋषभ सक्सेना, प्रदीप सिन्हा, रिकू सक्सेना रहे।

### स्वर्ण पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का स्वागत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारतीय रोलबाल महासंघ के अंतर्गत झारखंड रोलबाल संघ की ओर से 12 से 15 जून तक रांची के खेल गांव में हुई 5वीं फेडरेशन कप रोल बॉल प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिला रोलबाल संघ के सचिव शाहवेज अली ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले से उत्तर प्रदेश रोलबाल की टीम में ओम शिवओम सैनी, गोविंद गौर, सचिन सैनी और खेतान सैनी शामिल थे। मंगलवार को मुरादाबाद लौटने पर खिलाड़ियों का माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि सेमीफाइनल मुकाबले में यूपी की भिड़ंत राजस्थान की टीम से हुई। उत्तर प्रदेश की टीम ने 5-3 से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला में गुजरात से टक्कर हुई। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 5-2 से गुजरात को हराकर जीत दर्ज की। इस मौके पर जिला रोलबॉल संघ के अध्यक्ष गौरव गुप्ता, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. जी कुमार, डॉ. अजय शर्मा, डॉ. गरिमा शर्मा आदि रहे।



### रामकथा सुनने से जीवन में आता है सकारात्मक परिवर्तन



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रामगंगा विहार प्रथम के शिव शक्ति मंदिर में मंगलवार को पांच दिवसीय श्रीराम कथा का आरंभ हुआ। बरेली फरीदपुर से पधारे श्रीराम कथा वाचक मानस मर्मज्ञ पंडित बृजेश पाठक रामायणी ने कहा कि जीवन में जो निश्चिंत्ता और निर्भयता दिखाई देती है, उसका मूल कारण भक्तों का विश्वास होता है। उनका मानना है कि वह प्रभु श्री राम की शरण में है और प्रभु का हाथ उनके सिर पर है। रामायण में श्री राम भी कहते हैं मेरा सच्चा सेवक वही है जो भीतर मेरा दर्शन करता हुआ सबकी सेवा में रहता है। हनुमानजी और लक्ष्मणजी ने प्रभु की सेवा नि :स्वार्थ भाव से की है। हमें इन्हें अपना आदर्श मानना चाहिए। कथा व्यास ने कहा कि राम कथा के श्रवण से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। राम कथा सुनने से मन निर्मल हो जाता है। उन्होंने राम के कल्याणकारी स्वरूपों की महिमा बताई। उन्होंने बताया कि महाभारत में जिस समय भीष्म पितामह ने अर्जुन को मारने की प्रतिज्ञा कर ली थी उस सभय सभी पांडव व्याकुल हो गए थे। अर्जुन की दशा जानने के लिए भगवान श्री कृष्ण रात में अर्जुन के शिविर में पहुंचे और उन्होंने देखा अर्जुन तो गहरी नींद में सो रहे हैं। कृष्ण ने अर्जुन को जगा कर पूछा तुम सो रहे हो, तुम्हें चिंता नहीं है तब अर्जुन ने कहा प्रभु जिस की चिंता में आप जाग रहे हैं उसे चिंता करने की क्या आवश्यकता है। निश्चिंत और निर्भय जीवन के लिए भगवान की शरण अति आवश्यक है।

### चौपाल में गिनाईं मोदी सरकार की उपलब्धियां



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के कार्यकाल के 11 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में भाजपा की ओर से नगर विधानसभा के मध्य नगर मंडल के सागर सराय सेक्टर में जाटव बस्ती में चौपाल लगाया गया। इसमें मोदी सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई गईं। मुख्य वक्ता व मुख्य अतिथि नगर निगम में उपसभापति व क्षेत्रीय पार्षद डॉ. गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि अपने कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी सरकार के देश के विकास को शिखर पर पहुंचाया है। हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं चलाईं। देश प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है। गरीबों के कल्याण के लिए सरकार की योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से सभी को मिला। विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष सूर्य मोहन शमशेरी, कार्यक्रम संयोजक गौरव गुप्ता, अनुसूचित मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हिमांशु सिंह, प्रदीप शर्मा उर्फ बंटू भाई, लक्ष्मण सिंह, अमर सिंह, ओम प्रकाश सागर, मंडल महामंत्री दीपक धवन आदि मौजूद रहे। संचालन मंडल महामंत्री आकाश भारद्वाज ने किया। मंडल उपाध्यक्ष आकाश भारद्वाज, मंडल मंत्री दीपक कश्यप, सरल शर्मा, दीपा सिंह, राजन्दरी देवी, नीलम सागर, सुनीता सागर, प्रवेश सागर, माया देवी, उर्मिला देवी, अंजू सागर, शिवानी सागर, गीता सागर, अनीता सागर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** परफेक्ट एजुकेशनल सोसायटी की ओर से फेमस इंस्टिट्यूट में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग की इंटर परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया। अदीबा अरशद ने 80 .0 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वंशिका सक्सेना 79 .2, अकदम मदनी 76 .2, मोहम्मद अरमान 70 .6, हुदा 70 .4, इरतिका अफशान 70 .6 और अनुष्का ने 70 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## ओम शिव हरि मनोकामना मंदिर का मना 19वां स्थापना दिवस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ओम शिव हरि मनोकामना मंदिर रामगंगा विहार प्रथम बी ब्लॉक का 19वां स्थापना दिवस वर्षगांठ समारोह मंगलवार को मनाया गया। सुबह पंडित हरिश चंद्र जोशी ने विधि विधान से श्रीलक्ष्मी नारायण पूजन सम्पन्न कराया। शाम को हरे राम हरे कृष्ण नाम संगीतमय संकीर्तन किया। भजन गायकों ने भजनों की प्रस्तुति दी। कहा कि हरे राम हरे कृष्ण भजन एक ऐसा मधुर संकीर्तन है, जो मन को शांति और आत्मा को सुकून प्रदान करता है। भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के नामों का संकीर्तन श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डुबो देता है। जब भी इस भजन का मधुर स्वर कानों में गूंजता है, तो मन एक अलौकिक आनंद की अनुभूति करता है और हृदय प्रेम व भक्ति से भर जाता है। शाम को आरती के बाद भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## लक्ष्य निर्धारित कर लगन से आगे बढ़ें : राज कुमार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● काउंसिलिंग सेमिनार में रेलकर्मियों के बच्चों का किया मागदर्शन

**अमृत विचार :** डीआरएम कार्यालय स्थित मनन सभागार में मंगलवार को रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिए करियर काउंसिलिंग सेमिनार आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य रेल कर्मचारियों के कक्षा 9 व उससे ऊपर के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सही मार्गदर्शन देना रहा।

सेमिनार की शुरूआत मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अजय सोयल व विद्यार्थियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य वक्ता दिल्ली से आमंत्रित करियर विशेषज्ञ विपिन सिंह व रितु ने सिविल सेवा, डिफेंस, इंजीनियरिंग, मेडिकल, चार्टर्ड अकाउंटेंसी, डिजिटल मार्केटिंग, स्किल डेवलपमेंट व सरकारी नौकरियों जैसे विभिन्न करियर विकल्पों पर विद्यार्थियों को जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बच्चों के सवालों का जवाब देते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया। मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह ने कहा कि रेलवे न केवल अपने कर्मचारियों के हित में कार्य करता है, बल्कि उनके परिवारजनों व बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए भी सतत प्रयासरत है। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य निर्धारण कर मेहनत व लगन से आगे बढ़ने की प्रेरणा देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान हित अनुभाग द्वारा उच्च तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे 10 मेधावी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप मंडल रेल प्रबंधक द्वारा चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। शेष 200 बच्चों को यह प्रोत्साहन राशि कार्यालय के माध्यम से वितरित की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन मुख्य हित निरीक्षक बिरेंद्र सिंह एवं संजय माथुर ने किया।

## पहले दिन पीटीसी पहुंचे 200 प्रशिक्षु आरक्षी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



व्यवस्था का जाएजा लेते एसपी सिटी व एसपी यातायात।

● 19 जून तक जिले में एक माह के लिए आएंगे 514 प्रशिक्षु आरक्षी

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंगलवार से सभी प्रशिक्षु आरक्षी प्रशिक्षण लेने के लिए पीटीसी में पहुंचने शुरू हो गए हैं। जनपद में एक माह के लिए 514 प्रशिक्षु आरक्षी आएंगे। सभी को 19 जून तक पहुंचने के निर्देश दिए है। पहले दिन ही 200 प्रशिक्षु आरक्षी पहुंच गए। सभी का रजिस्ट्रेशन करने के बाद बैंक खाता खुलवाया। खुलवाए गए बैंक खाते में ही सभी वेतन आएगा। उनके रुकने की व्यवस्था कर दी गई है।

जिले में एक हजार प्रशिक्षु आरक्षी प्रशिक्षण लेंगे। इसके लिए पुलिस लाइंस में पीटीसी (पुलिस प्रशिक्षण केंद्र) तैयार कर लिया है। संख्या को देखते हुए भवन तैयार किए गए हैं। उसी के अनुसार वहां पर तैयारी की गई है। पूरे प्रदेश में पुलिस प्रशिक्षण 22 जुलाई से शुरू होगा, लेकिन उससे पहले 17 जून को मुरादाबाद में जनपद सहारनपुर और शामली के 514 प्रशिक्षु आरक्षी आएंगे। यहां पर इन्हें एक माह तक रोका जाएगा। मुरादाबाद में सहारनपुर और शामली जनपद के प्रशिक्षु आरक्षी आएंगे। मंगलवार को सुबह लगभग 10 बजे से ही प्रशिक्षु आरक्षियों का पहुंचना शुरू हो गया। सीओ लाइंस राजेश कुमार, इंस्पेक्टर योगेंद्र कुमार की देखरेख में प्रशिक्षु आरक्षियों का रजिस्ट्रेशन किया गया। अधिकारियों ने बैंक कर्मियों को भी वहीं पर बुला रखा था। रजिस्ट्रेशन के बाद सभी का बैंक खाता खुलवाया गया। बैंक खाते खुलने के बाद उनके रुकने की व्यवस्था की गई।

### माता-पिता पहुंचे छोड़ने, दोपहर बाद लौटे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे से ही प्रशिक्षु आरक्षियों का महानगर में आना शुरू हो गया था। अधिकांश को उनके माता-पिता छोड़ने के लिए आए थे। दोपहर तक उनके आने का सिलसिला जारी रहा। प्रशिक्षु आरक्षियों के माता पिता भी दोपहर बाद तक रुके। जब सभी प्रशिक्षु आरक्षियों को पीटीसी भवन में भेज दिया तो साथ में आए माता-पिता वापस लौट गए। जिसके बाद प्रशिक्षु आरक्षियों ने अपनी आमद कराई।



# कार्यालय सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, मुरादाबाद सम्भाग, मुरादाबाद

पत्रांक : 606/स्वी.अनु./म.ख./परि.-ई-निविदा/2025-26 दिनांक : 17 जून 2025

## मक्का खरीद ई-टेण्डर विज्ञप्ति (परिवहन कार्य हेतु)

कार्यालय अपर आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र. जवाहर भवन, लखनऊ के कार्यालय पत्रांक-2215/अ.आ.(वि.)/मक्का, बाजरा खरीद/2023-24 लखनऊ दिनांक 10 जून 2025 के साथ संलग्न शासन के पत्र संख्या-377/29-4-2025-ई-29-4/82/2025 लखनऊ दिनांक 10 जून 2025 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत मक्का खरीद हेतु जारी किये जाने हेतु जारी समय-सारणी के बिन्दु संख्या-10 में हैण्डलिंग/परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति ई-टेण्डरिंग माध्यम से किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है, जिसके निर्देशों के अनुपालन में मुरादाबाद सम्भाग के जनपद रामपुर व सम्भल में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत खाद्य विभाग की विपणन शाखा के प्रस्तावित मक्का क्रय केन्द्रों पर परिवहन कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन-ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। परिवहन कार्य हेतु निविदाएं पृथक-पृथक प्राप्त की जायेगी। खाद्य विभाग की विपणन शाखा के केन्द्रवार संलग्न सूची के अनुसर जनपद रामपुर में 04 क्रय केन्द्र व जनपद सम्भल में 06 क्रय केन्द्र इस प्रकार सम्भाग में कुल 10 प्रस्तावित मक्का क्रय केन्द्रों पर परिवहन कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। यदि जिलाधिकारी द्वारा प्रस्तावित क्रय केन्द्रों में से किसी क्रय केन्द्र का चयन नहीं किया जाता है अथवा चयन के उपरान्त निरस्त किया जाता है तो क्रय केन्द्रों हेतु डाली गयी समस्त परिवहन कार्य की निविदायें निरस्त समझी जायेंगी अथवा निविदा सम्बन्धी आदेश स्वत: निरस्त समझा जायेगा। परिवहन कार्य हेतु एस.एल.सी. द्वारा निर्गत एस.ओ.आर. से 10 प्रतिशत कम से अधिक कम दर की निविदाएं स्वीकार नहीं की जायेंगी।

1. प्रति केन्द्र निविदा प्रपत्र शुल्क रूपये 500+90=590/- (मात्र पांच सौ नब्बे रूपये, जी.एस.टी. सहित)
2. प्रति केन्द्र धरोहर धनराशि रूपये 15,000/- (मात्र पन्द्रह हजार रूपये)
3. सम्भागीय वरिष्ठ लेखाधिकारी (खाद्य), मुरादाबाद सम्भाग मुरादाबाद के खाता सं. 34446938072 एवं आई.एफ.एस.सी. कोड-SBIN0000682 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी./ऑनलाइन के माध्यम से जमा किया जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ पृथक-पृथक निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि की ''स्कैन्ड कॉपी'' ऑनलाइन निविदा प्रपत्रों के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी।
4. निविदा अपलोड किये जाने की दिनांक 17.06.2025 की सायं 05:00 बजे से दिनांक 23.06.2025 के अपरान्ह 12:00 बजे तक तथा टेक्निकल बिड खोले जाने की दिनांक 23.06.2025 के अपरान्ह 12:00।
5. टेक्निकल बिड परीक्षाणोपरान्त स्वीकार्य/अर्ह पाये जाने वाले निविदादाताओं की फाइनेंशियल बिड निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी।
6. इच्छुक निविदादाता ऑनलाइन वेबसाइट https://etender.up.nic.in एवं विभागीय वेबसाइट www.fcs.up.gov.in पर अवलोकन करते रहें, चूंकि निविदा का विवरण एवं प्रपत्र, टेन्डर फार्म में नियम एवं शर्तें/निविदा की शर्तें, निर्धारित प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण निविदा खुलने की तिथि एवं निविदा सम्बन्धी अन्य सम्बन्धित जानकारी तथा निविदा की किसी भी शर्त में परिवर्तन तथा शुद्धि पत्र आदि की जानकारी उक्त ऑनलाइन वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे व निविदा सूचना के अनुसार निविदासम्बन्धी जानकारी ऑनलाइन/ऑफलाइन अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक, मुरादाबाद सम्भाग मुरादाबाद के पास सुरक्षित रहेगा।

**सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक**
**मुरादाबाद सम्भाग, मुरादाबाद**

**आज का मौसम**

धूप व हल्के बादलों के बीच बूंदाबांदी हो सकती है।

35.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:17 | सूर्यास्त 07:15

## रेहड़ी पटरी वाले कारोबारियों का सड़क की पटरियों से नहीं छूट रहा मोह

# वेंडिंग जोन बना वाहनों का अवैध पार्किंग स्थल, फुटपाथ पर अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नगर निगम द्वारा सिविल लाइंस में बनवाए गए वेंडिंग जोन खाली
- अनाधिकृत तरीके से लग रहीं फुटपाथ पर दुकानें

**अमृत विचार:** नगर निगम द्वारा वेंडिंग जोन बनवाने के बाद भी फुटपाथ पर अतिक्रमण कर रेहड़ी पटरी वाले कारोबार कर रहे हैं। जबकि सुविधायुक्त वेंडिंग जोन वाहनों का अवैध पार्किंग स्थल बन गया है। जो भी आता है मनमर्जी से यहां दोहपिया व चार पहिया वाहन खड़ा कर चल देता है। वहीं फुटपाथ पर दुकान लगने से सड़क पर जाम लगता है।

महानगर को सुंदर व व्यवस्थित करने के लिए नगर निगम ने सिविल लाइंस में जिला अस्पताल के सामने वेंडिंग जोन बनवाया है। इसमें दुकानें बनवाकर शुद्ध पेयजल आदि का प्रबंध किया है। लेकिन वेंडिंग जोन खाली पड़ा है। एक भी दुकान आवंटित न होने से वेंडिंग जोन वाहनों का अवैध पार्किंग स्थल बन गया है। दो पहिया, चार पहिया वाहनों को खड़ा कर लोग आराम से आसपास अपना कार्य करने चले जाते हैं। यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी शाम और रात में लग रहा है। निगम के इस वेंडिंग जोन के आगे फुटपाथ पर रेहड़ी पटरी वाले दुकानें लगाकर कारोबार कर रहे हैं। जिससे यहां सड़क पर जाम लगने के साथ ही गंदगी भी पसरी रहती है। जबकि सिविल लाइंस का पॉश क्षेत्र होने के चलते यहां हर समय जिले के उच्चाधिकारियों, अधिवक्ताओं व अन्य वर्ग के लोगों की आवाजाही रहती है। लेकिन वेंडिंग जोन के आसपास अतिक्रमण से इसकी सार्थकता समाप्त हो रही है।



वेंडिंग जोन में खड़े वाहन। ● अमृत विचार

यही नहीं जिला अस्पताल के गेट पर भी ठेले पर चाट, छोले चावल आदि की दुकानें लगाने और आटो चालकों द्वारा मनमाने तरीके से वाहन खड़ा करने से जाम लगने पर मरीजों को लेकर आते जाते समय एंबुलेंस को भी रास्ता नहीं मिलता है। यह स्थिति तब है जब यहां सिविल लाइंस पुलिस थाना और महिला थाना के साथ ही पुलिस क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस का कार्यालय भी है। फिर भी इस क्षेत्र में अवांछित तरीके से कारोबार करने वाले राज कर रहे हैं।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल का कहना है कि महानगर को व्यवस्थित करने के लिए सिविल लाइंस, कंपनी बाग, कुक्कुटशाला व अन्य कई जगहों पर वेंडिंग जोन स्थापित किया गया है। इससे सड़क पर अतिक्रमण न होने से जाम भी नहीं लगेगा और महानगर का सौंदर्य भी बना रहेगा। जो भी अनाधिकृत तरीके से दुकानें लगाते हैं निगम के प्रवर्तन दल द्वारा कार्रवाई की जाती है। पुलिस को भी इन जगहों पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्रवाई करनी चाहिए।

# छात्राओं को आत्मरक्षा का मिलेगा प्रशिक्षण

- प्रशिक्षक को प्रति माह 5000 रुपये मिलेगा मानदेय

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के चयनित 34 राजकीय हाईस्कूल एवं इंटर कॉलेजों में पढ़ने वाली छात्राओं को माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से मार्शल आर्ट, जूडो, ताइक्वांडो और कराटे सिखाने की पहल की गई है। छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक के स्तर से प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षित मार्शल आर्ट के ब्लैक बेल्ट धारक ट्रेनर की भर्ती की जाएगी। इसके लिए 20 जून तक आवेदन लिए जाएंगे।

जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र पांडेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रशिक्षण के लिए इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 20 जून तक आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षकों को प्रतिदिन 40 मिनट का प्रशिक्षण देना होगा। जिसके लिए उन्हें प्रतिमाह 5000 रुपये और तीन महीने में अधिकतम 15,000 रुपये का मानदेय भुगतान किया जाएगा। महिला प्रशिक्षकों के साथ ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में कार्य करने के इच्छुक प्रशिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रशिक्षण में जूडो, ताइक्वांडो, कराटे में ब्लैक बेल्ट प्राप्त खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। अनुपलब्धता की स्थिति में पुरुष प्रशिक्षकों का चयन भी किया जा सकेगा। जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

## एक नजर

### मां की डांट से नाराज किशोर हुआ लापता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रेलवे कॉलोनी निवासी किशोर मां की डांट से नाराज होकर घर से बिना बताए कहीं चला गया। मां ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। रेलवे कालोनी निवासी शालिनी जेम्स के अनुसार उन्होंने अपने बेटे अभिनव को डांट-फटकार लगाई गई थी, क्योंकि वह अक्सर देर रात तक बाहर रहता था। इससे नाराज होकर वह बिना बताए घर से चला गया और अब तक वापस नहीं लौटा है। परिजनों ने रिश्तेदारी और आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। अभिनव का मोबाइल फोन घर पर ही मिला है, जिससे परिजनों की चिंता और बढ़ गई है। मां ने बताया कि उसके बेटे की उम्र 16 वर्ष है। वहीं कोतवाली नगर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से तलाश कर रही है।

### डीएम ने जमीन कब्जा मुक्त कराने का दिया निर्देश

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** छजलैट ब्लॉक के गांव शेखुपुरा इंतजाम अली में कुछ लोगों ने तालाब की आराजी पर मकान बना लिए हैं। इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की गई है। जिलाधिकारी ने एसडीएम कांठ को जांच कर तालाब की जमीन को कब्जा मुक्त कराने और दोषियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। गांव शेखुपुरा इंतजाम अली के रहने वाले सचिन, अजेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, रामसरन ने जिलाधिकारी से गांव में कई वर्ष पूर्व जल संरक्षण के बने तालाब की जमीन पर गांव के लोगों द्वारा मकान बनाने की शिकायत की। सचिन ने कहा कि 10 वर्ष पहले सिंचाई के लिए सरकार द्वारा तालाब को दोबारा खोदवाया गया था। लेकिन पानी सूखने के बाद गांव के रहने वाले कुछ लोगों ने तालाब की जमीन पर कब्जा कर मकान का निर्माण कर लिया है। इसमें लेखपाल की मिलीभगत है। डीएम ने एसडीएम कांठ से जांच कर आरोप सही पाए जाने पर तालाब की जमीन को कब्जा मुक्त कराने और कार्रवाई के निर्देश दिए।

# दिल्ली रोड पर दोनों ओर फुटपाथ के पीछे लगाए जाएंगे यूनीपोल

## नगर निगम की विज्ञापन से अतिरिक्त आय बढ़ाने पर स्टेक होल्डर्स ने दी सहमति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- दिल्ली रोड के जीरो प्वाइंट पर इंडीकेटर व साइनेज बोर्ड लगाएं : मंडलायुक्त
- मंडलायुक्त की अध्यक्षता में दिल्ली रोड पर अनुरक्षण के कार्यों की बैठक में समीक्षा हुई

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय सभागार में मंगलवार को दिल्ली रोड पर अनुरक्षण संबंधी कार्यों की प्रस्तुतीकरण कर समीक्षा की गई। दिल्ली रोड के उच्चीकरण और रामपुर रोड के चौराहों के रिमॉडलिंग कार्य के बारे में पुलिस अधीक्षक (यातायात) ने बताया कि रामपुर दोराहा पर एमडीए द्वारा निर्माणाधीन रोटरी के डिजाइन पर पुर्नविचार करने की आवश्यकता है।

अधिशासी अभियन्ता मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने बताया कि इस स्थान पर क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र लखनऊ द्वारा तैयार डिजाइन के आधार पर डिमार्केशन करने पर तिराहे पर भारी और लंबे वाहनों के आने जाने में कठिनाई होती इसे देखते हुए रोटरी की साइज को छोटा किया गया है। निर्माण स्थल के बैरिकेट करने के बाद भी भारी वाहनों का सुगमता से आवागमन हो रहा है। मंडलायुक्त ने पुलिस अधीक्षक (यातायात) और अधिशासी अभियन्ता प्राधिकरण को स्थलीय निरीक्षण कर जरूरी सुधार कराने के लिए निर्देश दिया।



बैठक में समीक्षा करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, साथ में अन्य अधिकारी।

मंडलायुक्त ने दिल्ली रोड मोबिलिटी कॉरीडोर पर अतिरिक्त जन-सुविधाएं जैसे महिला/पुरुष टायलेट, जीरो प्वाइंट दिल्ली रोड चौराहे पर फुट ओवर ब्रिज, सड़क सुरक्षा के लिए इंडीकेटर, ट्रैफिक साइनेज बोर्ड और सोलर कैट आइज लगाने का निर्देश दिया। फुटओवर ब्रिज के निर्माण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण कर प्रस्तावित स्थल को चिह्नित करने के लिए कहा। दिल्ली रोड के प्रमुख तिराहा और चौराहा पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने का निर्देश दिया। दिल्ली रोड और रामपुर रोड के कई चौराहों के रखरखाव के लिए लाइसेंस-फी मॉडल पर वित्तीय स्रोत जुटाने के संबंध में प्रस्तुतीकरण किया। जिसमें प्राधिकरण द्वारा दिल्ली रोड पर सेन्ट्रल वर्ज में विज्ञापन बोर्ड लगाने के बारे में बताया। सड़क के दोनों ओर फुटपाथ के पीछे यूनीपोल लगाकर विज्ञापन किया जाएगा। बस शेल्टर का निर्माण कराकर इस पर भी विज्ञापन डिस्पले किया जाएगा। जीरो प्वाइंट (नया मुरादाबाद योजना की 60 मीटर रोड का दिल्ली रोड पर जंक्शन प्वाइंट) पर अर्बन विस्ता के माध्यम से विभिन्न प्लेस मेकिंग/सोशल गैदरिंग गतिविधियों के माध्यम से विज्ञापन (बिल बोर्ड), सीमित संख्या में क्योस्क एवं अन्य स्त्रोतों से आय प्राप्त करने का वित्तीय मॉडल प्रस्तुत किया। जिस पर सभी स्टेक होल्डर्स विभाग ने सहमति दी। बैठक में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि दिल्ली रोड उच्चीकरण कार्य के अनुरक्षण के लिए विज्ञापन से प्राप्त होने वाली आय के संबंध में अनापत्ति जारी कर दी है। बैठक में उपाध्यक्ष मुरादाबाद विकास प्राधिकरण अनुभव सिंह के अलावा प्राधिकरण सचिव, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गुलाब चंद्र, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, पुलिस अधीक्षक (यातायात), अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों को फिर पढ़ाने का मौका, 29 जून तक कर सकते हैं आवेदन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक और प्रवक्ता के रिक्त पदों को भरने के लिए एक बार फिर सेवानिवृत्त शिक्षकों को अवसर दिया जा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की ओर से अल्पकालिक वैकल्पिक व्यवस्था के अंतर्गत 1 जुलाई 2025 से पूर्व तक या चयनित अभ्यर्थियों के आने तक जो भी पहले हो शिक्षण कार्य के लिए योग्य सेवानिवृत्त शिक्षकों से आवेदन मांगे गए हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र पांडेय ने बताया कि योजना के तहत वही शिक्षक पात्र होंगे जो किसी राजकीय या सहायता प्राप्त विद्यालय से सेवानिवृत्त हुए हों और जिनकी उम्र 1 जुलाई 2025 को 70 वर्ष से कम हो। आवेदन पत्र 29 जून की शाम 5 बजे तक पंजीकृत डाक या सीधे जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। निर्धारित तिथि व समय के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रवक्ता के लिए 20,000 प्रतिमाह, सहायक अध्यापक के लिए 15,000 रुपये प्रतिमाह का भुगतान किया जाएगा। शिक्षकों की नियुक्ति अस्थायी और केवल ग्रीष्मावकाश तक या नियमित नियुक्ति तक ही प्रभावी होगी। यह पूल अस्थायी होगा जिसे कभी भी बिना पूर्व सूचना के समाप्त किया जा सकता है।

## सार-संक्षेप

### झांसे में लेकर युवक से एक लाख की मांग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर आरोपी महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना मझोला क्षेत्र के जवाहर नगर निवासी युवक ने एसएसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसका बेटा लगभग एक माह पूर्व कोकरपुरी स्थित रॉयल बैंक्वेट हॉल में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुआ था। वहां उसकी मुलाकात दो अज्ञात महिलाओं से हुई, जिन्होंने उसके बेटे से किसी व्यक्ति से बात करने के लिए उसका मोबाइल फोन मांगा। जिसके बाद बेटा घर आ गया। कुछ दिनों बाद एक महिला ने खुद को गुलशन बताते हुए उसके बेटे को कॉल की और कहा कि मैं वहीं महिला हूं, जिसने शादी समारोह में फोन लिया था। गुलफसा ने वीडियो कॉल के जरिए उसके बेटे की तस्वीरें लीं और अब उस पर दबाव बना रही है कि यदि वह एक लाख रुपये नहीं देगा तो वह उसके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करा देगी। थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर दोनों नामजद महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है, और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कुटीर एवं हस्तशिल्प उद्योगों का होगा सर्वेक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने कार्यालय सभागार में मंगलवार को मंडल में कुटीर, लघु एवं हस्तशिल्प उद्योगों की वर्तमान स्थिति, संभावनाओं एवं चुनौतियों के समग्र मूल्यांकन के लिए बैठक में समीक्षा की। अमरोहा, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर व सम्भल के जिला उद्योग केंद्रों के अधिकारियों के साथ इस पर चर्चा हुई। प्रस्तावित औद्योगिक सर्वेक्षण (विशेष रूप से कुटीर एवं हस्तशिल्प उद्योगों पर) की रूपरेखा पर विचार किया गया। प्रशिक्षु आईएएस कुनाल ने सर्वेक्षण के उद्देश्य, बिंदुओं व अपेक्षित सूचनाओं के बारे में बताया। मंडलायुक्त ने कहा कि उद्योग क्षेत्र से उत्पाद की तकनीक, उत्पादन प्रक्रिया, विपणन, श्रमिक भागीदारी, सरकारी योजनाओं का लाभ, प्रमुख समस्याएं व संभावनाओं की जानकारी जीपीएस लोकेशन व फोटो सहित डिजिटल पोर्टल पर अपलोड की जाए। ओडीओपी और जीआई टैग प्राप्त उत्पादों की भौगोलिक एवं आर्थिक स्थिति की अपडेट रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। बैठक में डिप्टी कमिश्नर गजेन्द्र प्रताप सिंह, संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, सम्भल को छोड़कर अन्य जिलों के अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### झूला झूलने को लेकर मारपीट, 4 पर रिपोर्ट दर्ज

**मुरादबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के काजीपुरा अगवानपुर में सोमवार रात झूला झूलने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष के चार लोगों ने दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। मारपीट में एक युवक व उसका भाई घायल हो गए, जिनके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भिजवाया। पीड़ित की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के गांव काजीपुरा अगवानपुर निवासी दानिश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार रात 10 बजे उसका छोटा भाई झूला झूलने मेले में गया था, जहां इस्लाम का पोता भी मौजूद था। इसी दौरान बच्चों के बीच कहासुनी हो गई, बात बाद में बड़ों तक पहुंच गई। आरोप है कि इसके बाद इस्लाम के बेटे कल्वा व इकराम, अरबाज और नफीस ने दानिश व उसके भाई फरमान के साथ मारपीट की, जिसमें फरमान के सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी और भाग गए। थाना सिविल लाइंस के प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद , अमृत विचार :** थाना गलशहीद क्षेत्र में रहने वाली महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी घर में अकेली थी। इसी दौरान गलशहीद के असालतपुरा निवासी नौशाद उसके घर में घुस आया। आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। किशोरी से शिकायत करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद भी आरोपी ने पीड़िता के साथ कई बार दुष्कर्म किया। जिससे वह गर्भवती हो गई। किशोरी ने अपनी मां को इसकी जानकारी दी। तब महिला आरोपी के घर शिकायत करने पहुंची तो आरोपी के पिता और परिवार के लोगों ने शादी करने का झांसा दिया और पीड़िता का गर्भपात करा दिया। इसके बाद आरोपी शादी के लिए तैयार नहीं हुए। पीड़िता की मां ने दोबारा इसकी शिकायत की तो आरोपी नौशाद, उसके पिता मकसूद, मां नूरसाया, बहन रूबी, अलीसा, मुस्कान, जैनब, फैजान उर्फ सलमान, आमिर और नगमा ने गाली गलौच व अभद्रता की। इसके बाद महिला के साथ मारपीट कर उसे अपने घर से भगा दिया। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। इस मामले में एक आरोपी नौशाद को गिरफ्तार कर लिया गया है। मंगलवार दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

# टीएमयू में आज से होगा योग महोत्सव का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पब्लिक हेल्थ पर योग की भूमिका का एक दशकीय प्रभाव का आंकलन विषय पर होगा सेमिनार

**अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां तेज हो गई हैं। 18 जून से लेकर 21 जून तक योग पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।

स्टूडेंट्स वेलफेयर के डीन प्रो. एमपी सिंह ने बताया विश्वविद्यालय में छात्र- छात्राओं के शारीरिक फिटनेस के लिए योग फोर वन अर्थ, वन हेल्थ के क्रम में फिजियोथैरेपी डिपार्टमेंट फैकल्टी ऑफ एजुकेशन और फिजिकल एजुकेशन की ओर से साझा योग इंपैक्ट पर 18 जून को नेशनल सेमिनार होगी। विभाग की एचओडी व कार्यक्रम संयोजक प्रो. शिवानी एम कौल ने बताया कि पब्लिक हेल्थ पर योग की भूमिका का एक दशकीय प्रभाव का आकलन विषय पर आयोजित सेमिनार पर योग में पीएचडी व देव संस्कृति यूनिवर्सिटी के डीन एकेडमिक्स डॉ. ईश्वर भारद्वाज के साथ मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर ऑफ मेडिसिन डॉ. तुंगवीर सिंह आर्य आदि व्याख्यान देंगे। वीसी प्रो. वीके जैन मेडिकल के एलटी 2 में सुबह दस बजे सेमिनार का उद्घाटन करेंगे। फैकल्टी ऑफ एजूकेशन के प्रिंसिपल डॉ. विनोद जैन ने बताया कि सेमिनार में योग पर करीब 20 एक्सपर्ट्स अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। 19 जून ग्रीन योगा के रूप में मनाया जाएगा। 20 जून को वर्चुअली योगा कॉन्क्लेव होगा। इसमें योग एक्सपर्ट्स, हेल्थकेयर्स प्रोफेशनल्स आदि अपने विचार साझा करेंगे। 21 जून को योग के साथ मेडिटेशन का सत्र होगा।

# बल्ली, बांस, बालू की बोरियों की रखें व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- राहत शिविरों में शौचालय, प्रकाश, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था कराने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश
- जिले में बाढ़ की दृष्टि से 78 गांव संवेदनशील, कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ से पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में बाढ़ से पूर्व तैयारियों की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में की गई। जिलाधिकारी ने बाढ़ चौकियों व शरणालयों में संबंधित विभागों के कर्मियों को नियुक्त करते हुए जिम्मेदारी तय करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने तहसीलों के उपजिलाधिकारी/तहसीलदार को स्थलीय निरीक्षण कर एसओपी के अनुसार बाढ़ से बचाव के लिए व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए कहा। उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील मुख्यालय से राहत शिविर, बाढ़ चौकी कितनी दूरी पर बनाए जाने हैं और कौन-कौन से अधिकारियों/कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी, यह सुनिश्चित कर लें। बाढ़ राहत शिविरों में शौचालय, प्रकाश, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था रखने के लिए कहा। स्वास्थ्य केंद्रों पर एंटी स्नेक वेनम व एन्टी रैबीज की इंजेक्शन व दवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।



बैठक में समीक्षा करते जिलाधिकारी अनुज सिंह, साथ में अन्य अधिकारी।

जिलाधिकारी ने कहा कि अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व और पुलिस अधीक्षक व अधिशासी अभियन्ता सिंचाई/बाढ़ खण्ड के साथ संभावित कटान वाले स्थानों का निरीक्षण कर लें। जिलाधिकारी ने बाढ़ खण्ड, सिंचाई और लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ताओं को निर्देश दिया कि पिछले वर्ष बाढ़ प्रभावित स्थानों व संवेदनशील स्थलों को चिह्नित कर रिजर्व स्टाक में बल्ली, बांस, बालू, बोरियों का पर्याप्त भण्डारण करा लें। उन्होंने कहा कि गोताखोतों की सूची बनाकर उनको प्रशिक्षित कर लें। नाव की समुचित व्यवस्था कराने के लिए कहा।

जनपद के 78 गांव बाढ़ संवेदनशील है इनमें आपदा समिति की बैठक नियमित रूप से कराएं। बाढ़ शरणालय, सामुदायिक किचन, बाढ़ चौकी, बाढ़ संवेदनशील घाट, खोज एवं बचाव दल की व्यवस्था कराने के लिए कहा। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय, उपजिलाधिकारी सदर डॉ. राममोहन मीना, उपजिलाधिकारी कांठ, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के अलावा सभी खण्ड विकास अधिकारी, एक्सईएन सिंचाई, लोनिवि सहित अन्य अधिकारी रहे।

# युवक पर जानलेवा हमला, दो पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- दो हमलावरों ने हथियार से किया वार, वाहन का टायर भी फाड़ा
- विद्युत वितरण खंड-1 कार्यालय में किया हमला

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में विद्युत वितरण खंड-1 कार्यालय में एक युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमला करने का आरोप एक कारोबारी परिवार के बेटों पर लगा है। हमलावरों ने युवक की गाड़ी का टायर भी फाड़ दिया। राहगीरों ने बीच-बचाव कर पीड़ित की जान बचाई। तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

थाना मझोला क्षेत्र के दिल्ली रोड मझोला निवासी अंकुश बंसल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार को वह किसी प्रार्थना पत्र के सिलसिले में सिविल लाइंस स्थित विद्युत वितरण खंड-1 कार्यालय पहुंचे थे। आरोप है कि वहीं से किसी ने फोन कर पवन बंसल और उसके बेटे प्रखर अग्रवाल निवासी मानसरोवर कॉलोनी को मौके पर बुला लिया। आते ही प्रखर अग्रवाल ने अंकुश बंसल की गाड़ी के टायर को धारदार हथियार से फाड़ दिया और टोकने पर उस पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान पवन बंसल ने गाली-गलौच करते हुए अंकुश के कान पर वार किया जिससे उसका कान का पर्दा फट गया। आरोप है कि हमला करने के दौरान दोनों यह कहते सुने गए कि आज इसका काम ही तमाम कर देंगे, बहुत शिकायतें करता है। घटना के कुछ देर बाद पवन बंसल का दूसरा बेटा शौर्य अग्रवाल भी कुछ अज्ञात लोगों के साथ वहां पहुंचा, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया। शोर सुनकर राहगीरों ने बीच-बचाव कर अंकुश को हमलावरों से छुड़ाया। अपनी जान बचाने के लिए अंकुश ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी और तत्काल क्षेत्राधिकारी कार्यालय की ओर भागकर शरण ली। भागते समय हमलावरों ने जान से मारने की धमकी दी। थाना सिविल लाइंस के प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर पवन बंसल व प्रखर अग्रवाल के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# फल लेने गए किशोर पर हमला, 5 पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोर के साथ कुछ युवकों ने बेवजह मारपीट कर दी। पीड़ित किशोर अपनी मां के कहने पर फल लेने गया था, तभी वहां मौजूद युवकों ने उसे घेर लिया और गाली-गलौच करते हुए हमला कर दिया। पुलिस ने चार नामजद और एक अज्ञात पर मामला दर्ज कर लिया है।

थाना कटघर के करूला इस्लामनगर निवासी शहाना परवीन ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसका 16 वर्षीय बेटा अरमान सोमवार रात लगभग 9 बजे ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के पास फल लेने गया था। वहीं पर पहले से मौजूद रजा, जुनेद, समीर, अदल और कुछ अज्ञात युवकों ने उसे घेरकर बिना किसी कारण के गाली-गलौच करते हुए बुरी तरह मारपीट कर दी। पीड़िता के अनुसार, मारपीट के दौरान अरमान की कमर पर गंभीर चोटें आईं और आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। थाना कटघर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि किशोर की मां की तहरीर के आधार पर चार नामजद और एक अज्ञात युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच जारी है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## हरिद्वार से दिल्ली और लखनऊ के बीच समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि ट्रेन 04328 (हरिद्वार–दिल्ली) व 04327 (दिल्ली–हरिद्वार) का संचालन 18 जून से 20 जून 2025 तक प्रतिदिन किया जाएगा। इन ट्रेनों में सामान्य, स्लीपर एवं वातानुकूलित कोच लगाए जाएंगे। दोनों दिशाओं में ये ट्रेनें हरिद्वार, रूड़की, टपरी, मुजफ्फरनगर, मेरठ सिटी, मोदीनगर, गाजियाबाद और दिल्ली शाहदरा स्टेशनों पर ठहरेंगी। जबकि ट्रेन 04330 (हरिद्वार–लखनऊ) दिनांक 18 और 20 जून तथा ट्रेन 04329 (लखनऊ–हरिद्वार) 19 और 21 जून को चलाई जाएगी। गाड़ियों में स्लीपर और सामान्य श्रेणी के कोच होंगे।

# विवाहिता को जहरीला पदार्थ खिलाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता को जबरन जहरीला पदार्थ खिलाकर जान से मारने की कोशिश की गई। पीड़िता की हालत गंभीर बनी हुई है और वह निजी अस्पताल में भर्ती है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास और ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जनपद अमरोहा के गांव तिगरिया खादर निवासी उदल सिंह ने बताया कि अपनी बेटी दीपा की शादी 8 दिसंबर 2023 को रवि कुमार निवासी सरस्वती धर्मशाला के पास लाइनपार के साथ की थी। उन्होंने शादी में 30 लाख रुपये का खर्च किए थे। पुलिस को दी तहरीर में उदल सिंह ने बताया कि शादी के कुछ समय बाद ही बेटी का पति रवि कुमार, उसके पिता रामचरन और मां कमलेश ने और अधिक दहेज की मांग शुरू कर दी। विवाहिता के पिता के अनुसार 15 जून की दोपहर लगभग 2 बजे उनकी बेटी दीपा को जहरीला पदार्थ खिलाया। आनन-फानन में दीपा को दिल्ली रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसे लावारिस हालत में छोड़कर आरोपी फरार हो गए। थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर पति रवि कुमार, ससुर रामचरन और सास कमलेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच जारी है और उचित कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### पोस्टमैन की साइकिल और डाक चोरी

**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ के मोहल्ला फकीर गंज निवासी सुरेश चंद पुत्र सुख सिंह डाकघर कांठ में कार्यरत हैं। सोमवार दोपहर 2 बजे के वह विशनपुरा मोहल्ले में डाक वितरण करने जा रहे थे। जैसे ही साइकिल खाली करके वह राजवीर सिंह पुत्र राम सिंह राजपूत के घर उनकी डाक देने पहुंचे तो अज्ञात दो व्यक्तियों ने साइकिल और उस पर रखा डाक का थैला चुरा लिया और फरार हो गये। जब सीसीटीवी कैमरे आदि चेक किये लेकिन चोरों का पता नहीं चला। सुरेश चंद्र ने थाना कांठ पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### प्याऊ का हुआ उद्घाटन

**डिलारी, अमृत विचार :** गांव बहेड़ी ब्रहमनान में कांठ विधायक कमाल अख्तर की निधि द्वारा प्याऊ का उद्घाटन गांव निवासी नजाकत अली ने राहगीरों को पानी पिलाकर किया। कहा कि गर्मी में जल सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाने को 12 स्थानों पर भी प्याऊ लगाई जाएगी। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी इरशाद अली निजामी ने कहा कि पानी पिलाने से सबाब मिलता है। इस मौके पर अनीस सैफी, राशिद मंसूरी, अरमान, डॉ. शकील, युसूफ, इरशाद अली रहे।

### दो चरस तस्कर गिरफ्तार

**डिलारी, अमृत विचार :** थाना पुलिस ने अभियान चलाकर दो चरस तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। गांव काजीपुरा निवासी पीरा और इबले हसन गांव बाजिदपुर की पुलिया के पास 1-1 किलो चरस लेकर घूम रहे थे। सूचना पर थाना पुलिस ने जंगल की घेराबंदी कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 2 किलो चरस बरामद हुई। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### एक सप्ताह से लापता युवक की गुमशुदगी दर्ज

**भोजपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला फतेहपुरी निवासी ग्रामीण ने 23 वर्षीय बेटे अजीम की गुमशुदगी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में ग्रामीण ने कहा है कि मंदबुद्धि बेटा घूमने के लिए 8 जून को घर से बाहर निकला था। रिश्तेदारी एवं आस-पास में तलाश करने पर भी उसका कोई पता नहीं चला है। पुलिस ने युवक की गुमशुदगी दर्ज कर उसका पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# लोगों को मिल रहा केंद्र की योजनाओं का लाभ

## विधायक ने मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में बताया

संवाददाता, कुंदरकी



विधायक का सम्मान करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकसित भारत का अमृतकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष के अंतर्गत कुंदरकी विधानसभा के ग्राम चितुपुर कार्यक्रम हुआ। जीशान अंसारी एवं हिसामपुर मुंडी मिलक में डॉ. रेहान व मुजाहिद प्रधान के आवास पर हुए ग्राम चौपाल कार्यकम में शामिल होकर कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में लागू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

विधायक कुंदरकी ने ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने गरीब, किसान, महिला और युवाओं के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। विधायक ने उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जनधन खाते, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुफ्त राशन और हर घर जल योजना जैसी प्रमुख योजनाओं की चर्चा की। यह भी बताया कि इन योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 साल देश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज किए जाएंगे। यह कार्यकाल आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण की नींव साबित हुआ है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को लेकर सरकार जनता की सेवा कर रही है। सरकार की नीतियों के कारण भारत विश्व के लिए रोल मॉडल बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण, कृषि सुधार, महिला सशक्तिकरण के साथ ही युवाओं के लिए डिजिटल इंडिया व स्टार्टअप इंडिया ने क्रांति लायी है। जनता का जो अपार समर्थन और स्नेह मिला, वह हमें और भी अधिक सेवा के लिए प्रेरित करता है। आइए, हम सभी मिलकर जनहित और विकास की इस यात्रा को और मजबूत करें। इस अवसर पार्टी पदाधिकारी एवं ग्रामवासी रहे।



भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# बालाजी दरबार एवं कमलनाथ आश्रम में हवन कर प्रसाद बांटा

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** ग्राम गुलड़िया बहादुरपुर में स्थित श्री बालाजी दरबार एवं कमलनाथ आश्रम पर संत बाबा तेजराम उर्फ कमलनाथ के नेतृत्व में भंडारा कराया गया। ग्राम गोपालपुर निवासी जयप्रकाश सिंह की मनोकामना पूर्ण होने पर श्री बालाजी दरबार एवं कमलनाथ आश्रम के संस्थापक संत बाबा तेजराम उर्फ कमलनाथ के नेतृत्व में सामूहिक रूप से हवन, सुंदरकांड, रामस्तुति, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण, शनि चालीसा, आरती के पश्चात भंडारे का आयोजन किया। इससे पूर्व शनि सेवक सुरेन्द्रनाथ ने श्री शनिदेव जी का चोला अर्पित किया। इस अवसर पर मुखराम कुमार, सतपाल सिंह, मानू, अरविन्द कुमार, अरविन्द चिकारा, वेदप्रकाश शर्मा, विकास विश्नोई, डॉ. चन्द्रहास, अमर सिंह, राजीव कुमार, सुनील कुमार, विपिन कुमार, चंद्रपाल सिंह, अर्जुन, नीरज, मुकेश कुमार, धर्मेंद्र यादव, शनिसेवक सुरेन्द्रनाथ, यश, शीला देवी, अर्चना, अंजू, मंजू, ज्योति, मनीषा, निहारिका, चंचल, निक्की, रेखा, अमरवती, छाया, विमला, बबीता, नीतू, डॉ. हरिओम सिंह आदि सेवक मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### पुलिस में चयनित होने पर प्रियांशु का स्वागत



**बिलारी, अमृत विचार :** गांव उमरारा से पहली बार उत्तर प्रदेश पुलिस में गांव के युवक का चयन हुआ है। प्रियांशु गुप्ता का ट्रेनिंग पर जाते समय ग्राम वासियों ने स्वागत किया। प्रियांशु ने गांव के और युवाओं से भी मेहनत कर सरकारी नौकरियों में जाने की अपील की है। प्रियांशु के पिता प्रधान प्रतिनिधि गजराम सिंह प्रजापति, शर्मिला देवी, मयंक गुप्ता, दीपक कश्यप, गजराम सिंह प्रजापति, भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि कुमार पासी, प्रकाश सिंह पासी, हरपाल सिंह, गिर्राज सिंह, महिलाल सागर, चिंकू प्रजापति सोमवीर सिंह प्रजापति मौजूद रहे। इसके अलावा रायपुर के सुधीर कुमार, रिंकू मौर्या मिठनपुर, हरीश सैनी अमरपुर काशी, सत्येंद्र चौधरी नियामतपुर, गजेंद्र और अमित कुमार, पंकज कुमार बिलारी, प्रियांशु अहरौला, हिमांशु खनुपूरा, सुधीर मौर्य रायपुर, मनीष चौधरी बिलारी, विपिन हरौरा, अंशुल बिलारी, इनसल चौधरी टांडा, शिवानी शर्मा नगलिया जट, साक्षी शर्मा बिलारी, प्रियांशु शर्मा बिलारी, सोनम चौधरी पहाड़पुर, पूजा मौर्य रायपुर, प्रियांशी शर्मा ओम बिहार, सुमित कुमार धर्मपुर कला का उत्तर प्रदेश पुलिस में चयन हुआ है।

### उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनितों का किया सम्मान

**छजलैट, अमृत विचार :** विद्या गुरु कोचिंग इंस्टीट्यूट छजलैट में उप्र पुलिस भर्ती भर्ती में चयनितों को सम्मानित किया गया। संस्थान में विदाई-सम्मान समारोह आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेन्द्र सिंह प्रजापति, उप निरीक्षक रेखा श्रीवास्तव और कांस्टेबल सविता, रेखा ने चयनित निशा रानी, ग्राम छज्जूपुरा से रोहित कुमार पुत्र राजेन्द्रसिंह, ब्रह्मप्रकाश सिह पुत्र श्योनाथ सिंह, अमन कुमार पुत्र जस्बत सिह, विकास कुमार पुत्र सुखवीर सिह ग्राम शुम्ला, अंकुश कुमार पुत्री राजकुमार, बसचिन कुमार पुत्र नरेन्द्र कुमार, अनुज कुमार पुत्र उपनेश कुमार ग्राम संदलीपुर को सम्मानित किया। कोचिंग सेंटर संचालक विपिन कुमार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान ग्राम प्रधान शमीम अहमद, कोचिंग सेंटर संचालक विपिन कुमार, नरेन्द्र प्रजापति, प्रशांत कुमार रहे।

### शिविर में 17 लोगों ने रक्तदान किया



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका आरंभ भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने किया। शिविर में 17 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल, कमल सिंह रावत फार्मासिस्ट, पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम सी गर्ग व लेखा प्रबंधक आशु गुप्ता व भाजपा मंडल अध्यक्ष, दीपक वाल्मीकि, उपाध्यक्ष डॉ. आफताब आलम हाशमी, सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

### बैंको में सुरक्षा के दृष्टिगत चलाया चेकिंग अभियान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में कोतवाली पुलिस ने अपराधियों पर नियंत्रण के दृष्टिगत नगर के सभी बैंकों, एटीएम व बैंकों के आसपास खड़े वाहन की सघन चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। कोतवाली प्रभारी के निर्देश पर महिला उपनिरीक्षक अंजली के नेतृत्व में मंगलवार को नगर के बैंक व एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान नगर के बैंकों के आसपास विभिन्न जगहों पर वाहनों को भी चेक किया व आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। साथ ही सीसीटीवी कैमरे को देखा और रजिस्टर चेककर बैंक सुरक्षाकर्मियों को निर्देश दिये। चेकिंग अभियान में महिला कांस्टेबल आरती सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### पिता-पुत्री को मारपीट कर किया घायल

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में पिता-पुत्री को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में थाना छजलैट में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना क्षेत्र के ग्राम अन्यारी उर्फ अलीनगर निवासी निवासी गणेश पुत्री विजय सिंह 12 जून की शाम 7 बजे अपने खेत से घर वापस आ रही थी। तभी रास्ते में गांव के रहने वाले राजेश, मोनू, अमरपाल, भूरे, गौरव ने गांव में भारत की दुकान के सामने उसे रोक लिया और गाली गलौच करने लगे। इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। जब उसके पिता विजय सिंह उसे बचाने पहुंचे तो उन्हें भी मारा पीटा और कपड़े भी फाड़ दिए। इसके बाद वह परिजनों के साथ थाना छजलैट पहुंची और थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की दी है।

# बार चुनाव : अध्यक्ष पद का मामला नहीं सुलझा

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन वर्ष 2025-26 की कार्यकारिणी के चुनाव में अध्यक्ष पद के दोनों प्रत्याशियों के मतगणना में दोनों प्रत्याशियों को 55-55 समान वोट पाए जाने का विवाद यहां चर्चा का विषय बना हुआ है। चुनाव कमेटी द्वारा अध्यक्ष पद की मतगणना का ब्यौरा बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश को भेज दिया है।

गत 12 जून को तहसील सभागार में चुनाव समिति के महावीर सिंह, शहजाद रफी खान, संजीव कुमार बिश्नोई की देखरेख में चुनाव संपन्न होने के बाद मतगणना में कुल 112 वोटों में से एक अधिवक्ता की अनुपस्थिति के उपरांत 111 मत डाले गए थे। चुनाव समिति ने एक मत कैंसिल होने के उपरांत अध्यक्ष पद के उम्मीदवार प्रदीप कुमार एवं उनके प्रतिद्वंदी को 55-55 समान मत पाए जाने पर उत्तर प्रदेश बार काउंसिल को बैलेट पेपर सील कर समस्त ब्योरा भेज दिया था। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रदीप कुमार का आरोप है कि मतदाता ने पहली बार वोटिंग किया है। उन्होंने बताया कि उनके प्रतिद्वंदी पक्ष के अधिवक्ता को 55 मत और उनके पक्ष में 56 मत पड़े हैं। जिसे कैंसिल कर दिया। एल्डर कमेटी का कहना है कि हमने समस्त ब्योरा बार काउंसिल उत्तर प्रदेश को भेज दिया है। एल्डर कमेटी के शहजाद रफी खान ने बताया कि बैलट पेपर पर क्रम संख्या, नाम और निशान लगाने के अलग-अलग खाने थे। मतदाता ने निशान के स्थान पर अपना निशान लगाने के बजाये क्रम संख्या पर लगा दिया है। जिस कारण यह फैसला उत्तर प्रदेश बर काउंसिल को छोड़ दिया गया है।

# मोदी सरकार में देश हुआ मजबूत

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** सेवा सुशासन के 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम में मंडल कांठ में बूथ 49 पर चौपाल हुई। इसमें मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां एवं योजनाओं को विस्तार से बताया। साथ ही स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से मुफ्त दवाएं दी गईं।

बूथ 49 के अध्यक्ष अमित कुमार गोला के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में 11 वर्ष बेमिसाल के उपलक्ष्य में भाजपा की जनहित नीतियों पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने समस्त उपलब्धियां बताईं और एक स्वास्थ्य शिविर लगाकर उपचार व दवाएं बांटी गईं। शिविर में पहुंचे मरीजों ने बुखार खुजली, नजला, जुकाम, डायबिटीज का निशुल्क उपचार एवं दवाओं का लाभ लिया। इसमें मुख्य अतिथि राजपाल सिंह प्रजापति एवं मंडल अध्यक्ष कांठ अंकुश कुमार चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूरदर्शी हैं 11 वर्षों में देश और संपूर्ण क्षेत्रों का विकास कर रहे हैं। मोदी सरकार के कार्यकाल में देश की आंतरिक स्थिति अत्यंत मजबूत हुई हैं। नई शिक्षा नीति और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के माध्यम से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हुई हैं। राष्ट्रीय राज्य मार्ग, रेलवे नेटवर्क, हवाई अड्डे, उद्योग का विस्तार हुआ है। घर-घर तक बिजली और शुद्ध जल पहुंचाया गया है। भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और आर्थिक स्थिति सुधरने से देश मजबूत हुआ है। देश के करोड़ों लोगों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. नैपाल सिंह सेक्टर संयोजक पृथ्वीगंज पूर्वी, चमन सिंह गोला, संजीव कुमार जाटव, देवराज सिंह जाटव अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं बूथ के भारी संख्या में पुरुष व महिलाएं उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता व नागरिक। ● अमृत विचार

● **चौपाल में लोगों को भाजपा नेताओं ने दी सरकार के काम गिनाए**

# पांच पर मारपीट व जमीन पर कब्जा करने की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, भोजपुर

**अमृत विचार :** पुलिस ने अदालत के आदेश पर गांव गजरौला सैद निवासी मां उसके बेटा-बेटी समेत पांच पर घर में घुसकर मारपीट, छेड़छाड़ एवं जान से मारने की धमकी देने में रिपोर्ट दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

पीड़ित ग्रामीण हाशिम पुत्र हामिद हुसैन ने तहरीर में कहा है कि दो वर्ष पूर्व गांव के मुनव्वर पुत्र अब्दुल मजीद को 6 बीसे जमीन दो साल के लिए बरसीन बोने के लिए 3 हजार में किराये पर दी थी। समय बीतने के बाद 17 अप्रैल को जमीन खाली करने को कहा तो टालमटोल करने लगा। कुछ देर बाद मुनव्वर अपनी पत्नी फात्मा, बेटी नर्गिस एवं बेटों मुर्तजा व निजामुद्दीन को साथ लेकर घर में घुसकर मारपीट करने लगा। पत्नी रुखसाना बीच बचाव करने आई तो आरोपियों ने उसके साथ हाथापाई की और कपड़े फाड़ दिए। शोर मचाने पर पड़ोसी बब्बन, मुजफ्फर और फईम मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित का कहना है कि आरोपी जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### दंपती व दो बेटों पर मारपीट का केस दर्ज

**भोजपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने थाना मझोला के गांव खदाना निवासी समीर उर्फ दीपक पुत्र गैंदा सिंह की तहरीर पर थाना क्षेत्र के गांव तीगरी निवासी दंपती और दो बेटों पर रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित का कहना है कि वह रविवार रात को 10 बजे गांव तीगरी निवासी हरिबान के घर से अपने भाई अतुल को बुलाने आया था। पत्नी भी साथ में आई थी। ग्रामीण का कहना है कि हरिबान उसकी पत्नी और बेटों संजय व सौमीर ने दोनों को लाठी-डंडों से हमला कर लहुलुहान कर दिया। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाइक सवार सड़क दुर्घटना में घायल

**बिलारी, अमृत विचार :** मंगलवार अपराह्न स्योंडारा रोड पर बाइक सवार को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से उसे गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्योंडारा गांव निवासी चेतराम पुत्र रामेश्वर बाइक से बिलारी जा रहा था। जैसे ही वह मनकुला गांव के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने उसे गंभीर घायल होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।



चिंतन शिविर में उपस्थित भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# चिंतन शिविर में किसानों ने उठाई बिजली की समस्या

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन की कांठ कार्यकारिणी की हरिद्वार में तीन दिवसीय चिंतन शिविर चल रहा है। शिविर के दौरान उन्होंने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत से बात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत की कांठ कार्यकारिणी ने चिंतन शिविर में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की। कांठ तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह ने बताया कि हरिद्वार में आयोजित चिंतन शिविर में किसानों के मुद्दों को उठाया। उन्होंने कहा कि कांठ क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गई है। किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं मिल रही है। हरदीप सिंह, चौधरी दर्शन सिंह, सियाराम बिश्नोई, बलराज सिंह, भविष्य बिश्नोई, महेश ठाकुर, अरविंद बिश्नोई उर्फ जोनी रहे।

## युवक की मौत के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव दुल्लापुर पट्टी चौहान में सब्जी को लेकर हुए संघर्ष में एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। सोमवार को पुलिस ने एक और आरोपी यासीन पुत्र नन्हे निवासी दुल्हापुर पट्टी चौहान को गिरफ्तार कर लिया और उसका चालान कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया। इस घटना में मृतक इम्तियाज आलम का छोटा भाई मोहम्मद अयाज पुत्र मोहम्मद इब्राहिम बाजार से सब्जी लेने गया था, जहां उसकी नदीम, यासीन और फईम से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद आरोपियों ने छुरियों से हमला कर दिया, जिसमें इम्तियाज आलम, वकार अहमद और सालिम हयात घायल हो गए थे। इम्तियाज आलम की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी और छह आरोपियों को पहले ही जेल भेज दिया था। अब एक और आरोपी यासीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### कोतवाली प्रभारी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली परिसर में फरियादियों को समस्याओं से निजात दिलाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली परिसर में जनसुनवाई का आयोजन किया। कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह ने जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। फरियादियों की समस्याओं को सुना और गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए।

### डीजे बजाने पर मारपीट में तीन घायल, 4 पर रिपोर्ट दर्ज

**भोजपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने थाना मूंढापांडे के गांव सक्टूनगला निवासी मेहरून निशा की तहरीर पर थाना क्षेत्र के गांव रानी नांगल निवासी हनीफ, कमर, नावेद और जावेद के खिलाफ लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर देने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया है। विवाद का कारण रात को डेढ़ बजे तेज आवाज में डीजे बजाने से मना करना बताया जा रहा है।

**मॉडल पब्लिक लॉ कॉलेज**
बहजोई रोड, चन्दौसी, जिला सम्भल, पिन-244412
गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद से सम्बद्ध
**-: आवश्यकता है :-**
प्रवक्ता-बी.ए.एलएल.बी. (पंच वर्षीय) पाठ्यक्रम हेतु :-
विषय - इतिहास (1), राजनीति शास्त्र (1), समाज शास्त्र (1), अंग्रेजी (1), अर्थशास्त्र (1), विधि-3
प्रवक्ता एलएल.बी. (त्रिवर्षीय) पाठ्यक्रम
विधि-3
योग्यता :- यू.जी.सी./विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन समस्त अंक पत्र, प्रमाण पत्र, आधार एवं पैनकार्ड की छायाप्रतियों सहित विज्ञापन प्रकाशित होने के 15 दिवस के भीतर महाविद्यालय को प्रेषित करें।
अध्यक्ष
डॉ. अशोक यादव
मो.नं. 9412140100
ई-मेल-mplc.chd777@gmail.com

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, भोजपुर

**अमृत विचार :** पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर गांव निवासी विवाहिता की तहरीर पर देवर के खिलाफ दुष्कर्म एवं पति, सास ससुर, नंद एवं जेठ के खिलाफ दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया है।

पीड़िता ने तहरीर में कहा है कि उसका विवाह गांव में ही हुआ था। ससुराल वाले विवाह में दिए दान दहेज से खुश नहीं थे। दबाव डालने को उत्पीड़न करने लगे। 5 अप्रैल 25 को ससुराल वाले रिश्तेदारी में विवाह समारोह में गये थे। रात को दो बजे देवर कमरे में घुस आया और दुष्कर्म किया। शिकायत करने पर बेटे समेत जान से मारने की धमकी दी। पति अहमद अली और परिजनों मोहम्मद अली, आयशा मकसूद, और अमीना को आपबीती सुनाई तो सभी ने एक राय होकर मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नाबालिग को ले जाने में चार पर रिपोर्ट

**भोजपुर, अमृत विचार :** थाना प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में ग्रामीण ने कहा है कि मंगलवार को वह घर पर 17 वर्षीय बेटी को अकेला छोड़ परिजनों के साथ रिश्तेदारी में गया था। बेटी को अकेला देख राकिब अपने पिता जाहिद, बहन रूबीना और भाई दानिश के सहयोग से बेटी को बहला फुसलाकर ले गया। बेटी घर में रखे 50 ग्राम सोने के गहने और 5 लाख रुपये नकदी ले गयी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए लगवाए दो कूलर

**कांठ, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के कारण क्षेत्र के अनेक ट्रांसफार्मरों की हालत खस्ता है। नगर पंचायत अध्यक्ष ऊमरी कलां ने ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए कूलर लगवाए हैं।

नगर पंचायत ऊमरी कलां समेत कांठ विधानसभा के लगभग 36 ग्रामों को सप्लाई देने वाले बिजली घर रसुलपुर में बिजली घर के ट्रांसफार्मरों भी ओवरलोडिंग से जूझ रहे हैं। यहां के ट्रांसफार्मर भी अत्यधिक लोड और गर्मी अधिक होने के कारण ट्रिपिंग कर रहे हैं, जिसकी वजह से ऊमरी कलां समेत 36 गांव, जिनमें नवादा, पहाड़मऊ, दुम्हैला, पेली विश्नोई, रायपुर, भरतपुर, पाठंगी, जमनिया, काजीपुरा, हरि नूरपुर, डेहरा, दाढ़ी, विलायत नगर और भी ग्रामों को सप्लाई मिलने में दिक्कत हो रही है। जब इस समस्या से चेयरमैन ऊमरी कलां उस्मान अली को अवगत कराया तो उन्होंने ट्रांसफार्मर को ठंडा करने के दो एयर कूलरों का इन्तजाम कराया।

# बीईओ को मुख्यालय छोड़ने पर बीएसए ने जारी किया नोटिस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** खंड शिक्षा अधिकारी भगतपुर को उनके बिना अनुमति के मुख्यालय छोड़ने व समीक्षा बैठक से अनुपस्थित रहने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने डीएम के आदेश पर नोटिस जारी किया है। एक महीने पहले मुख्य विकास अधिकारी की समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण उनके वेतन भुगतान पर रोक लगाई थी।

बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी मनोज बोस पर विभागीय समीक्षा बैठक से अनुपस्थित रहने के साथ ही बिना अनुमति के जनपद मुख्यालय छोड़ने की शिकायत कई बार आ चुकी है। जिलाधिकारी की 19 फरवरी 2024 विभागीय समीक्षा बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस अनुपस्थित रहे थे। इस पर डीएम ने स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया था। जिला मुख्यालय पर विभागीय समीक्षा बैठक में अनुपस्थिति रही। पिछले महीने मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव की मासिक समीक्षा बैठक में भी खंड शिक्षा अधिकारी अनुपस्थित थे। इसके अलावा बिना पूर्व सूचना दिए मुख्यालय छोड़ने की भी कई शिकायत मिली थी। उच्चाधिकारियों की अनुमति के बिना ही मुख्यालय छोड़ने तथा बिना किसी पूर्व सूचना एवं अवकाश स्वीकृति के विभागीय समीक्षा बैठक से अनुपस्थित रहने के आरोपों का स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया। खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा जानबूझकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करने को लेकर उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए अंतिम नोटिस जारी किया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट नं N8398995 में पिता का नाम KOUSER ALI अंकित हो गया है जबकि आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में नाम KAUSAR ALI अंकित है। मो. फैसल पुत्र कौशर अली निवासी तख्तपुर अल्ला उर्फ नानकार थाना मैनाठेर तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद।

**NOTICE**
I have changed my name from AJEEM KHAN to AZEEM KHAN. In the future, I should be known by this name. AZEEM KHAN R/O H NO 46, BAGICHA CHOTEY MIAN RAMPUR

**सूचना**
मेरी कृषि भूमि की रजिस्ट्री के मूल कागजात जिसकी वही संख्या 1 जिल्द नंबर 5862 पृष्ठ संख्या 153 से 188 तक क्रमांक 53, 46 व वही संख्या एक जिल्द नंबर 5862 पृष्ठ संख्या 223 से 256 तक क्रमांक 5348 मौजा मुगलपुर ऊर्फ अगवानपुर तहसील व जिला मुरादाबाद जो कि दिनांक 11.9.2008 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय मुरादाबाद में पंजीकृत किया गया था जो वास्तव में खो गए हैं। **योगेश कुमार धीमान पुत्र रतन कुमार धीमान निवास 158 मकतूल पुरी रुड़की जनपद हरिद्वार उत्तराखंड।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# 5 माह में 400 से ज्यादा दुकानें ध्वस्त कीं

## पालिका प्रशासन के बुलडोजर से मचा हड़कंप, मीना बाजार में मंगलवार को हुआ दुकानों का ध्वस्तीकरण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिले में 400 दुकानों से ज्यादा प्रशासन का बुलडोजर चल चुका है, अतिक्रमण पर कड़ी कार्रवाई से रामपुर शहर से लेकर देहात के क्षेत्रों में जबरदस्त हलचल है। मंगलवार को भी शहर के मीना बाजार में 4 दुकानों को ध्वस्त किया गया। सोमवार को नैनीताल हाईवे पर डालमिया नेत्र चिकित्सालय के निकट से चीनी मिल मैदान तक की 98 दुकानें ध्वस्त करा दी गईं। ईओ पालिका ने बताया कि मीना बाजार के दुकानदारों को 15 दिन पहले नोटिस देने के साथ ही मुनादी करा दी थी। यहां पालिका नाला बना रही है नाले को सीधा करने के लिए दुकानों को ध्वस्त कराया है।

जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर पालिका व नगर पंचायतों को अतिक्रमण हटाने के सख्त निर्देश हैं। इसको लेकर जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह अतिक्रमण हटाने को लेकर सक्रिय हैं। साल 2025 के पहले महीने से ही अतिक्रमण हटना शुरू हुआ, जो मई और जून महीने में युद्ध स्तर पर जारी है। पिछले पांच महीने में शहर से लेकर देहात तक


मीना बाजार वाली मस्जिद के निकट अतिक्रमण को साफ करती जेसीबी।


दुकानों के मलबे से सरिया निकालते लोग। ● अमृत विचार

### प्रशासन सख्त

● पांच महीने के दौरान कई जगह हुई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

400 से दुकानों को ध्वस्त किया जा चुका है। मंगलवार को मीना बाजार स्थित मस्जिद के निकट की दुकानें ध्वस्त कराई गईं। पालिका यहां नाला बना रही है नाला टेढ़ा हो रहा था और नाले को सीधा करने के लिए कार्रवाई की गई है। नोडल अफजल समीर ने बताया कि मीना बाजार के दुकानदारों को 15 दिन पहले नोटिस दिया गया था। इसके बाद मुनादी कराई गई लेकिन, दुकानदारों ने अतिक्रमण नहीं हटाया। जिसके चलते मंगलवार को अतिक्रमण साफ करा दिया गया। इससे पहले सोमवार को नैनीताल हाईवे के किनारे बनी 98 दुकानों को ध्वस्त करके 41.50 हेक्टेयर रकबा अतिक्रमण मुक्त कराया गया। शनिवार की रात में सिविल लाइंस थाने की बराबर तीन दुकानों को ध्वस्त कर अतिक्रमण साफ कराया गया। सिविल लाइंस थाने के सामने से शुक्रवार को 10 दुकानों और दो मकानों को बुलडोजर से ध्वस्त कराकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। बुधवार को नवाब स्टेशन के सामने स्थित 30 दुकानों को ध्वस्त कराकर अतिक्रमण को साफ कराया गया। इससे पहले गन्ना समिति के निकट 40 दुकानों को ध्वस्त कराकर अतिक्रमण को साफ कराया गया है। प्रशासन सरकारी भूमि से अतिक्रमण को साफ करा रहा है, अतिक्रमण मुक्त भूमि पर सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। इसके अलावा स्वार, टांडा, बिलासपुर, मिलक और शाहबाद में भी दुकानों और मकानों को ध्वस्त कराकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया है। प्रशासन द्वारा जिले भर में लगभग 400 दुकानों को ध्वस्त कराकर भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई है।

### दुकानें टूटने से बेरोजगारी बनी चुनौती, 3 जानें भी गईं

अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत ध्वस्तीकरण को लेकर प्रशासन भले सौंदर्यीकरण का दावा कर रहा हो, लेकिन दुकानदारों के सामने बेरोजगारी की समस्या भी खड़ी हो गई है। गन्ना समिति के निकट 40 दुकानें टूटने पर तीन दुकानदारों की सदमे से मौत हो गई। मरने वालों में शहर के मोहल्ला लोहारों वाली मस्जिद निवासी राशिद हैं जबकि, एक मरने वाला व्यक्ति शहर के मोहल्ला घेर नज्जू खां निवासी जमशेद है। मंगलवार को पालिका की कार्रवाई में 4 दुकानें ध्वस्त कराई गईं। जबकि दुकानदारों के पास टेंप्रेरी अलॉटमेंट था।

> अतिक्रमण को साफ कराने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिन लोगों ने जहां-जहां सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया है उसे स्वयं हटा लें अन्यथा पालिका का बुलडोजर अतिक्रमण को साफ कर देगा। अतिक्रमण मुक्त भूमि पर सौंदर्यीकरण कराया जाएगा।
>
> - दुर्गेश्वर त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद

# सरकारी जमीन पर अतिक्रमण रोकने को प्रभावी कदम उठाएं अधिकारी: डीएम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** राधा रोड स्थित चीनी मिल व जिला कारागार की भूमि पर बनी 98 अवैध दुकानों को खाली कराकर अतिक्रमण मुक्त कराने के बाद जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने खाली कराई जमीन का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को खाली कराए स्थल का सौंदर्यीकरण कराने तथा भविष्य में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने के संबंध में प्रभावी कदम उठाने के लिए निर्देश दिए।

जमीन पर पिछले करीब 40 वर्षों से स्थानीय लोगों ने दुकानें बनाकर अवैध अतिक्रमण किया था। जिसे प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के उपरांत दुकानदारों द्वारा स्वयं हटा लिया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर पूरे जिले में अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान लगातार जारी है। शहर में सिविल लाइन क्षेत्र में अतिक्रमणमुक्त भूमि के सौंदर्यीकरण कार्य प्रगति पर हैं। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को सौंदर्यीकरण कार्य में तेजी लाने और चिह्नित स्थलों पर आकर्षक एवं छायादार पौधे लगवाने के लिए निर्देश दिए हैं। तहसील टांडा में नगर पालिका द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज की भूमि पर अवैध रूप से बनी 24 दुकानों के ध्वस्तीकरण के बाद कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का भी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीन की बाउंड्री कराकर सुरक्षित कराया गया है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद टांडा द्वारा अतिक्रमण मुक्त अन्य जमीन को सुरक्षित कर छायादार पौधे लगवाए जा रहे हैं। डीएम और एसपी के निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज की भूमि पर बनी दुकानों से आए दिन जाम की समस्या रहती थी तथा कभी- कभी सड़क दुर्घटना भी हो जाती थी। अतिक्रमण हटाए जाने के बाद अब जाम की समस्या से भी छुटकारा मिल गया है। तहसील टांडा स्वार के मुख्य मार्ग पर कराए जा रहे चौड़ीकरण कार्यों के दौरान नरपत नगर मार्ग पर लोक निर्माण विभाग की सीमा में आने वाली करीब 200 दुकानों एवं मकानों का अतिक्रमण स्थानीय व्यक्तियों ने स्वयं हटाकर सराहनीय कार्य किया है। मार्ग के चौड़ीकरण के बाद स्थानीय लोगों को जाम की समस्या से छुटकारा मिलेगा।स्थानीय व्यक्तियों द्वारा चिप्रशासन का सहयोग किया जा रहा है। जनपद रामपुर को उत्तराखंड से जोड़ने वाली तहसील टांडा स्वार के मुख्य मार्ग पर कराए जा रहे चौड़ीकरण कार्य के अंतर्गत बिजारखाता मार्ग पर लोक निर्माण विभाग की सीमा में आने वाली 46 दुकानों एवं मकानों का अतिक्रमण भी स्वयं हटा लिया गया है।


राधा रोड पर भूमि से अतिक्रमण हटने के बाद निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

# उमस भरी गर्मी से लोग परेशान

### हाल-ए-मौसम

● वायुमंडल में आर्द्रता 68 %
वायु वेग 8 किमी. प्रतिघंटा

**34** डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान | **27** डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** पारा 34 डिग्री पहुंचने और उमस भरी गर्मी से लोग पूरे दिन व्याकुल रहे। उमस बढ़ने से ठंडे पेय पदार्थों का कारोबार चमक गया है। लोगों ने उमस से सूख रहे गले को शीतल पेय पदार्थ पीकर तर किया। चिकित्सक लोगों को सिर पर कपड़ा डालकर या छाता लगाकर घरों से निकलने की सलाह दे रहे हैं।

मौसम का मिजाज तल्ख हो गया है लोग गर्मी से बचने के लिए तरह-तरह के जतन कर रहे हैं। गांवों में बच्चों ने नहरों, तालाबों और ट्यूबवेल पर पानी में डुबकी लगाकर गर्मी से राहत पाई। जबकि शहरी क्षेत्र मे लोगों ने गर्मी से बचने को गन्ने का जूस, बेल का शरबत और सॉफ्ट ड्रिंक पीकर गला तर किया। मौसम का मिजाज हर घंटे दो घंटे बाद बदल रहा है। कभी तेज धूप निकल आती है तो कभी आसमान में बादल छा जाते हैं। उमस से लोग पसीना-पसीना होते रहे। कमरों और कार्यालयों में लगे कूलर और पंखे भी पसीने को नहीं सुखा पा रहे हैं। उमस के कारण लोग बेहाल हैं। मौसम वैज्ञानिक हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान जता रहे हैं। लेकिन आसमान में उमड़ते-घुमड़ते बादल आगे बढ़ जाते हैं और धूप निकल आती है। बारिश होने से लोगों को कुछ राहत मिल सकती है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. श्वेता सिंह ने बताया कि 22 जून तक मानसून आने की संभावना है। कृषि विश्वविद्यालय मेरठ के मौसम वैज्ञानिक डॉ. उदय प्रताप शाही ने बताया कि 22 जून तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में तेज हवा गरज के साथ मध्यम वर्षा के आसार हैं। किसी भी खड़ी फसल जैसे गन्ना, चारे, उड़द, मूंग, सब्जियों आदि में सिंचाई व रसायन का छिड़काव न करें।


गर्मी में सिर पर तौलिया डालकर जाता राहगीर।। ● अमृत विचार

## जन-जन तक पहुंचाएं केंद्र की उपलब्धियां

**भोट अमृत विचार:** भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में भाजपा की नीतियों व केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की गयी। मंगलवार दोपहर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भोट कस्बे में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सदस्य कृष्ण पाल लोधी ने कहा कि सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण ही केंद्र सरकार की मुख्य प्राथमिकताओं में शामिल रहा है। संकल्प से सिद्धि के नारे को साकार करते हुए केंद्र सरकार ने आमजन तक सरकार को योजनाओं को पहुंचाने का काम किया है। बीते 11 वर्ष में मोदी सरकार ने देश को नई दिशा देने वाले अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। इनमें डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, आत्मनिर्भर भारत अभियान, जीएसटी और स्वास्थ्य व शिक्षा क्षेत्र में सुधार जैसी कई महत्वपूर्ण पहल शामिल हैं। इस दौरान लालता प्रसाद लोधी, कान्ता प्रसाद लोधी, शिशु पाल सिंह, वीके विश्वास, धर्मपाल, नंदराम रहे।

# कांग्रेस की जड़ें गहरी, हर वर्ग को जोड़ेंगे: निक्कू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** संगठन सृजन अभियान के तहत रामपुर के नगर कांग्रेस कमेटी टांडा में मंगलवार को मोहम्मद फुरकान, सभासद आसिफ अंसारी व दढ़ियाल में हाफिज कासिम के आवास पर बैठक हुई। जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा उर्फ निक्कू पंडित ने कहा कि हमें अपने संगठन को मजबूत करने और नए युग के लिए तैयार करने का अवसर मिला है। कांग्रेस पार्टी की जड़ें गहरी हैं और हमारे सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं।

उन्होंने कहा कि संगठन में युवाओं, महिलाओं और समाज के हर वर्ग को शामिल करना होगा। हमें अपने विचारों को जन-जन तक पहुंचाना होगा और समाज की समस्याओं का समाधान करने के लिए काम करना होगा। संगठन सृजन, युवाओं और महिलाओं की भागीदारी और समाज की समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। जो कांग्रेस पार्टी के मूल सिद्धांतों के अनुरूप है। नेता राहुल गांधी गरीबों वंचितों आर्थिक रूप से पिछड़े हुए अल्पसंख्यकों की जो लड़ाई लड़ रहे हैं, उसमें साथ दें और संगठन को मजबूत करें। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व एआईसीसी सदस्य मुतीउरर्हमान खां बब्लु, जिला उपाध्यक्ष साहिर अली खां, जिला महासचिव व जिला कार्यालय प्रभारी शकील मंसूरी सहित नगर पंचायत सभासद व हाजी जुल्फिकार, सभासद अय्यूब अली, अय्यूब अली, फुरकान अली, रईस प्रधान आदि


बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित


मिस्टनगंज में शक्ति दरबार में हवन में शामिल भक्त। अमृत विचार

## मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए गीता पाठ कराया

**अमृत विचार, रामपुर:** मिस्टन गंज स्थित शक्ति दरबार में पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने गुजरात में विमान दुर्घटना और केदारनाथ में हेलीकॉप्टर में तीर्थयात्री मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए गीता पाठ किया। शांति पाठ यज्ञ में आहुतियां देकर प्रार्थना करते हुए यज्ञ भगवान से इंद्रदेव सूर्य भगवान से गर्मी से राहत वर्षा जल के लिए यज्ञ में आहुतियां देकर कामनाएं पूर्ण करने की प्रार्थना की। इस मौके पर ललित मोहन शर्मा, सौरभ कुमार पाण्डेय, विश्वनाथ शर्मा, नीरज मिश्रा, स्वदेश ठाकुर, राजेन्द्र सिंह, अनिरुद्ध राम, भरोसे लाल यादव, किशन लाल, मुकेश रावत, तिलक राज, मिथलेश, राधा,सुधा, सरोज, सुनील, कुमार आदि रहे।

# जिला अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या, ओपीडी 1200 पार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में नजला, जुकाम और बुखार के मरीजों की कतारें लंबी होती जा रही हैं। प्रतिदिन ओपीडी 1200 के पार जा रही है। चिकित्सक मरीजों से गर्मी से आकर एक दम ठंडा पानी पीने को मना कर रहे हैं। इसके अलावा एसी में से उठकर बाहर गर्मी में जाने को मना कर रहे हैं। ठंडा गरम होने से लोगों को नजला जुकाम और बुखार हो रहा है।

मंगलवार सुबह से ही जिला अस्पताल के पर्चा काउंटर पर मरीजों और उनके तीमारदारों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। दोपहर तक महिला और पुरुषों की लंबी-लंबी कतारें लग जाती है। इस दौरान कोई मरीज लाइन तोड़कर चिकित्सक कक्ष की ओर बढ़ने का प्रयास करता है तब कतार में खड़े लोग शोर मचाने लगते हैं। शोर मचने के कारण कतार तोड़कर आगे बढ़ने वाला मरीज सहम कर वहीं खड़ा हो जाता है। जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. दशरथ सिंह बताते हैं कि लोगों को अपनी सेहत का ख्याल नहीं है। लोग तेज गर्मी से आकर फ्रिज का ठंडा पानी पी लेते हैं। इसके अलावा एसी में बैठे लोग धूप में निकल जाते हैं जबकि, एसी रूम से निकलने से पांच मिनट पहले एसी को बंद कर देना चाहिए इसके बाद लोग कमरे से बाहर निकलें। ऐसा नहीं करने पर लोग नजला, जुकाम और बुखार की चपेट में आ रहे हैं। बताया कि मामूली से लापरवाही लोगों को बीमार बना रही है। लोगों को इस मौसम में एहतियात बरतने की जरूरत है।


जिला अस्पताल में चिकित्सक कक्ष के आगे लगी महिलाओं और पुरुषों की कतार। ● अमृत विचार

### सार-संक्षेप

### आस फाउंडेशन के संजीव बने जिलाध्यक्ष


बैठक के बाद महिला को पटका पहनाते पदाधिकारी ।

**रामपुर, अमृत विचार :** समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय सर्व सहयोग एक आस फाउंडेशन का संजीव दयाल सक्सेना को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। मंगलवार को हुई संगठन की बैठक में भाजपा मंडल महामंत्री मनु सक्सेना को पटका पहनाकर सम्मानित किया।अध्यक्षता कर रहे फाउंडेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर सुहेल अहमद ने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक सहयोग पहुंचाना है। इस मौके पर प्रदेश विकास अधिकारी गुंजन हिंदुस्तानी, मयंक सक्सेना, संजय कश्यप, मुकुल सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

### वार्षिकोत्सव में हुई सत्यनारायण की कथा


मंदिर में जलाभिषेक करके आते संगठन के पदाधिकारी एवं मुख्य अतिथि।

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना के वार्षिकोत्सव में मंगलवार को श्री सत्यनारायण की कथा हुई और आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। सुबह से ही कार्यालय पर संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा अतिथि पहुंचे। सायं 4 बजे काफिला राष्ट्रीय कार्यालय से भमरौआ मंदिर पहुंचा तथा जलाभिषेक किया। मुख्य अतिथि डॉ. रामविलास वेदांती को अंगवस्त्र, फूल माला एवं स्मृति चिह्न, गदा भेंट किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय संगठन मंत्री ऋषि शर्मा, उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, गुरमन जीत सिंह, नीलम सक्सेना, वीरेन्द्र कुमार सिंह, विपिन कुमार सिंह ने विचार व्यक्त किये। डॉ. राम विलास वेदांती ने कहा कि भमरौआ मंदिर की भूमि से अतिक्रमण हटवाने के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष बात रखेंगे। उन्होंने हिंदुत्व के लिए एकत्र होने की बात की। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष गोरक्षा प्रदीप शर्मा, प्रदेश प्रभारी गेंदन लाल सैनी, पिंटू राजपूत, प्रदेश महामंत्री गो रक्षा, प्रदेश मीडिया प्रभारी बबलू, सीएल गुप्ता, विश्वास कुमार सिंह, मीना सैनी, विवेक गुप्ता, आकाश यादव, विमल सिंघल आदि उपस्थित रहे। संचालन राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं प्रीति गुप्ता ने किया।

### 20 जून को रामपुर आएंगे नकवी

**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी 20 जून शाम को रामपुर आएंगे। इसके बाद शंकरपुर स्थित अपने निवास पर लोगों से मुलाकात करेंगे। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सिविल लाइन स्थित रोशन बाग में चेतना योग संस्था के तत्वावधान में सुबह 5 :30 बजे से लोगों के साथ योग करेंगे।

### प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथि घोषित

**मिलक, अमृत विचार :** मंगलवार को नगर के बिलासपुर रोड स्थित डॉ. राम बहादुर सिंह मेमोरियल महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार ने प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथि के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि एमए दूसरे सेमेस्टर की भूगोल, अंग्रेजी,चौथे सेमेस्टर की अंग्रेजी, बीए दूसरे सेमेस्टर भूगोल,बीए दूसरे और चौथे और छठे सेमेस्टर शिक्षा शास्त्र, बीएससी दूसरे सेमेस्टर भौतिक विज्ञान, बीएससी दूसरे और चौथे सेमेस्टर रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षाएं आज बुधवार से प्रारंभ होंगी। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से समय से महाविद्यालय में उपस्थित होकर परीक्षा में भाग लेने की अपील की।

### प्रदेश व देश में भाजपा कार्यकर्ताओं के दम पर शीर्ष पर


कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधायक आकाश सक्सेना।

**रामपुर अमृत विचार :** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि कार्यकर्ताओं के त्याग और समर्पण की बदौलत ही भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। ऐसे में कोई भी कार्यकर्ता अपने आप को कमजोर न समझे, बल्कि खुद को नई जिम्मेदारी के साथ पहले से और अधिक सामर्थ्यवान बनाते हुए पार्टी के लिए काम करें। भाजपा की ओर से हाल ही में रामपुर शहर विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों की कार्यकारिणी घोषित की है। जिसके बाद मंगलवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना ने ग्रामीण मंडल के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को रामपुर सेवक कार्यालय पर बुला लिया। उन्होंने सभी को भाजपा का पटका पहनाकर स्वागत किया। विधायक आकाश सक्सेना ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पार्टी की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं और आगामी चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मंडल के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**सड़कों पर उतरे** — भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में लोगों ने दिया धरना, जमकर नारेबाजी की, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# बिजली कटौती पर किसानों का फूटा गुस्सा, बिजलीघर पर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मंगलवार को भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न समस्याओं को लेकर केमरी बिजलीघर पर धरना प्रदर्शन किया। एसडीएम बिलासपुर अरुण कुमार के समस्याओं के निस्तारण के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया।

मंगलवार को केमरी बिजलीघर पर भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेश शर्मा के नेतृत्व में भारी संख्या में किसान एकत्र हुए। बिजली विभाग पर तमाम आरोप लगाते हुए किसान बिजलीघर में ही धरने पर बैठ गए। इसके बाद बिजली कर्मियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। संगठन के जिलाध्यक्ष वीरेश शर्मा ने कहा कि किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। किसानों की बात को गंभीरता से नहीं लिया जाता है। एक किसान के कम बकाया बिल के बावजूद उसका कनेक्शन काट दिया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली कर्मी बिजली चेकिंग के नाम पर बिना परमिशन के उपभोक्ताओं के घर में घुस जाते हैं, जबकि इनको पुलिस को साथ लेकर चेकिंग करनी चाहिए। उन्होंने कुछ लाइनमैन पर अवैध वसूली का भी आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने विभाग के एक कर्मचारी पर महिलाओं के मोबाइल नंबर मांगने का भी आरोप लगाया। करीब एक घंटे बाद बिलासपुर एसडीएम अरुण कुमार धरना स्थल पर पहुंचे। जहां संगठन के लोगों ने उन्हें ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। एसडीएम ने किसानों को समझा बुझाकर धरना समाप्त कराया और समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन करने वालों में जितेंद्र कुमार, मोहर सिंह सैनी, अरुण श्रीवास्तव, अजय गंगवार, अरविंद कुमार, आशीष चंद्र, अरविंद गंगवार, सचिन शर्मा आदि किसान मौजूद रहे।


एसडीएम को ज्ञापन देते भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### गांव धनपुर शाहदरा में धू-धू कर जला ट्रांसफार्मर

**स्वार अमृत विचार :** लगभग एक सप्ताह पूर्व क्षेत्र के गांव धनपुर शाहदरा में बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मर फुंक गया था। जिस पर ग्रामीणों की मांग पर बिजली विभाग ने चार दिन पूर्व नया ट्रांसफार्मर रखवा दिया था। मंगलवार को ओवरलोडिंग के ट्रांसफार्मर में आग लग गई। जिस पर आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई। देखते ही देखते ट्रांसफार्मर धूं धूं कर जल उठा। ग्रामीणों ने बिजली विभाग को ट्रांसफार्मर में आग लगने की सूचना दी लेकिन मौके पर कोई नहीं पहुंचा। जिससे आधे गांव में बिजली गुल हो कर रह गई। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि इमामबाड़े के पास रखा ट्रांसफार्मर कई बार फुक गया हैं।चार दिन पहले ही ये ट्रांसफार्मर रखा था अचानक लोड ज्यादा होने पर ट्रांसफार्मर में आग लग गई। बिजली विभाग से अधिक क्षमता ट्रांसफार्मर रखवाने की मांग लगातार की जा रही है। लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी उनकी आवाज को अनसुना कर देते है। उन्होंने एसडीएम से बिजली विभाग को आदेश कर शीघ्र ट्रांसफार्मर रखवाने की मांग की है। इस दौरान इरफान, परवेज, अरविस, अनवार अली, कमाल, सुलेमान, गुलफान, रहीस आलम, मुराद अली आदि मौजूद रहे।


धनपुर शाहदरा में धू-धू कर जलता ट्रांसफॉर्मर।

## एक नजर

### लकड़ी लेने गई युवती को सांप ने डसा, मौत

रामपुर अमृत विचार : मिलक थाना क्षेत्र के गांव क्यूरार निवासी शांति देवी सोमवार शाम को खाना बनाने जंगल से लकड़ी लेने गई थी। लकड़ी लाने के बाद उनको छिल रही थी। अचानक से सांप ने उसको डस लिया। युवती की हालत देख परिजन के होश उड़ गए। उसको लेकर मिलक सीएचसी लेकर पूछे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### पुलिस चौकी बजरिया के सामने पेयजल प्रेशर सुस्त

रामपुर, अमृत विचार : पुलिस चौकी बजरिया के सामने आवासों में पेयजल प्रेशर सुस्त रहता है। जिसके कारण लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ता है। क्योंकि लाल कबर स्थित पुलिस चौकी के सामने का स्थान सड़क के स्तर से ऊंचा होने के कारण प्रेशर नहीं चढ़ पाता है। लोगों का कहना है कि पेयजल प्रेशर सुस्त होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोग काफी समय से पाइप लाइन सप्लाई का प्रेशर बढ़वाए जाने की मांग कर रहे हैं। इसके बावजूद स्थिति जस की तस है। इसके अलावा पालिका द्वारा नालियों का निर्माण नहीं कराया गया है। मोहम्मद अली ने पालिका अध्यक्ष सना मामून को भेजे पत्र में पेयजल आपूर्ति का प्रेशर दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

**शादी के एक दिन पहले प्रेमी व प्रेमिका द्वारा युवक की हत्या का मामला**

# पुलिस अभिरक्षा से भागा हत्या का आरोपी, मुठभेड़ में हो गया घायल

## साक्ष्य जुटाने के दौरान हेड कांस्टेबल की पिस्टल निकाल कर भाग रहा था


पुलिस अभिरक्षा के भागने के बाद मुठभेड़ में घायल आरोपी सद्दाम।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: युवती द्वारा प्रेमी संग मिलकर मंगेतर की हत्या करने के मामले में पुलिस की छानबीन जारी है। सोमवार रात पुलिस अभिरक्षा में मुख्यारोपी प्रेमी सद्दाम को साक्ष्य जुटाने के लिए ले जाया जा रहा था, इसी दौरान आरोपी सद्दाम एक हेड कांस्टेबल की पिस्टल निकाल कर भाग गया। कांबिंग के दौरान गंज थाना पुलिस से हुई मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे पुनः गिरफ्तार कर लिया है।

गंज प्रभारी पवन कुमार शर्मा ने बताया कि गंज थाना क्षेत्र के घेर रहमत खां निवासी निहाल की हत्या के मामले में 16 जून को मुकदमा दर्ज हुआ था। हिरासत ने लेकर पुलिस वांछित आरोपी सद्दाम पुत्र साद हुसैन निवासी धनुपुरा थाना भोट जनपद रामपुर को अभियोग से संबंधित बरामदगी के लिए प्रभारी निरीक्षक थाना गंज मय हमराह पुलिस बल द्वारा ले जाया गया। केसरपुर पुलिया से अजयपुर जाने वाले रास्ते पर पहुंचकर आरोपी सद्दाम की निशानदेही पर एक मोबाईल फोन, मृतक निहाल का सिम व सद्दाम द्वारा घटना के समय पहने कपड़े बरामद किए गए। बरामदगी के दौरान आरोपी सद्दाम हेड कांस्टेबल गजेंद्र की पिस्टल छीनकर भाग गया। पुलिस बल द्वारा आस पास कॉम्बिंग की गयी तो आरोपी सद्दाम ने छीनी गई पिस्टल से पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई में आरोपी सद्दाम के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। आरोपी सद्दाम को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। एसपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि मामले में कार्रवाई जारी है, युवती सहित 4 लोगों पर मुकदमा पंजीकृत हुआ है। इसमें एक आरोपी फरमान को जेल भेज दिया गया है। जबकि अन्य आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी होगी।

### गुलफशां के बारे में सख्ती से कर रही पूछताछ

शादी से एक दिन पहले 14 जून को निहाल का अपहरण करने के बाद 15 जून को हत्या कर दी गई थी। उसका शव रतनपुरा में मिला था। पुलिस ने हत्या में मुख्य आरोपी सद्दाम को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया था उसके पैर में गोली लगने से घायल हो गया था। पुलिस उसकी अस्पताल से थाने ले आई, जहां उससे सख्ती से पूछताछ कर रही है कि गुलफशां का निहाल की हत्या में क्या रोल है।

#### फरार आरोपी अनीस को तलाश रही पुलिस

गंज पुलिस का कहना है कि चौथे आरोपी अनीश के बारे जानकारी मिली है। कि वह 12 जून से चेन्नई में है। लेकिन उसके बाद भी हर पहलू पर गंभीरता से जांच की जा रही है। ताकि सच सामने आ सके। सद्दाम को शाम को जेल भेजा जाएगा।

### पड़ताल

- आरोपी की निशानदेही पर मोबाइल, मृतक का सिम और कपड़े बरामद

# पति से तलाक करा प्रेमिका से किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता स्वार

अमृत विचारः प्रेम प्रसंग के चलते पति से तलाक करा कर प्रेमी ने शादी का झांसा देकर प्रेमिका से दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली के एक गांव निवासी युवती का थाना मिलकखानम के गांव मुस्तफा खुर्द उर्फ़ खण्जी की मडय्या निवासी अरशद के साथ कई वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक शादी का झांसा देकर युवती को जंगल एवं सूनसान जगह ले जाकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब युवती शादी के लिए कहती तो युवक टाल मटोल कर देता था। युवक के झूठे वादों से तंग आकर युवती ने उत्तराखंड के थाना बाजपुर के गांव निवासी युवक से शादी कर ली। युवती का आरोप है कि अरशद ने उसको अश्लील फोटो व विडियो भेजकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और मिलने नही आई तो उसके फोटो एवं विडियो वायरल करने की धमकी दी। उसने अरशद को काफी समझाया लेकिन वह नहीं माना। लगभग एक वर्ष पूर्व अरशद ने उसका पति से तलाक करा दिया और एक वर्ष से शारीरिक संबंध बनाता रहा। पांच फरवरी को अरशद उसे स्वार रामपुर मार्ग स्थित एक होटल ले गया और होटल में ही शारीरिक संबंध बनाये। जब उसने शादी करने के लिए कहा तो अरशद ने शादी करने से साफ इंकार कर दिया। पीड़ित ने आरोपी को नामजद कर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

# गवाह को धमकाने में 11 जुलाई को होगी सुनवाई

अमृत विचार, रामपुरः गवाह को धमकाने के मामले में मंगलवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 11 जुलाई को सुनवाई होगी। कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी नन्हे ने सपा नेता आजम खां सहित कई लोगों पर यतीमखाना का एक मुकदमा दर्ज कराया था। इसकी सुनवाई लगातार कोर्ट में हो रही है। नन्हे ने पुलिस को कुछ साल पहले तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आजम खान के कहने पर कुछ लोगों ने उसको जाकर घर पर धमकाया था। इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस ने विवेचना के बाद चार्ज शीट कोर्ट में पेश कर दी थी। जिसकी सुनवाई सेशन कोर्ट में चल रही है। मंगलवार को इस मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। अब 11 जुलाई को होगी।

# रजा लाइब्रेरी में योगोत्सव कल से

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचारः अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रजा लाइब्रेरी में 19 से 25 जून तक योगोत्सव मनाया जाएगा। लाइब्रेरी के दरबार-ए-हाल में योग यात्रा, शास्त्र साधना और संस्कार विषय पर प्रदर्शनी भी लगेगी। इसके अलावा अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के सैयद तारिक मुर्तजा, प्रयागराज से रविराज, मुनीश चंद्र शर्मा और अनीता शुक्ला योग विषय पर जानकारी देंगे।

रंग महल में मंगलवार को प्रेसवार्ता में रजा लाइब्रेरी निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने बताया कि आयुष एवं संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में रजा लाइब्रेरी में 19 से 25 जून तक योगोत्सव मनाया जाएगा। इसमें 19 जून को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1 बजे वसुधैव कुटुम्बकम विषय पर विद्वान योग विषय पर व्याख्यान देंगे। दोपहर एक बजे योग यात्रा, शास्त्र साधना और संस्कार विषय पर लगी प्रदर्शनी का उद्घाटन होगा। 20 जून को दो चरण में कार्यक्रम होंगे। जिसमें पहले चरण में दयावती मोदी एकेडमी, सेंट पॉल्स स्कूल, सेंट मेरी स्कूलों के बच्चे लाइब्रेरी पहुंचकर कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। प्रतियोगिताओं में शामिल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। दूसरे चरण में शाम 5 बजे से स्वर साधना का संगीत पर आधारित कार्यक्रम होगा। 21 जून को योग का मुख्य कार्यक्रम है, जिसमें सुबह साढ़े पांच बजे से कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। सुबह 6:30 बजे से 7 बजे तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बड़ी एलईडी पर दिखाया जाएगा। 7 बजे से 7:45 बजे तक योग विषय पर विशेषज्ञ चर्चा करेंगे 7:45 से 8:30 बजे तक बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। सुबह 8:30 बजे के बाद लाइब्रेरी परिसर में अतिथियों द्वारा पौधरोपण किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में अरुण सक्सेना और मीडिया प्रभारी हिमांशु सिंह शामिल रहे।



पत्रकार वार्ता में लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र।

### देश के 189 आइकॉन में लाइब्रेरी भी शामिल

रजा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने बताया कि 21 जून को योग के कार्यक्रम देश के 189 आईकॉनिक लोकेशन पर होंगे। इन आइकॉनिक स्थानों में भारत सरकार द्वारा रजा लाइब्रेरी को भी शामिल किया गया है। यह रामपुर के लिए गौरव की बात है।

# नहरों में टेल तक नहीं पहुंच रहा पानी, किसान परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचारः सिंचाई के लिए नहरों की टेल तक पानी नहीं पहुंचने से किसान परेशान है। पानी के अभाव में गन्ना मेंथा और सूरजमुखी की फसलें सूख रही हैं। जिले में 804 किमी. लंबी नहरों का जाल बिछा हुआ है। अधिकारियों का दावा है किसानों की फसलों की सिंचाई के लिए अब नहरों की टेल (अंतिम छोर) तक पानी पहुंचेगा। जिससे किसानों को फसलों की सिंचाई करने में राहत मिलेगी। लेकिन जमीनी हकीकत जुदा है।

नहरों की टेल तक पानी नहीं पहुंचने से किसान परेशान हैं उन्हें फसलों की सिंचाई महंगा डीजल फूंककर करना पड़ रही है। पटवाई में लोअर कोसी में पानी नहीं है। पीलाखार से निकलने वाली नहरें सूखी पड़ी हैं। टांडा में जितनी माइनर हैं सभी सूखी हैं। नहरों में पानी नहीं होने से तालाब भी सूख गए हैं। जिसके कारण जंगलों में रहने वाले वन्य जीवों के समक्ष भी पानी की समस्या आने लगी है। वन्य जीवों को पानी के लिए जंगल में भटकना पड़ता है। तालाब भी सूख चुके हैं। जिसके कारण वन्यजीवों को पीने के लिए पानी नहीं है। किसान भी नहरों में पानी नहीं होने के कारण काफी परेशान हैं। किसान दिवस में नहरों का मुद्दा गूंजता है लेकिन, स्थिति जस की तस है। एक्सईएन नहर खंड नवीन कुमार ने बताया कि जिले में 94 नहरों का जाल है। जैसे नहरों में पानी पहुंचेगा कब्जा खत्म हो जाएगा और किसानों को सिंचाई करने में काफी सहूलियत हो जाएगी।

### किसानों ने बताईं समस्याएं


हसीब अहमद


मोहम्मद अली


राम बहादुर यादव


शेर सिंह

भाकियू टिकैत के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद का कहना है कि नहरों में पानी नहीं है प्रशासन नहरों को बंद कराए और नहरों की जगह पर पौधरोपण करा दे ताकि, पर्यावरण बेहतर बन सके। बेहतर पर्यावरण से अच्छी बारिश होगी और फसलों का भी अच्छा उत्पादन होगा। किसान मोहम्मद अली ने कहा कि नहरों में पानी नहीं होने के कारण वन्य जीवों के लिए पीने के पानी की कमी हो गई है। तत्काल नहरों में पानी संचालित कराया जाए ताकि, किसानों समेत वन्य जीवों को भी लाभ मिले और फसल अच्छी हो। किसान राम बहादुर यादव ने कहा कि किसान दिवस में नहरों की सफाई और उनमें टेल तक पानी पहुंचाने की मांग की जाती है। किसानों की मांग को अधिकारी अनसुना कर देते हैं जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हो गई है। किसान पानी के लिए परेशान हैं। किसान नेता शेर सिंह ने बताया कि अधिकारी किसानों की समस्या को नहीं समझते। नहरों पर अरबों रुपये खर्च किया जा रहा है लेकिन, किसानों को उसका लाभ नहीं मिलता। किसान लगातार नहरों में पानी छोड़ने की मांग कर हैं लेकिन, कोई नहीं सुन रहा है।


आरक्षी प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए डीआईजी मुनिराज।

# डीआईजी ने आरक्षी प्रशिक्षण की तैयारियों का जायजा लिया

रामपुर, अमृत विचारः पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र मुरादाबाद ने मंगलवार शाम पुलिस लाइन रामपुर में आरक्षी प्रशिक्षण की तैयारियों का जायजा लिया। मुनिराज जी ने सलामी लेकर पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के साथ पुलिस लाईन में आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण के लिए आवंटित प्रशिक्षण (जेटीसी व आरटीसी) के लिए तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान आरटीसी बैरक, मल्टी स्टोरी बैरक, बडा हॉल, भोजनालय, क्लासरूम, स्नानागार आदि का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों को किसी प्रकार की लापरवाही ना बरतने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव, रामपुर क्षेत्राधिकारी लाइंस, टांडा, क्षेत्राधिकारी नगर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**उदासीनता** 78000 मीट्रिक टन था जिले में गेहूं खरीद का लक्ष्य

# जिले में महज 40 प्रतिशत हुई गेहूं खरीद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचारः जिले में महज 40 प्रतिशत गेहूं खरीद हुई है। जबकि शासन से 78000 मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला था। जिले में आठ एजेंसियों के 133 क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद हुई थी और गेहूं का सरकारी भाव 2425 रुपये प्रति क्विंटल है।

गेहूं खरीद के लिए जिले में आठ एजेंसियों ने 133 क्रय केंद्र बनाए थे लेकिन, गेहूं खरीद में तेजी नहीं आई। गेहूं खरीद में तेजी लाने के लिए प्रशासन की ओर से खरीद एजेंसियों को नोटिस भी जारी किए गए लेकिन, गेहूं खरीद में तेजी नहीं आई। गेहूं की कटाई शुरू होते ही किसानों ने अधिकांश गेहूं प्राइवेट मंडियों में बेच दिया है। सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों को अपना आधार और खसरा खतौनी आदि लेकर जाना पड़ती है। तमाम झंझटों से बचते हुए किसान ने अपना गेहूं आढ़तियों के हाथों बेच दिया और किसानों को उनके माल का दाम तुरंत मिल गया। जबकि, सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों को अपना पंजीकरण कराना पड़ता है इसके बाद ही उनके गेहूं की खरीद होती है। तमाम तवालत से बचते किसान ने अपना अधिकांश गेहूं मंडी में आढ़तियों के हाथों बेच दिया।

### आंकड़ों पर एक नजर

| एजेंसी | क्रय केंद्र | लक्ष्य(एमटी) | लक्ष्य के सापेक्ष खरीद |
|---|---|---|---|
| खाद्य विभाग | 12 | 9000 | 83.28 प्रतिशत |
| पीसीएफ | 48 | 28000 | 17.28 प्रतिशत |
| पीसीयू | 27 | 16000 | 34.61 प्रतिशत |
| यूपीएसए | 15 | 9000 | 31.69 प्रतिशत |
| नैफेड | 11 | 6500 | 87.14 प्रतिशत |
| एनसीसी | 05 | 3000 | 26.23 प्रतिशत |
| मंडी समिति | 03 | 1800 | 115.86 प्रतिशत |
| खाद्य निगम | 08 | 4700 | 33.95 प्रतिशत |
| **कुल योग** | **133** | **78000** | **39.75 प्रतिशत** |

"जिले में 78000 एमटी गेहूं खरीद के सापेक्ष 31007.21 मीट्रिक टन लगभग 40 प्रतिशत गेहूं खरीद हुई है। जिसमें 8 एजेंसियों ने 133 क्रय केंद्र लगाए थे। किसानों से 2425 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीद हुई। किसानों को 7576.01 रुपये का भुगतान कर दिया गया है।

– प्रिंस चौधरी, खाद एवं विपणन अधिकारी।"

# जिले में 4 स्थानों पर मक्का क्रय केंद्र स्थापित किए गए

संवाददाता, रामपुर



अमृत विचारः जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जनपद के समस्त कृषक खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 रबी फसल में कृषकों से मक्का की खरीद कराये जाने के लिए चार केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिसमें मानक के अनुरूप मक्का की गुणवत्ता के लिए अधिकतम सीमा तय की गई है। जैसे-विजातिय तत्व 1 प्रतिशत, क्षतिग्रस्त दाने 1.5 प्रतिशत, किंचित क्षतिग्रस्त व बदरंग दाने 4.5 प्रतिशत, अन्य खाद्यान्न 2 प्रतिशत, घुन लगे दाने 1 प्रतिशत, सिकुड़ हुए एवं उपरिपक दाने 3 प्रतिशत एवं नमी 14 प्रतिशत निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि जनपद के कृषक मानकों को पूर्ण करते हुए अपनी मक्का विक्रय के लिए कृषक स्मार्ट फोन, जनसेवा केंद्र साइवर कैफे के माध्यम से पर पंजीकरण करा लें। मक्का विक्रय करने के लिए कृषक का पंजीकरण होना आवश्यक है। कृषक मक्का क्रय केन्द्रों पर अपनी मक्का मानक अनुरूप करके लाएं जिससे मक्का सरकारी तौल पर तय समर्थन मूल्य पर क्रय की जा सके।

## सार-संक्षेप

### मुजफ्फरनगर, शामली के रिक्रूट का प्रशिक्षण शुरू


पुलिस लाइन में जायजा लेते पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र।

रामपुर अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक ने वर्ष 2023 में चयनित आरक्षियों के आधारभूत प्रशिक्षण की तैयारियों की समीक्षा कर, प्रशिक्षुओं की बातचीत की। नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को जेटीसी प्रशिक्षण 17 जून से शुरू हो गया है। मुजफ्फरनगर से 202 पुरुष, शामली से 85 पुरुष एवं जिला सहारनपुर से 72 महिला रिक्रूट आरक्षी कुल 359 रिक्रूट आरक्षी जेटीसी प्रशिक्षण कराए जाने के लिए आवंटित हुए हैं। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने मंगलवार को जेटीसी प्रशिक्षण प्राप्त करने आ रहे आवंटित अभ्यर्थियों के दृष्टिगत प्रशिक्षण से सम्बन्धित आवासीय, भोजन एवं अन्य समस्त व्यवस्थाओं की समीक्षा की गयी तथा नवनियुक्त आरक्षियों से बातचीत की। प्रशिक्षण के संबंध में सर्व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन एवं प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में महिला सहित दो घायल

सैफनी, अमृत विचार : सड़क पार करते समय एक महिला बाइक सवार से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार व महिला घायल हो गए। मंगलवार शाम थाना क्षेत्र के ग्राम रवाना गांव निवासी रामप्यारी अपने बेटे पप्पू के साथ कहीं जाने के लिए निकली थी। जैसे ही वह शाहबाद-बिलारी मार्ग स्थित रवाना गांव के ही पास रोड पार कर रही थी। तभी सैफनी की तरफ से जा रहे चंद्रपुर कला गांव निवासी अरुण कुमार की बाइक से महिला की टक्कर हो गई। हादसे में रामप्यारी और अरुण कुमार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद भिजवाया है।

### गोवंश के अवशेष फेंकने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर, अमृत विचार : खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव इटंगा बैरमनगर रिंकू गंगवार द्वारा थाना खजुरिया में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। आरोप लगाया कि 13 जून को गांव के शहजादे की बेटी की शादी थी। जिसमें ग्राम प्रधान नसीब खां द्वारा गोवध कराने के बाद उसका मांस शादी में परोसा गया। बाद में उसके अवशेषों को कट्टे में भरकर नदी किनारे फेंक दिया गया था। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि गांव प्रधान नसीब खां, मोहसिन, कदीर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। कहा कि विवेचना में गुड्डू उर्फ रफीक, मुजीब उर्फ मुजीम, जरीना, गन्ठा एवं एक अन्य महिला नाम प्रकाश आया है। कहा कि मंगलवार को मुजीब उर्फ मुजीम, गुड्डू उर्फ रफीक दोनों आरोपियों को गांव दलकी से गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले जरीना, मोहसिन दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कहा कि मामले की विवेचना की जा रही है, बाकी आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मकान से लाखों का समान चुरा ले गए चोर

मिलक, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के धनेली उत्तरी निवासी शेर सिंह ने कोतवाली में तहरीर दी। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह पिछले काफी टाइम से बरेली में रह रहे हैं। गांव में उनका पैतृक मकान है जिसमे उनके माता-पिता रहते हैं। रविवार की देर रात्रि माता-पिता सोए हुए थे। रात्रि के किसी समय अज्ञात चोर मकान में दाखिल हुए। और एक कमरे में रखी अलमारी के ताले तोड़ दिए। अज्ञात चोर एक सोने का हार, एक चैन, एक जोड़ी कुंडल, तीन जोड़ी पायल, कमरबंद आदि ले गए। जाते समय वह छोटे बक्से को भी उठाकर ले गए। सुबह होने पर चोरी का पता चला तो ग्रामीणों ने बताया कि गांव के समीप नहर की पुलिया के पास बक्सा पड़ा हुआ है। संभवत: चोर बक्से से सामान चोरी करने के बाद उसे वहां फेंक गए होंगे। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। वहीं कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया कि पुलिस को तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### कार ने बैलगाड़ी में मारी टक्कर, एक घायल

दढ़ियाल, अमृत विचार : काशीपुर की ओर आ रही तेज रफ्तार कार ने बैल गाड़ी में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बैल गाड़ी चालक को चोट आई है। जबकि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। बैल गाड़ी चालक जलीस निवासी गांव अकबराबाद ने बताया कि वह बैल गाड़ी में रेत भर कर काशीपुर की ओर जा रहा था। तभी ग्राम चौखंडी के पास तेज रफ्तार कार ने बैल गाड़ी में पीछे टक्कर मार दी, उनको चोट आई। जबकि बैल गाड़ी भी टूट गई। वहीं कार चालक जसवंत सिंह निवासी ग्राम तेलीपुरा ने बताया कि सामने से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में टक्कर लग गई। कार में चालक सहित तीन लोग और एक बच्चा सवार थे। कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। मामले में पुलिस ने चौकी में बुला कर दोनों पक्षों का समझौता कराया।

### उधार की रकम मांगने पर लाठी-डंडों से पीटा, रिपोर्ट दर्ज

रामपुर, अमृत विचार : कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। भोट थाना क्षेत्र के गांव करीमपुर शर्की निवासी आरिफ खां ने शहजादनगर थाना क्षेत्र के मिलक मोहम्मद बख्श निवासी चांद को नवंबर 2020 में उसकी शादी पर ढ़ेड लाख रुपये उधार दिए थे। पैसे वापिसी मांगने पर वो टाल-मटोल करते रहे। जिसके बाद 19 मई को पैसे देने के बहाने से घर बुलाकर आरिफ खां को लाठी-डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में थाने शिकायत की तो लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने चांद खां, शाकिर और जरीफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बाजारों में अतिक्रमण से लग रहा जाम

रामपुर, अमृत विचार : शहर के मुख्य बाजारों में सड़कों पर अतिक्रमण करने से जाम लगता है। जामा मस्जिद के निकट बर्तन बाजार में जस्त के बक्सों के अलावा प्लास्टिक का सामान सड़क पर रखे रहते हैं। जिसके कारण सड़क संकरी हो जाती है। पालिका द्वारा कई बार अतिक्रमण अभियान चलाया जा चुका है इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई। जबकि, जामा मस्जिद के मुख्य गेट पर पुलिस पिकेट तैनात रहती है। सड़कों पर सामान रखने से जाम की स्थिति बनती है। दुकानदारों से व्यापार मंडल के नेता भी कई बार सामान को दुकानों के भीतर रखने का आग्रह कर चुके हैं। लेकिन, दुकानदार नहीं मानते और अपनी दुकान का सामान रखकर आधी सड़क घेर देते हैं। जिसके कारण जाम लगता है और लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मिस्टन गंज चौराहा, जच्चा बच्चा सेंटर समेत बाजार नसरुल्लाह खां में तैनात पुलिसकर्मी तमाशाई बने रहते हैं। ई रिक्शा वालों में ट्रैफिक सेंस नहीं होने के कारण पूरे दिन मुख्य बाजारों की सड़कें जाम की गिरफ्त में रहती हैं। व्यापारी नेता शैलेंद्र शर्मा कई बार बाजारों में जाकर दुकानदारों से अपना सामान दुकानों के भीतर रखने का आग्रह कर चुके हैं। कुछ दिन बाद स्थिति जस की तस हो जाती है।

### बिजली की आवाजाही से लोग परेशान

रामपुर, अमृत विचार : बिजली की आवाजाही से शहर के बाशिंदे परेशान हैं। शहर में बिजली आने और जाने का कोई समय निर्धारित नहीं है। सुबह हो या शाम बत्ती कब गुल हो जाए इसका कोई पता नहीं है। बिजली की आवाजाही से लोग परेशान हो चुके हैं। इस मामले में राजनैतिक और अराजनैतिक संगठन कई बार बिजली अधिकारियों को प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंप चुके हैं। लेकिन, स्थिति जस की तस बनी हुई है। शहर के लोगों का कहना है कि बिजली निगम भारी भरकम बिल भेज रहा है। लेकिन, उसके अनुपात में बिजली नहीं मिल रही है। शहर के मोहल्ला घेर तोगां, नवाब गेट, शाहबाद गेट, खटकान, हाथी खाना, इनायत खां की सीढ़ियां, राजद्वारा पुराना गंज में बिजली के आने और जाने का समय निर्धारित नहीं होने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

### टांडा में अतिक्रमण हटाने के बाद कराया सौंदर्यीकरण


टांडा में ध्वस्तीकरण के बाद हुआ पौधरोपण।

रामपुर, अमृत विचार : तहसील टांडा के नगर क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज की भूमि पर अवैध रूप से बनी 24 दुकानों का ध्वस्तीकरण कराया गया था। जहां पौधरोपण करते हुए सौंदर्यीकरण कराया गया। मंगलवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के साथ सौंदर्यीकरण का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक रामपुर द्वारा अतिक्रमण मुक्त करायी गई भूमि को अपने नियन्त्रणाधीन लेते हुए भूमि को बाउंड्रीवाल किया गया है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद टांडा भूमि पर पौधरोपण किया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज की भूमि पर बनी दुकानों से आये दिन जाम की समस्याओं से जूझना पड़ता था। कभी-कभी भंयकर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती थी। कॉलेज में आने वाले विद्यार्थियों के लिए आवागमन भी सुगम बना है।

## एक नजर

### हादसे में बाइक सवार दो भाई घायल

**गुन्नौर,अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव नगला चतुर्भानपुर निवासी काले (24 वर्ष) अपनी ननिहाल जाफरपुर आया था। मंगलवार को ममेरे भाई पुनीत (10 वर्ष) के साथ बाइक से लौट रहा था। दोपहर करीब दो बजे नेहरू चौक से बबराला रोड पर पुलिया के पास मक्का लाद कर मंडी जा रहे ट्रैक्टर और बाइक में टक्कर गई। जिससे काले और पुनीत सड़क पर गिर कर घायल हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

### तीसरे दिन प्राणायाम और ध्यान का कराया अभ्यास

**बबराला,अमृत विचार :** विश्व योग दिवस से पहले योग सप्ताह के तीसरे दिन योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया। पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में बाबूराम सिंह भायसिंह डिग्री कॉलेज में रविवार से चल रहे योग सप्ताह में तिलक सिंह के निर्देशन में योगाभ्यास कराया जा रहा है। समिति के जिला प्रभारी भुवनेश कुमार और संदीप गुप्ता ने बताया कि 21 जून को योग दिवस के वृहद आयोजन की सफलता की रणनीति बनाई गई है।

# अभियान: मूर्तियां शिफ्ट कराने के बाद प्राचीन शनि मंदिर ढहाया

## बहजोई में इस्लामनगर चौराहे पर अतिक्रमण की जद में आया मंदिर ,14 दुकानें भी ढहाई जाएंगी

संवाददाता,बहजोई

- एसडीएम और प्रशासनिक अमले की मौजूदगी में हटाया गया अतिक्रमण
- इस्लामनगर चौराहे पर सरकारी भूमि पर बनी दुकानों पर भी चलेगा बुलडोजर

**अमृत विचार:** बहजोई में अतिक्रमण पर बुलडोजर गरजा। मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर प्राचीन शनि मंदिर से मूर्ति शिफ्ट कराकर हटा दिया गया। इस्लामनगर चौराहा पर सरकारी भूमि पर बनीं 14 दुकानों को खाली करने का एसडीएम ने अल्टीमेटम दिया।

मुरादाबाद-आगरा हाईवे स्थित इस्लामनगर चौराहा पर एसडीम विनय कुमार मिश्रा व सीओ ट्रैफिक डॉ. प्रदीप कुमार सिंह के साथ नगर पालिका परिषद कर्मचारी की टीम बुलडोजर लेकर पहुंची। 50 वर्ष पुराने प्राचीन मंदिर से मूर्तियां निकलवा कर होली चौक पर बने मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। इसके बाद मंदिर तथा उसके बराबर में बनी कुटिया को ध्वस्त कर दिया गया। कुछ लोगों ने विरोध करने की कोशिश की लेकिन मंदिर शिफ्ट करने को लेकर एसडीएम ने किसी की एक न सुनी। इसके बाद एसडीएम ने पुराना नक्शा देखा तो 14 दुकानें सरकारी भूमि पर बनी मिलीं। एसडीएम ने दुकानों को खाली करने का अल्टीमेटम दे दिया। कुछ व्यापारी अपने कागजात दिखाने आए। एसडीएम ने कागजात देखकर बता दिया कि इन कागजात का इस भूमि से कोई मतलब नहीं। फिर क्या था कि एसडीएम की अल्टीमेटम के बाद दुकानदारों ने अपनी दुकान खाली करनी प्रारंभ कर दीं। बहरहाल बुलडोजर की इस कार्रवाई को लेकर व्यापारियों में हड़कंप मचा रहा।


दुकान मालिकों से बात करते एसडीएम विनय मिश्रा। • अमृत विचार

### यातायात पुलिस का सहायता केंद्र भी हटेगा

इस्लामनगर चौराहे पर यातायात पुलिस का सहायता केंद्र बना हुआ है। एसडीएम ने कहा कि इसे भी हटाया जाए। सीओ ट्रैफिक ने सहमति जता दी। एसडीएम ने कहा कि जब तक नगर में अतिक्रमण अभियान के तहत अतिक्रमण नहीं हट जाएगा। तब तक यह अभियान जारी रहेगा। बताया कि मंदिर को शिफ्ट कराकर हाईवे किनारे से हटाया गया है।

### लेखपालों की टीम ने की पैमाइश

एसडीएम विनय कुमार मिश्रा लेखपाल व कानूनगो की टीम अपने साथ लेकर चल रहे थे। बताया जा रहा है कि वह 100 साल पुराना नक्शा अपने साथ लेकर चल रहे थे। नक्शे के हिसाब से गांधी पार्क पर14 दुकानें सरकारी भूमि पर बनी हुई थीं। इसके बाद इस्लामनगर रोड पर नेशनल हाईवे की टीम के साथ नाप की तो दर्जनभर से अधिक दुकानें मानक से 15 से 20 फीट अधिक तक आगे बनी मिलीं। एसडीएम ने एक दिन का समय देते हुए खुद ही अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।


हाईवे किनारे बने मंदिर को ध्वस्त करता बुलडोजर। • अमृत विचार

# कब्रिस्तान की जद से मुक्त कराई सरकारी जमीन


शहबाजपुर कला में नायब तहसीलदार के सामने बात रखते ग्रामीण। • अमृत विचार

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** गांव शहबाजपुर कला में गाटा संख्या 497 में करीब 31 बीघा जमीन कब्रिस्तान की है। इसी गाटा संख्या में 0.553 हेक्टेयर सरकारी बंजर भूमि है। जिसके चारों ओर 2016 में बाउंड्री कराई गई थी। कब्रिस्तान के अंदर तमाम कब्रें भी हैं। मंगलवार को नायब तहसीलदार सतेंद्र चाहर राजस्व टीम व पुलिस के साथ बुलडोजर लेकर मौके पहुंचे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व कुछ संभ्रांत लोगों की उपस्थिति में पैमाइश कराई। कब्रिस्तान के अंदर से करीब पांच बीघा सरकारी बंजर भूमि निकलवाते हुए कब्जामुक्त करा दी। इसके बाद बुलडोजर ने नींव खोदाई शुरू कर दी। बताया गया कि इस भूमि पर पार्क बनाया जाएगा। कानूनगो विजयपाल, लेखपाल सुरेंद्र सिंह, प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद अजहर अंसारी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि साजिद अली के अलावा पुलिस बल मौजूद रहा।

### फेसबुक पर विवादित टिप्पणी का आरोपी गिरफ्तार

**गुन्नौर,अमृत विचार :** सोशल मीडिया पोस्ट पर दूसरी जातियों के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी को लेकर विवाद के हालात पैदा करने पर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेजा गया है। कस्बा के मोहल्ला फजैल निवासी मसरूर पुत्र ममनून ने फेसबुक पर दूसरी जाति पर टिप्पणी करते हुए पोस्ट डाली थी। इसी बात पर मंगलवार को दूसरी जाति के लोगों से उसकी कहासुनी हो रही थी। मौके पर पुलिस पहुंच गई और मसरूर को हिरासत में ले कर शांति भंग करने की धाराओं में चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया। मजिस्ट्रेट ने फेसबुक पोस्ट को समाज में विद्वेष पैदा करने वाला कृत्य मानते हुए आरोपित को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। एसडीएम डॉ. वंदना मिश्रा ने बताया कि समाज के विपरीत फेसबुक पर टिप्पणी करने वाले मसरूर को जेल भेजा जा रहा है जिससे सामाजिक सौहार्द खराब न हो।

### युवक पर 10 दिन में दो बार हमला

**गुन्नौर, अमृत विचार :** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव में रंजिश के चलते युवक पर दस दिन में दो बार हमला हुआ। युवक के सीने में जहरीला इंजेक्शन भी घोंपा गया। पूठरी गांव निवासी हरेंद्र का कहना है कि उस पर पहला हमला छह जून को हुआ। जब अज्ञात लोगों ने सोते वक्त उसके सीने में जहरीला इंजेक्शन घोंप दिया। इसके बाद उसे अलीगढ़ के अस्पताल में दिखाया गया। दूसरा हमला सोमवार 16 जून को शाम सात बजे हुआ। आरोपियों ने उसके गले में अंगोछा डाला और सिर पर चाकू से वार किया। लाठी डंडे से भी मारा पीटा। घायल हरेंद्र को सीएचसी गुन्नौर लाया गया जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित के पिता का कहना है कि छह जून की घटना में कार्रवाई नहीं होने पर सोमवार को पुलिस अधीक्षक से मिले थे। शाम को ही हरेंद्र पर दोबारा हमला हो गया। सीओ दीपक तिवारी ने बताया कि इस मामले में जांच चल रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# सांसद बर्क ने जमा किए 6 लाख, जुड़ गया कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता, संभल

- सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के अधिवक्ताओं ने एक्सईएन विद्युत को दिया प्रार्थना पत्र
- विभाग ने बिजली चोरी में लगाया था 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना, काट दिया था कनेक्शन

**अमृत विचार :** सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने बिजली चोरी मामले में हाईकोर्ट के आदेश पर 6 लाख रुपये जमा किए। इसके बाद बिजली कनेक्शन जोड़ दिया गया।

मोहल्ला दीपा सराय में स्थित सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के आवास पर 19 दिसंबर 2024 को बिजली चोरी का मामला पकड़ा गया था। मौके पर 16 किलोवाट से ज्यादा भार की खपत मिलने की बात बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताई थी। अधिकारियों ने मीटर की जांच कराई तो उसमें भी बिजली चोरी की पुष्टि हुई थी। 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था। बिजली आपूर्ति भी बाधित कर दी गई थी। इस मामले में सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट से सांसद को राहत मिली। मंगलवार को सांसद की ओर से अधिवक्ता मोहम्मद कासिम, मोहम्मद नईम, फरीद आदि ने अधिशासी अभियंता नवीन गौतम को प्रार्थना पत्र दिया। कहा कि हाईकोर्ट के आदेश पर ड्राफ्ट के माध्यम से 6 लाख रुपये जमा कर दिए हैं। ऐसी स्थिति में बिजली कनेक्शन को जोड़ा जाए। कहा कि हाईकोर्ट ने विभाग द्वारा पारित आदेश 15 मई का क्रियान्वयन भी स्थगित करते हुए विभाग को आदेशित किया है। इसका अनुपालन कराने की मांग की गई।

अधिशासी अभियंता नवीन गौतम ने बताया कि हाईकोर्ट की ओर से 3 जून को आदेश हुआ था जिसमें 6 लाख रुपये जमा करके तीन सप्ताह के अंदर बिजली आपूर्ति को सुचारू कराने के लिए कहा था। शाम को बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और बिजली लाइन जोड़ने दी।


एक्सईएन नवीन गौतम को चेक व दस्तावेज सौंपते सांसद के अधिवक्ता। • अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### संभल में रोडवेज बस अड्डा निर्माण की मांग




**संभल, अमृत विचार :** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विकास चंद्र को सौंपा। कहा कि ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी संभल में किराये के भवन में बस अड्डा चल रहा है। यात्रियों के लिए कोई सुविधा नहीं है। मेंथा तेल, सींग उद्योग और आलू के व्यापार के लिए संभल का नाम है। संभल में रोडवेज बस अड्डा का निर्माण कराया जाए, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। डीपी शर्मा, शाहनवाज संभली, मोहम्मद अली, ब्रजेश यादव, ज्ञानप्रकाश उपाध्याय, राकेश वार्ष्णेय, अमित गौतम, होराम सिंह यादव, वीरेंद्र कौशिक, सतीश शर्मा, नरेश बहादुर, अमित सक्सेना एडवोकेट, मोहम्मद फैसल, मोहम्मद आदिल, योगेश मिश्रा आदि रहे।

### जायन्ट्स फाउंडर नाना चुडास्मा का जन्मदिन मनाया



**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर एवं वूमेन प्राइड के पदाधिकारियों ने जायन्ट्स फाउंडर पदमश्री नाना चुडास्मा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। पौधारोपण कियाऔर लोगों को अंगवस्त्र बांटे। पदाधिकारियों ने नाना चुडास्मा द्वारा किए गए समाजसेवा के कार्यों का बखान किया। योग शिविर में प्रशिक्षक श्रुति अग्रवाल ने विभिन्न योग आसनों का प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. सुधा चौधरी, अनु रस्तोगी, क्षमा अग्रवाल, शुभा कागजी, अलका मंगल, काव्या, प्रांसी, वंदना, निधि, मंजरी, पूजा, मानसी, मोनिका, रूबी आदि पदाधिकारी मौजूद रही।

# उर्वरक नीति के खिलाफ किसानों ने उठाई आवाज

कार्यालय संवाददाता, संभल

- भाकियू असली के बैनर तले मंडी समिति से एडीएम कार्यालय तक निकाली बाइक रैली
- डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा, उर्वरक वितरण सहित कई मांगें उठाईं

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों ने बाइक रैली निकालकर उर्वरक वितरण नीति के खिलाफ आवाज बुलंद की। किसानों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

भाकियू असली से जुड़े किसान मंडी समिति संभल में इकट्ठा हुए। यहां से बाइक रैली की शुरुआत की गई। बाइक रैली चौधरी सराय, मोहल्ला नाला, हल्लू सराय, यशोदा चौराहा, चंदौसी चौराहा, एसडीएम कार्यालय होते हुए एडीएम कार्यालय पहुंची। डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विकास चंद्र को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि संयुक्त कृषि निदेशक (उर्वरक) ने 3 जून को उर्वरक वितरण को लेकर निर्देश दिए। किसानों को तीन बैग फास्फेटिक उर्वरक देने की बात कही गई। इससे अधिक उर्वरक लेने पर क्रेता व विक्रेता के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही गई। यह अन्याय है। लघु किसान का तो तीन बैग से काम चल जाएगा लेकिन बड़ी जोत के किसानों को परेशानी होगी। इसलिए व्यवहारिक नीति अपनाई जाए।


संभल में अपनी मांगों को लेकर पैदल मार्च निकालते किसान। • अमृत विचार

इसके अलावा जिले में जमीनों के सर्किल रेट बढ़ाने, चकबंदी विभाग में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, जिला अस्पताल में व्यवस्था सुधार कर मरीजों को सहूलियत देने, गन्ना किसानों का बकाया भुगतान कराने, जिले में नकली बीज, खाद, कीटनाशक दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने, समर्थन मूल्य पर मक्का खरीद के लिए क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ाने की मांग उठाई। पउप्र प्रभारी चौधरी संजीव गांधी, जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, जयवीर सिंह यादव, अशरफ अली, आशिक रजा, सतेंद्र सिंह, दिनेश सिरोही, मोहम्मद सुलेमान, मुकेश सिंह, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद हफीज, अमर सिंह, मोहम्मद वारिस, राजीव कुमार, नवाब सिंह, चौधरी अर्जुन सिंह, महबूब हुसैन आदि रहे।

## साइबर ठग ने युवक से ठगे 7500 रुपये

**चन्दौसी, अमृत विचार:** साइबर ठग ने एक युवक को 1 लाख रुपये का लालच देकर 7500 हजार रुपये ठग लिए। युवक ने तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अकबरपुर चितौरी निवासी मनोज गौतम पुत्र कुंवर सेन ने बताया कि वह 14 जून की दोपहर घरेलू कार्य से घंटाघर गया था। उसके मोबाइल पर कॉल आई। दूसरी ओर से एक युवक ने कहा कि तुम्हारे खाते में 1 लाख रुपये आ सकते हैं। ठग की बातों में आकर युवक ने कई बाद में 7500 रुपये बताए नंबर पर ऑनलाइन ट्रांसफार्मर कर दिए। ठग उससे लगातार और रुपये ऑन लाइन डालने की बात कहता रहा। बाद में मनोज को ठगे जाने का अहसास हुआ। आरोप है कि साइबर ठग की कॉल बार-बार आ रही है। युवक की ओर से साइबर ठग के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी गई है।

### कहासुनी का निकला मामला

**कुढफतेहगढ़/ चंदौसी, अमृत विचार :** गांव दारनी में कंचन पत्नी सिन्टू ने सोमवार की रात गांव के ही एक युवक पर घर में घुसकर कुंडल व एक मंगलसूत्र ले जाने का आरोप लगा तहरीर दी थी। जांच में मामला कहासुनी का निकला। समझौता हो गया।

**मुश्किल सफर** — जर्जर गैस गोदाम रोड पर गड्ढों में भरा रहता है पानी, मुसीबत झेलते हैं लोग

# वर्षों से चंद कदम की रोड नहीं बना सकी नगर पालिका

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** गैस गोदाम रोड को अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। मार्ग इतना बदहाल हो चुका है कि नीचे से रोड़ी निकल आई है, जिससे इस मार्ग पर चलना दुश्वार हो गया है। आसपास कॉलोनी के लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। उक्त मार्ग को मिनी बाईपास के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। लोगों ने नगर पालिका से शीघ्र ही सड़क निर्माण की मांग की है।

गैस गोदाम मार्ग पिछले 7 वर्षों से बदहाल है। सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने के साथ नीचे से रोड़ी निकल आई है। नालियों भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर भर रहा है जिससे आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग पर आधा दर्जन कॉलोनी आवास विकास कॉलोनी, वैष्णो विहार, घटलेश्वर गेट, पंचशील कॉलोनी, वैशाली नगर, संगम विहार, पंचशील कॉलोनी जुड़ी है।

मार्ग क्षतिग्रस्त होने से स्कूली बच्चों व महिलाओं को अधिक परेशानी उठानी पड़ती है। गैस गोदाम रोड को लोग मिनी बाईपास के रूप में इस्तेमाल करते हैं। क्योंकि कैथल गेट से घटलेश्वगेट होते हुए गैस गोदाम रोड से सीधे बहजोई रोड हाईवे पर निकलते हैं। इसलिए शहर के लोगों का इस मार्ग पर ज्यादा आवागमन बना रहता है। मार्ग क्षतिग्रस्त होने से लोगों के परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने नगर पालिका से सड़क निर्माण कराकर मार्ग को दुरुस्त कराने की मांग की है।


गैस गोदाम रोड पर गड्ढे में भारा पानी। • अमृत विचार

> उक्त मार्ग कार्य योजना में शामिल कर लिया गया है। 20 जून को जिलाधिकारी कार्यालय में बैठक है। इसके 21 दिन बाद सड़क का कार्य शुरू कर दिया जायेगा।
>
> **–लता वार्ष्णेय**, पालिकाध्यक्ष


गैस गोदाम मार्ग क्षतिग्रस्त होने से बहुत परेशानी होती है। क्योंकि उक्त मार्ग से गुजरते समय बच्चे व महिलाएं चुटैल तक हो जाते हैं। कई बार स्थानीय लोग पालिका से सड़क निर्माण की मांग कर चुके हैं।
**–अजय जैन**


गैस गोदाम की सड़क जर्जर होने से आवागमन में तो मुसीबत होती ही है दुकानदार भी परेशान हैं। सड़क जर्जर होने से ग्राहक दुकानों पर खरीदारी करने नहीं पहुंचते जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है।
**–यादराम सैनी**


गैस गोदाम रोड को जर्जर हुए 7 वर्ष से अधिक समय गुजर चुका है। लोग पालिका सहित अधिकारियों से सड़क निर्माण की मांग कर चुके हैं। सड़क निर्माण नहीं होने से भारी मुसीबत उठानी पड़ रही है।
**–राकेश शर्मा**


उक्त मार्ग को शहर के लोगों द्वारा मिनी वाईपास के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। जर्जर सड़क पर गड्ढो में जलभराव के चलते आने-जाने में परेशानी उठानी पड़ रही है। यह महत्वपूर्ण रोड है।
**–गौरव पाठक**

Admission Open
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
B.I.U.
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
- BA (Journalism/Mass Communication)
- BA (Hons.) in English
- BA (Hons.) in Political Science
- BA (Hons.) in Sociology
- BA (Hons.) in Economics
- BA (Hons.) in Psychology
- B. Lib.

PG Programs
- MA (Journalism/Mass Communication/ Public Relations/Electronic Media/Advertising)
- MA (English/Political Science/Sociology/ Economics/Hindi)
- MA (Translation Studies)
- MA (Applied & Clinical Psychology)
- M.Lib.

Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

असम्यगुपयुक्तं हि ज्ञानं सुकुशलैरपि।
उपलभ्यं चाविदितं विदितं चाननुष्ठितम्॥

वह ज्ञान बेकार है जिससे कर्तव्य का बोध न हो और वह कर्तव्य भी बेकार है जिसकी कोई सार्थकता न हों।

## संपादकीय

# भू-राजनीतिक तनावों के बीच

कनाडा में जी-7 की बैठक ऐसे वक्त में हो रही है, जब पूरी दुनिया में युद्ध की हलचल मची है। चाहे वो रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध हो या ईरान और इजरायल की लड़ाई। जी-7 दुनिया की सात उन्नत अर्थव्यवस्थाओं- फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, इटली और कनाडा तथा यूरोपीय संघ का एक अनौपचारिक समूह है। इसके सदस्य वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए हर साल जी-7 शिखर सम्मेलन में मिलते हैं। भारत जी-7 का सदस्य नहीं है। भारत लगातार छठी बार एक अतिथि देश के रूप में जी-7 में भाग ले रहा है, जो मौजूदा समय में विश्व मंच पर भारत के महत्व को रेखांकित करता है। कनाडा पहुंचने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी प्राथमिकताएं भी तय कर दी। उन्होंने कहा वे ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर भी जोर देंगे। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। पीएम मोदी ने इससे पहले साइप्रस में कहा था कि ये युग युद्ध का नहीं है। विशेषज्ञों के मुताबिक ग्लोबल साउथ में भारत व अन्य देशों की बढ़ती भूमिका व कई धुरियों में बंटी वैश्विक परिस्थितियों ने जी-7 की अहमियत को कम कर दिया है। जी-7 का प्रभाव घट रहा है। भारत को ग्लोबल साउथ की प्रमुख आवाज माना जाता है। विकसित देशों को लग गया है कि भारत के बिना चलने वाला नहीं है।

भारत दुनिया का पांचवा सबसे बड़ा देश है और अब तो चौथी बड़ी इकोनॉमी हो चुकी है। ऐसे में भारत को साथ लाना बहुत जरूरी है। भारत जैसे देशों को जी-7 में शामिल करना इसे फिर से प्रासंगिक बनाने का एक तरीका हो सकता है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने भारत को आउटरीच अतिथि देश के रूप में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। कार्नी द्वारा दिया गया आमंत्रण नई सरकार की भारत के साथ संबंधों को सुधारने की मंशा का संकेत है जो खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद सबसे खराब स्थिति में पहुंच गए थे। सम्मेलन भारत के लिए अपनी प्राथमिकताओं को वैश्विक मंच पर पेश करने का अवसर भी है। भू-राजनीतिक तनावों के बीच प्रधानमंत्री मोदी की कई अन्य वैश्विक नेताओं के साथ भी द्विपक्षीय बैठकों से कूटनीतिक संबंधों को और मजबूती मिलेगी। भारत की जी-20 अध्यक्षता के बाद, जी-7 में उसकी सक्रिय भागीदारी वैश्विक नेतृत्व में भारत की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती है।

# जनगणना 1951 से 2025 तक, पहले कौन देगा जानकारी



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

बेशक, 1951 की जनगणना, जिसे 'स्वतंत्रता जनगणना' भी कहा जाता है, आजादी के बाद भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव थी। गोपालस्वामी ने गणना को लोकतांत्रिक तरीके से कराने में अहम भूमिका निभाई, ताकि यह पूरे देश में व्यवस्थित ढंग से हो सके। दरअसल 1951 की जनगणना में कई चुनौतियां थीं।

देश में जनगणना शुरू होने वाली है। केन्द्र सरकार ने भारत की जनगणना कराने संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है। इस बार जनगणना की प्रक्रिया दो चरण में होगी, जिसका पहला चरण एक अक्टूबर 2026 तक पूरा किया जाएगा, जबकि दूसरा और अंतिम चरण एक मार्च 2027 तक पूरा होगा। परंपरा रही है कि जनगणना का काम देश के राष्ट्रपति से शुरू होता है। सबसे पहले जनगणना के कार्य में लगे कर्मी राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति से उनके बारे में जानकारियां एकत्र करते हैं। आजाद भारत की पहली जनगणना का श्रीगणेश 20 फरवरी 1951 से शुरू हुआ। उस दिन भारत के राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद से सारी जानकारियां भारत के जनगणना उपायुक्त रामेश्वर दयाल ने राष्ट्रपति भवन में जाकर हासिल की। डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अपनी उम्र 66 वर्ष, पेशा "राष्ट्रपति" बताया और बताया था कि कि उन्हें हिंदी के अलावा अंग्रेजी और बांग्ला भाषाएं आती हैं। उनके बाद उनकी पत्नी श्रीमती राजवंशी देवी से जानकारी ली गई थीं।

दरअसल भारत जैसे विशाल देश में जनगणना कराना सच में बहुत बड़ी चुनौती रही है। देश के आजाद होने के बाद इंडियन सिविल सेवा (आईसीएस) के मद्रास कैडर के तेज-तर्रार अफसर आर.ए. गोपालस्वामी के नेतृत्व में पहली बार 1951 में जनगणना करवाई गई थी, जो 1872 से हर दस साल में होने वाली नौवीं जनगणना थी। यह जनगणना 1948 के जनगणना अधिनियम के तहत हुई, जिसने भारत में जनगणना की प्रक्रिया को औपचारिक और कानूनी रूप दिया। गोपालस्वामी ने डब्ल्यू. डब्ल्यू.एम. येट्स की जगह ली, जिन्हें 1951 की जनगणना के लिए नियुक्त किया गया था, लेकिन 1948 में उनकी मृत्यु हो गई थी। सरकार ने गोपालस्वामी को 1949 में स्वतंत्र भारत का पहला जनगणना आयुक्त कर दिया था। वे भारतीय सिविल सेवा के 1927 बैच के अफसर थे। कुछ सालों तक मौजूदा तमिलनाडु में अहम पदों पर रहने के बाद वे 1940 में नई दिल्ली आ गए थे। यहां वे कृषि विभाग में भी रहे। गोपालस्वामी के मार्गदर्शन में 1951 की जनगणना में उम्र, लिंग, वैवाहिक स्थिति, धर्म, शिक्षा और पेशे जैसे सामाजिक और आर्थिक आंकड़े जुटाए गए। जनगणना के अनुसार भारत की आबादी 36.10 करोड़ थी, जिसमें पुरुष-महिला अनुपात 1000:946 था। साक्षरता दर 18 प्रतिशत थी और औसत आयु 32 साल थी। इसके अलावा, विभाजन के कारण हुए विस्थापन का भी डेटा दर्ज किया गया, जिसमें 72.26 लाख मुस्लिम पाकिस्तान गए और 72.49 लाख हिंदू और सिख भारत आए। इस डेटा ने आजाद भारत की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समझने की नींव रखी।

यहां पर भारत के पहले जनगणना आयुक्त डब्ल्यूसी प्लौडेन की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्होंने 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत भारत की पहली जनगणना आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1881 की जनगणना को भारत में पहली व्यवस्थित और व्यापक जनगणना माना जाता है।

बेशक, 1951 की जनगणना, जिसे 'स्वतंत्रता जनगणना' भी कहा जाता है, आजादी के बाद भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव थी। गोपालस्वामी ने गणना को लोकतांत्रिक तरीके से कराने में अहम भूमिका निभाई, ताकि यह पूरे देश में व्यवस्थित ढंग से हो सके। दरअसल 1951 की जनगणना में कई चुनौतियां थीं, जैसे कम साक्षरता दर (केवल 18 प्रतिशत) और देश की विशालता और विविधता के कारण लॉजिस्टिक समस्याएं। गोपालस्वामी ने इन बाधाओं के बावजूद व्यवस्थित तरीके से जनगणना सुनिश्चित की। जम्मू-कश्मीर में अस्थिरता के कारण वहां 1951 में जनगणना नहीं हो सकी और वहां की आबादी का अनुमान 1941 की जनगणनाओं के आधार पर लगाया गया। उनकी नेतृत्व क्षमता ने डेटा की विश्वसनीयता बनाए रखी।

आप जानते हैं कि 1951 की जनगणना का डेटा भारत के पहले पंचवर्षीय योजना (1951-1956) के लिए आधार बना। इसने आर्थिक विकास, शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए नीतियां बनाने में मदद की। कम साक्षरता और आयु जैसे मुद्दों को उजागर कर यह लक्षित हस्तक्षेपों का आधार बना। गोपालस्वामी ने जनगणना को साक्ष्य-आधारित शासन का महत्वपूर्ण साधन बनाया, जो आज भी भारत की नीति निर्माण को प्रभावित करता है। 1951 की जनगणना भारत के सांख्यिकीय इतिहास में एक मील का पत्थर है, जिसने आजादी के शुरुआती दौर में देश की जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक स्थिति की महत्वपूर्ण जानकारी दी। गोपालस्वामी 1949-1953 तक देश के जनगणना आयुक्त रहने के बाद वापस मद्रास चले गए थे। वे केंद्र सरकार के सेवा से 1963 में रिटायर हो गए थे। यहां पर भारत के पहले जनगणना आयुक्त डब्ल्यूसी प्लौडेन की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्होंने 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत भारत की पहली जनगणना आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1881 की जनगणना को भारत में पहली व्यवस्थित और व्यापक जनगणना माना जाता है, और इसकी देखरेख डब्ल्यूसी प्लौडेन ने की। बता दें कि 1881 की जनगणना पूरे भारत में एक ही समय (17 फरवरी, 1881) को आयोजित की गई थी। यह पहली बार था जब भारत में एक निश्चित तिथि पर सभी क्षेत्रों में एक साथ जनगणना की गई। बहरहाल, इस बार की जनगणना में देश जानने को उत्सुक है कि पिछली 2011 जनगणना के बाद पारसी, बौद्ध, यहूदी आदि की आबादी कितनी बढ़ी। इन समूहों की संख्या और स्थिति का पता लगाना सामाजिक समावेशन, नीति निर्माण और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। ये सब भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के अभिन्न अंग हैं। पारसी, जो मूल रूप से फारस (आधुनिक ईरान) से भारत आए, की 2011 की जनगणना के अनुसार, आबादी 57,264 थी, जो उनकी घटती जनसंख्या को दर्शाता है। जनगणना के माध्यम से उनकी सटीक संख्या और जनसांख्यिकीय स्थिति का पता लगाना उनके सांस्कृतिक संरक्षण के लिए आवश्यक है।

2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में लगभग 84 लाख बौद्ध थे, जो कुल जनसंख्या का 0.7 प्रतिशत थे। हालांकि, कुछ बौद्ध विद्वानों का दावा है कि उनकी वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है, क्योंकि कई दलित बौद्धों को जनगणना में हिंदू के रूप में दर्ज किया जाता है। बौद्ध समुदाय मुख्य रूप से महाराष्ट्र, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख में केंद्रित है। जनगणना के माध्यम से उनकी सटीक संख्या और भौगोलिक वितरण का पता लगाना उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति को समझने और उनके लिए उपयुक्त नीतियां बनाने में मदद करता है।

भारत में यहूदी समुदाय की संख्या बहुत कम है, 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 5,000। ये मुख्य रूप से मिजोरम, मणिपुर (बेने मेनाशे) और आंध्र प्रदेश में रहते हैं। यहूदी समुदाय की उपस्थिति भारत की धार्मिक सहिष्णुता का प्रतीक है। दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े हुए ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि देश में छोटे समूहों के हकों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। ये भी देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। बता दें कि दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने ही सेंट स्टीफंस कॉलेज और सेंट स्टीफंस अस्पताल की स्थापना की थी। हाल ही में इसने सोनीपत में इसने सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल भी खोला है। वे राजघाट और शांतिवन में होने वाली सर्वधर्म सभाओं में दशकों से भाग ले रहे हैं। बेशक, छोटे धार्मिक समूहों की जनसंख्या का आकलन सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देने और उनके लिए विशिष्ट नीतियां बनाने में सहायक होगा। किसी भी देश के लिए जनगणना बेहद होती है। उम्मीद करनी चाहिए कि इसमें सारे देशवासी भाग लेंगे और सही जानकारी देंगे।

## प्रसंगवश

# ताकि घृणास्पद भाषण पर लगाया जा सके अंकुश

**दिवस विशेष**



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

हेट स्पीच या यूं कहें कि घृणास्पद भाषण किसी व्यक्ति, समुदाय और देश को नुकसान पहुंचाते हैं, क्योंकि हेट स्पीच किसी भी देश के सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारे, शांति को भंग करने का काम करती है। यह बहुत ही दुखद है कि आज हमारे समाज में ऐसे कई लोग मौजूद हैं, जिनके खिलाफ नफरत फ़ैलाने वाले भाषण के मामले दर्ज हैं। वास्तव में, नफरती भाषण (हेट स्पीच) समाज में हिंसा, भेदभाव की भावना पैदा करते हैं तथा असहिष्णुता को उकसाते हैं और इस प्रकार के भाषणों से समाज और देश को बहुत नुकसान पहुंचता है।

यह ठीक है कि सोशल मीडिया आज के समय में अभिव्यक्ति का एक बड़ा और शानदार माध्यम है, लेकिन यह बहुत ही अफसोसजनक है कि सोशल मीडिया आज धमकियों का प्लेटफार्म बन चुका है। वास्तव में, सोशल मीडिया पर आज किसी को भी ट्रोल करना, किसी व्यक्ति विशेष पर ऊल-जलूल और अभद्र टिप्पणियां करना, धमकियां देना, जो भी मन में आए वह कंटेंट डाल देना जैसी बातें आम हो चली हैं। सच तो यह है कि आज सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से लोगों में सहानुभूति की कमी, साइबर बुलिंग (बिना किसी डर के दूसरों को निशाना बनाना) और व्यक्तिगत जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। लोग अब अपनी निजता का सम्मान नहीं करते हैं और दूसरों की भावनाओं की बिल्कुल भी परवाह नहीं करते हैं कि वे एक सार्वजनिक स्टेज (मंच) पर क्या कह रहे हैं और वास्तव में उन्हें क्या कहना चाहिए और क्या नहीं कहना चाहिए तथा इसका समाज और देश पर क्या और किस कदर प्रभाव पड़ सकता है? वास्तव में होना तो यह चाहिए कि सोशल मीडिया पर हम दूसरों के प्रति सम्मान और सहानुभूति दिखाएं, और उनके विचारों का सम्मान करें। सोशल मीडिया पर गलत सूचनाओं, जानकारी को शेयर ना करें और सोशल मीडिया पर अपने समय को सीमित करते हुए हम व्यक्तिगत जीवन को प्राथमिकता दें।

हेट स्पीच दूसरों की भावनाओं को आहत करती है। वास्तव में इस दुनिया को आज नफरत की नहीं अपितु प्यार की जरूरत है। नफरती टिप्पणियां उकसातीं हैं, लेकिन आज हेट स्पीच जैसे एक फैशन सा हो चला है, यह हमारे लोकतंत्र पर एक आघात है। बहरहाल, भारत के विधि आयोग की 267वीं रिपोर्ट में घृणास्पद भाषण को मुख्य रूप से नस्ल, जातीयता, लिंग, यौन अभिविन्यास, धार्मिक विश्वास और इसी तरह के संदर्भ में परिभाषित व्यक्तियों के एक समूह के खिलाफ नफरत को उकसाने वाला बताया गया है। कुल मिलाकर यह बात कही जा सकती है कि हेट स्पीच किसी भी समाज और देश पर व्यापक हानिकारक प्रभाव छोड़ती है। बहरहाल, आज हर कहीं पर घृणास्पद भाषणों (हेट स्पीच) का बोलबाला हो गया है, इसलिए जरूरत इस बात की है ऐसे घृणास्पद भाषणों पर रोक लगाई जाए। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज जरूरत इस बात की है हमारा समाज, हमारी देश, सामाजिक संगठन और सरकारें हेट स्पीच का मुकाबला करने के लिए कृत संकल्पित होकर आगे आए। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार घृणास्पद भाषण, 'किसी भी प्रकार का संचार है जो किसी व्यक्ति या समूह के खिलाफ भेदभाव, शत्रुता या हिंसा को उकसाता है, लक्षित करता है, या उसका समर्थन करता है।' यह भाषण/स्पीच नस्ल, धर्म, लिंग, यौन अभिविन्यास, राष्ट्रीयता या किसी अन्य पहचान के आधार पर हो सकता है। हमारे देश के संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मौलिक अधिकार के रूप में गारंटी दी गई है, लेकिन यह अधिकार निरपेक्ष नहीं है और, यदि हम यहां पर भारत में हेट स्पीच की कानूनी स्थिति की बात करें तो भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(2) संविधान में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उचित प्रतिबंध लगाने का प्रावधान करता है। डिजिटल या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रभाव लंबे समय तक रहता है, इसलिए इसका विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाना आज की महत्ती आवश्यकता है। हेट स्पीच (द्वेषपूर्ण/घृणास्पद भाषण/नफरती भाषण) के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस 18 जून को मनाया जाता है।

# राज्यों में होगा परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का विस्तार



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

केंद्र सरकार अब देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दृष्टि से ज्यादातर राज्यों में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगी।

भारत की जिस तेजी से आबादी और अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, उसके प्रबंधन और सुचारू सुविधा के लिए शहरीकरण के साथ ऊर्जा की उपलब्धता आवश्यक है। इसी नजरिये से परमाणु ऊर्जा का उत्सर्जन बढ़ाने की दिशा में तेजी से प्रगति के उपाय शुरू हो गए हैं। भीषण गर्मी के चलते इस साल बिजली की मांग 2.41 लाख मेगावाट के चरम पर पहुंच चुकी है। ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल का दावा है कि वर्तमान समय में देश में बिजली की आपूर्ति और मांग के बीच महज 0.1 प्रतिशत का अंतर है। जबकि 12 साल पहले 2013 में आपूर्ति की तुलना में मांग 4.2 प्रतिशत अधिक रहती थी। किसी विशेष स्थिति में यह मांग 2.70 लाख मेगावाट भी हो जाती है। ऐसे में विद्युत की कमी पूरी हो और ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन भी न हो, इस मकसद पूर्ति के लिए परमाणु ऊर्जा उपयुक्त मानी जाती है। एक बार यदि कोई परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित हो जाता है तो लंबे समय तक ऊर्जा की आपूर्ति बनी रहती है।

केंद्र सरकार अब देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दृष्टि से ज्यादातर राज्यों में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगी। ये संयंत्र केवल उन राज्यों में नहीं लगाए जाएंगे, जो भूकंप प्रभावित राज्य हैं। ऐसा इसलिए जरूरी है, क्योंकि भविष्य में जब कार्बन उत्सर्जन नियंत्रित करने के लिए ताप बिजली संयंत्रों पर निर्भरता खत्म की जाए तो परमाणु ऊर्जा जैसे विश्वसनीय व पर्यावरण को न्यूनतम हानि पहुंचाने वाले ऊर्जा स्रोतों को विद्युत आपूर्ति के लिए प्रयोग में लाया जा सके। सरकार ने इस साल के आम बजट में वर्ष 2047 तक परमाणु ऊर्जा क्षमता को मौजूदा 8000 मेगावाट से बढ़ाकर एक लाख मेगावाट करने का लक्ष्य रखा है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए देश में अनेक छोटे-छोटे परमाणु ऊर्जा रिएक्टर आधारित संयंत्र लगाए जाने की तैयारी में केंद्र सरकार हैं।

ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल ने कहा है कि 'वर्ष 2037 के बाद ताप विद्युत बिजली उत्पादन संयंत्र नहीं लगाए जाएंगे।' यह वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बड़ी पहल है। इस बदली स्थिति में जिन राज्यों में ताप बिजली संयंत्र बंद किए जाएंगे, वहां परमाणु ऊर्जा संयंत्रों से बिजली का उत्पादन होगा। निजी क्षेत्र की कंपनियों को भी इन संयंत्रों के लगाने का दायित्व सौंपा जाएगा। जम्मू-कश्मीर, गुजरात का कुछ भू-भाग, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार के कुछ क्षेत्रों में भूकंप की संभावना हमेशा ही बनी रहती है। इसलिए इन क्षेत्रों में ये संयंत्र नहीं लगाए जाएंगे। भारत के अभी महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान और उप्र में ही परमाणु ऊर्जा संयंत्र बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। इनकी संयुक्त बिजली उत्पादन क्षमता 8000 मेगावाट से कुछ कम हैं। जबकि सरकार द्वारा 12,000 मेगावाट क्षमता की बिजली उत्पादन की मंजूरी इन संयंत्रों को मिली हुई है। हालांकि भारत सरकार के उपक्रम परमाणु ऊर्जा निगम ने मध्यप्रदेश में चार नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने की मंजूरी हाल ही में दी है। जल्दी ही ये संयंत्र नीमच, देवास, सिवनी और शिवपुरी में लगेंगे। सब कुछ सही रहा तो जल्दी ही इन परियोजनाओं पर काम शुरू हो जाएगा। इन संयंत्रों के शुरू हो जाने पर 1200 मेगावाट की अतिरिक्त बिजली पैदा होगी। भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता पिछले 10 साल में करीब दोगुनी हो चुकी है। 2031 तक इसके तीन गुना होने की उम्मीद है। बिजली मंत्री ने यह भी बताया कि फिलहाल देश में बिजली उत्पादन की कुल स्थापित क्षमता 4.72 लाख मेगावाट हैं, जिसमें 2.40 लाख मेगावाट कोयला आधारित ताप विद्युत है। वहीं 2.22 लाख मेगावाट उत्पादन क्षमता नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से है। दिसंबर 2025 तक इस नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन 2.50 लाख मेगावाट हो जाने की उम्मीद है, इस लक्ष्य की पूर्ति हो जाने पर भारत उन देशों में शामिल हो जाएगा, जिनमें ताप संयंत्रों से ज्यादा बिजली का उत्पादन नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों से होता है।

ताप विद्युत परियोजनाओं में कोयला जलाया जाता है। इस कारण बड़ी मात्रा में वायु प्रदूषित होती है। जो अनेक बीमारियों का कारण बनती है। जबकि परमाणु ऊर्जा से पैदा बिजली कार्बन मुक्त होने के साथ सस्ती भी होती है। भारत में कुल ऊर्जा के उत्पादन में 80 प्रतिशत बिजली केवल जीवाश्म ईंधन के रूप में कोयला को ताप विद्युत घरों में जलाने से प्राप्त होती है। पहली बार है जब परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सरकार निजी कंपनियों से पूंजी निवेश की मांग कर रही है। फिलहाल भारत में परमाणु ऊर्जा कुल बिजली उत्पादन की तुलना में महज दो प्रतिशत भी नहीं है। यदि यह निवेश बढ़ता है तो 2030 तक अपनी स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत गैर जीवाश्म ईंधन के उपयोग से प्राप्त लक्ष्य को हासिल करने में सहायता मिलेगी।

## सोशल फोरम

# घूरना व निहारना



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

देखना, ताकना, घूरना, निहारना। ये सब जो हैं खतरे का सबब हैं। देखना से ताकना थोड़ा ज्यादा और निहारना सबसे ज्यादा खतरनाक गतिविधि है। देखना, क्षणिक अचानक। इसमें प्रायः दूरगामी इरादे शामिल होते नहीं। इसे अन्यथा नहीं लिया जाता। ताकने को हमारे यहां छिछोरापन कहा जाता है। छिछोरापन पीटे जाने का निमंत्रण है। छिछोरे पीटे जाते है और आमतौर पर छिछोरों द्वारा ही पीटे जाते हैं। निहारने में श्रद्धा का पुट, आरती उतारने और बलिहारी जाने जैसा भाव। और जो बलिहारी जाता है उसकी बलि चढ़ती ही है।

देखने को निहारना माना जाए या ताकने मे गिना जाए ये सामने वाले के मूड पर निर्भर करता है। मुमकिन है जिसे आपने देखा भर वो उसे वो निहारना मान ले। निहार रहे हों वो उसे ताकना गिन ले। अब ये उसके उपर कि वो उसका बुरा माने या अच्छा माने। बुरा मानने में आप के साथ बुरा हो सकता है। तत्काल मौके पर ही ठोके जा सकते हैं आप। पर अच्छा मानने में भी अच्छा हो ये बात ठोक बजा कर नहीं कही जा सकती।

अच्छा मानने में राजी हो जाने की संभावनाएं। अच्छा मानने वाले साथ हो लेते हैं। ये अच्छा हो तो अच्छी बात। पर ये इतना बुरा भी हो सकता है कि आप फिर ज़िंदगी भर इसका सोग मनाए कि ये उस निहारने को ताकना मान लेती। बुरा मान जाती तो सौदा सस्ते में निपट जाता।

सो देखें। पर ऐसे कि सामने वाले को ताकना न लगे। ताकना लग भी जाए तो निहारना हरगिज न लगे। जिसे आपका निहारना पसंद आ जाए वो चाहती है आप उसे निरंतर निहारे। समय चाहिए होता है निहारने के लिए। निहारना जिम्मेदारी है। ज़िम्मेदारी उठाने के लिए पैसा कमाना पड़ता है। पैसे कमाने के लिए नब्बे घंटे काम करना पड़ सकता है। नब्बे घंटे काम करने के बाद आप निहारने लायक़ नहीं बचते। नब्बे घंटे काम करने का माद्दा बस कोल्हू के बैल में। कोल्हू के बैल की आंखों पर पट्टी बाधीं जाती है ताकि वो किसी को निहार न सके। यदि आप बैल नहीं होना चाहते। आदमी बने रहना चाहते हैं तो देखने या ताकने से काम चलाएं। निहारने से बचे वक्त में काम करें। इसमें आपका तात्कालिक नुकसान भले हो पर आपके दीर्घकालिक हित इसी में हैं।

-फेसबुक वॉल से

# अर्थशास्त्र की विखंडन-यात्रा



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण सत्ता के डर, नियंत्रण की आकांक्षा, और बौद्धिक स्वायत्तता के अभाव से उत्पन्न हुआ।

आजादी के पहले तक प्रायः भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र एक ही छत के नीचे पढ़ाए जाते थे और राजनीतिक अर्थशास्त्र की बहुत प्रतिष्ठा थी। अर्थशास्त्र के इतिहास की भी। लेकिन आजादी के बाद इसमें बहुत संरचनात्मक परिवर्तन हुए। स्वतंत्र भारत के शैक्षणिक ढांचे में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण हुआ और यह मात्र पाठ्यक्रमीय पुनर्संयोजन नहीं था, बल्कि वह एक गहरे राजनीतिक-वैचारिक चिंतन की अनुपस्थिति और नियंत्रण की आकांक्षा का प्रतीक था। विशेष रूप से राजनीतिक अर्थशास्त्र, जो राज्य, शक्ति, वर्ग, उत्पादन और सामाजिक संबंधों के अंतर्विरोधों की पड़ताल करता है, उसे योजनाबद्ध ढंग से शैक्षणिक मुख्यधारा से बाहर कर दिया गया।

लेख का उद्देश्य यह समझना है कि क्यों राजनीतिक अर्थशास्त्र को असुविधाजनक माना गया, क्यों अधिकांश भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र को कृत्रिम रूप से अलग कर दिया गया, क्यों दिल्ली विश्वविद्यालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों को आंशिक अपवाद स्वरूप यह परंपरा सीमित रूप में जीवित रखने दी गई, और क्यों मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स तथा इकोनोमेट्रिक्स जैसे उपविषय, समाज की आर्थिक समझ बढ़ाने में विफल होकर, मात्र अकादमिक खिलौने बनकर रह गए।

राजनीतिक अर्थशास्त्रः सत्ता और समाज का दर्पणः राजनीतिक अर्थशास्त्र वह अनुशासन था जो यह पूछता था कि नीति किसके पक्ष में बनाई जाती है, किसके संसाधनों का हस्तांतरण किसके लिए होता है और कौन-सी आर्थिक प्रक्रिया समाज के किन वर्गों को हाशिये पर डालती है। यह अनुशासन मार्क्स, स्मिथ, रिकार्डो, मिल और गांधी जैसे चिंतकों की परंपरा में सत्ता और मूल्य के बीच संबंध को केंद्र में रखता था।

किन्तु स्वतंत्र भारत में इस अनुशासन को तेजी से हाशिये पर डाल दिया गया। राजनीति और नैतिकता को अर्थशास्त्र से काटकर, उसे एक 'तथ्यात्मक और निरपेक्ष विज्ञान' के रूप में गढ़ा गया, जो 'राज्य की योजना' में सहयोगी तो हो, पर प्रश्नकर्ता नहीं। राजनीतिक अर्थशास्त्र के स्थान पर 'डाटा संचालित', 'मॉडल आधारित', 'सुधारात्मक' और 'सांख्यिकी-केंद्रित' अर्थशास्त्र का उदय हुआ- जिसमें सत्ता, वर्ग और दमन के लिए कोई स्थान नहीं बचा।

भारतीय संदर्भ में यथार्थ और सैद्धांतिक अर्थशास्त्र के बीच खाईः भारत का समाज एक असाधारण संरचना वाला समाज है-जाति, पितृसत्ता, श्रम-अवमूल्यन, कृषि-निरादर, धार्मिक असमानता और क्षेत्रीय विषमताएं यहां आर्थिक निर्णयों के गहरे कारक हैं। फिर भी भारतीय विश्वविद्यालयों में सैद्धांतिक अर्थशास्त्र, विशेष रूप से मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स और इकोनोमेट्रिक्स, ने इन जटिलताओं से आंख चुरा ली।

इन विषयों ने ऐसी भाषा और विधियों का विकास किया जो आम सामाजिक यथार्थ से संवाद नहीं कर सकती थी। वे ऐसे समीकरणों में व्यस्त रहे जिनमें न किसान था, न दलित, न महिला, न लघु व्यापारी, न ही बेरोजगार युवा। नीति-निर्माण के लिए इनका योगदान शून्य नहीं तो नगण्य रहा।

इकोनोमेट्रिक्स, जो डेटा के 'सटीक' विश्लेषण का दावा करता है, अक्सर पूर्वग्रह से ग्रस्त मॉडल और अविश्वसनीय आंकड़ों पर टिका रहा। मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स, जो 'यथार्थ को अमूर्त संख्याओं' में व्यक्त करता है, उस यथार्थ को खो बैठा जिसे वह मॉडलित करने चला था। इस प्रकार, ये विषय वैचारिक उपकरण बनने के बजाय अकादमिक 'खिलौने' बनकर रह गए, जिन्हें कुछ विद्वान 'खेलने' के लिए तो उत्साहित रहते हैं, पर नीति-निर्माण या सामाजिक बदलाव के मोर्चे पर इनका कोई प्रभाव नहीं होता।

भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण सत्ता के डर, नियंत्रण की आकांक्षा, और बौद्धिक स्वायत्तता के अभाव से उत्पन्न हुआ। राजनीतिक अर्थशास्त्र को असुविधाजनक इसलिए माना गया क्योंकि वह व्यवस्था से असुविधाजनक प्रश्न पूछता थाः विकास किसके लिए? नीति किसके विरुद्ध? योजना किनके श्रम से? इस वैचारिक निष्कासन ने न केवल सामाजिक-आर्थिक विश्लेषण को पंगु किया, बल्कि मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स और इकोनोमेट्रिक्स जैसे विषयों को मूल्य-विहीन, मानव-विमुख, और समाज-विस्मृत 'खिलौनों' में बदल दिया। आज जब भारत असमानता, बेरोजगारी, किसान संकट, पर्यावरणीय आपातकाल और लोकतांत्रिक क्षरण से जूझ रहा है- तब आवश्यक है कि राजनीतिक अर्थशास्त्र को पुनः मुख्यधारा में लाया जाए। केवल वही अनुशासन है जो यह साहस कर सकता है कि अर्थव्यवस्था को सत्ता, श्रम, समाज और संघर्ष की समग्र परिप्रेक्ष्य में देखे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### प्रदेश महासचिव बने आसिफ नासिर



**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा खुर्शीद आलम ने मंडी धनौरा मौहल्ला कटरा निवासी आसिफ नासिर पुत्र नासिर हसन को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है।

### हत्या का आरोपी 28 साल बाद गिरफ्तार

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** बछरायूं पुलिस ने 28 साल पुराने हत्या के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना मुरादाबाद में हुई थी। सन् 1997 में हरलाल उर्फ हरपाल ने वाहन चलाते हुए एक युवक को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में युवक की मौत हो गई थी। घटना के बाद से आरोपी मुरादाबाद न्यायालय से वांछित था। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि देहरी बुजुर्ग का निवासी आरोपी हरलाल को गिरफ्तार कर भेज दिया गया है।

# पटाखा फैक्ट्री संचालक पर रिपोर्ट दर्ज

## पटाखा फैक्ट्री संचालक पर नियम विरुद्ध अवैध विस्फोटक सामग्री बनवाने का लगा आरोप

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- एक मृतका के पति की तहरीर पर दर्ज की गई रिपोर्ट
- सोमवार को दोपहर में पटाखा फैक्ट्री में हुआ विस्फोट

- इन धाराओं में हुई रिपोर्ट दर्ज
- बीएनएस की धारा 288
- बीएनएस की धारा 125(बी)
- बीएनएस की धारा 186
- विस्फोटक अधिनियम, 1884 की धारा 9बी

**अमृत विचार:** पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट मामले में मृतका सर्वेश के पति की तहरीर पर फैक्ट्री संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। आरोप है कि फैक्ट्री में मानक के अनुसार सुरक्षा उपकरण नहीं थे। इसके अलावा अवैध रूप से पटाखे का निर्माण करवाया जा रहा था।

रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी कला में करीब 2 साल पहले हापुड़ के निवासी सैफुर्ररहमान ने जंगलों में पटाखा फैक्ट्री बनवाई थी। बकायदा उसका लाइसेंस भी लिया था। लेकिन नियमों को दरकिनार कर सैफुर्ररहमान अवैध रूप से इस फैक्ट्री में पटाखे बनवाता था। नियम कायदे कानून ताख पर रखकर सैफुर्ररहमान कम दिहाड़ी पर महिला मजदूरों को रखकर उनसे घातक विस्फोट सामग्री बनवाता था। नतीजा सोमवार को दोपहर में पटाखा फैक्ट्री में भयंकर विस्फोट हो गया। जिसमें काम कर रही चार महिलाओं रूमा पत्नी दानवीर निवासी पपसरा, सर्वेश पत्नी सोविन्दर निवासी गांव पपसरा, रुकसाना पत्नी जाकिर निवासी रजबपुर व शहनाज पत्नी साबिर निवासी रजबपुर की मौत हो गयी। उजबकि हादसे में 8 महिलाएं मोना, सलोनी, इंद्रावती, सोनिया, पूजा, नसरीन पूजा व विशाल सहित 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। डीएम निधि गुप्ता व एसपी अमित कुमार आनंद पहुंच गए और अपने सामने ही राहत बचाव कार्य कराया। ही जांच कमेटी गठित की।

मंगलवार को घटना में मृतका सर्वेश के पति सोविंद्र सिंह निवासी गांव पपसरा की तहरीर पर पटाखा फैक्ट्री के संचालक सैफुर्ररहमान पुत्र केसर अहमद निवासी भंडा पट्टा जिला हापुड़ के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोप है कि संचालक नियमों से हटकर अवैध विस्फोटक सामग्री महिलाओं से बनवाता था। इसके साथ ही सुरक्षा का सही इंतजाम नहीं किया गया था। उनकी लापरवाही के कारण ही फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। सीओ शक्ति सिंह ने बताया कि आरोपी सैफुर्ररहान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही उसको गिरफ्तार किया जाएगा।

### दो महिलाओं की हालत नाजुक, दिल्ली में भर्ती

**अमरोहा, अमृत विचार :** पटाखा फैक्ट्री में हुए धमाके में घायल दो महिलाओं की हालत नाजुक बनी हुई। उनको दिल्ली के सफदरगंज स्थित बर्न सेंटर में भर्ती कराया गया है। अन्य महिलाओं का उपचार जिल अस्पताल में ही चल रहा है। रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी कला में जंगलों में पटाखा फैक्ट्री में सोमवार को जबर्दस्त विस्फोट हुआ था। रूमा, सर्वेश, शहनाज और रुखसाना की मौत हो गई थी। जबकि आठ महिलाएं व एक युवक बुरी तरह घायल हो गए थे। धमाका इतना भयंकर था कि मृतक चारों महिलाओं के चिथड़े हो गए थे। किसी का अंग खेत में मिला तो किसी का अंग मलबे में दबा हुआ था। नजमीन व सोनिया की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल के बर्न सेंटर में रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि दोनों की हालत गंभीर है। यह फैक्ट्री हापुड़ के निवासी कारोबारी सैफुर्रहान संचालित कर रहे थे। फिलहाल इस मामले में डीएम के स्तर से चार सदस्यीय कमेटी गठित कर दी गई है जो पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

## सफाई नायक के साथ मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**हसनपुर, अमृत विचार:** सफाई नायक के साथ मारपीट करने एवं पालिका के टेंपो में तोड़फोड़ के मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए उसका चालान कर दिया गया है।

सोमवार को ईदगाह मार्ग पर सफाई नायक सुजीत के साथ बाइक सवार युवक ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की थी तथा आरोपी द्वारा पालिका के कूड़ा उठाने वाले टेंपो में भी तोड़फोड़ की गई थी। इसको लेकर सफाई कर्मचारियों एवं पालिका स्टाफ ने कोतवाली पहुंचकर फाजिल पुत्र नासिर व अज्ञात साथियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, कोतवाली पुलिस द्वारा तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। कोतवाली पुलिस ने मुकदमे में नामजद आरोपी फाजिल को गिरफ्तार करते हुए उसका चालान कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया।

# डीएम ने किया गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण



गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स।

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने मंगलवार को अस्थायी गौ आश्रय स्थल अलीपुर खादर का निरीक्षण किया गया।सफाई व्यवस्था संतोषजनक न पाये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा रोष प्रकट करते हुए जल निकासी एवं सफाई की व्यवस्था तत्काल ठीक कराने व ड्यूम पाइप लगाने का निर्देश ग्राम पंचायत सचिव खुर्शीद को दिया।

सहभागिता योजनांतर्गत गौवंश गौवंश सुपुर्दगी में न दिये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उप मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया गया कि उपयुक्त गायों में कृत्रिम गर्भाधान कर गर्भित कराया जाये तथा गर्भित गायों की विशेष देख-रेख की जाये, जिससे वे स्वस्थ रह कर संतति उत्पन्न करें। ऐसी गायों को इच्छुक व्यक्तियों को सहभागिता योजना में सुपुर्द किया जाये। पीछे की ओर बने शेड के असुरक्षित व खुले होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए तत्काल एक शेड बनवाने, रिक्त पड़ी भूमि पर दो बड़े शेड बनवाने व चारदीवारी बनवाने के निर्देश दिया गया। पानी की हौद के उपर शेड लगाकर उसे वर्मीकॉम्पोस्ट पिट के रूप में प्रयोग करने को कहा। चिकित्सा पंजिका, एनिमल लॉग बुक, चारा भूसा की लॉग बुक का अवलोकन किया।

# सफाईकर्मी लापता, बाइक और जूते पड़े मिले, रिपोर्ट



सफाई कर्मी की बाइक देखते ग्रामीण व पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** सफाई कर्मी गांव के पास से लापता हो गया। उसकी बाइक, जूते व हेल्मेट लावारिस हालत में सड़क किनारे पड़े मिले। बेटे ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव अलीपुर कला निवासी 40 वर्षीय कुलदीप पुत्र जगदीश हसनपुर ब्लॉक के गांव अलीपुर खुर्द में सफाई कर्मचारी है। मंगलवार की तड़के सुबह कुलदीप परिजनों को बिना बताए निकल गया। अलीपुर और फौलादपुर के बीच ग्रामीणों को उसकी बाइक, हेलमेट और जूते लावारिस सड़क किनारे पड़े मिले जबकि कुलदीप नहीं था। ग्रामीणों की सूचना पर परिवार वाले मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। पबेटे ने अनहोनी की आशंका जताते हुए तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि कुलदीप के बेटे अर्जुन की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। कुलदीप की तलाश की जा रही है।

# ...वह सरासर झूठ बोला और रहबर हो गया

संवाददाता सैदनगली/उझारी

- उझारी में शेख दाऊद बंदगी के उर्स में ऑल इंडिया मुशायरा का आयोजन



मुशायरा में अपना कलाम पढ़तीं शबीना अदीब। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** उझारी नगर में हजरत शेख दाऊद बंदगी के उर्स के अवसर पर ऑल इंडिया मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ हुमायूं साबिर, शबाहत अली, नासिर अली एडवोकेट आदि ने किया।

अल्ताफ जिया ने नाते पाक पढ़ते हुए कहा- मेरा दावा है हर मंजर सुहाना भूल जाएगा, मदीना देखने वाला जमाना भूल जाएगा। वारिस वारसी ने कहा- जब लोग इत्तेहाद के सांचे में ढल गए, फिर यूं हुआ चिराग हवाओं में जल गए। अराफात संभली ने कहा- क्यों नई दुनिया बसाएं आपके होते हुए, क्यों किसी से दिल लगाएं आपके होते हुए। मेहनाज स्योहारवी ने पढ़ा- लब सिले हैं मगर मेरे आंसू जुल्म की दास्तां कह रहे हैं, हमने उन पर भरोसा किया था अब जहां के सितम सह रहे हैं। अली बाराबंकवी ने कहा- मैं सदाकत की हवेली में भटकता ही रहा, वह सरासर झूठ बोला और रहबर हो गया।

अल्तमश अब्बास ने कुछ यूं कहा- इश्क करते हो खसारों की तरफ मत देखो, दो कदम चल के सहारों की तरफ मत देखो। नदीम शाद देवबंदी ने कहा- ख्वाब जो पूरे करने हैं तो जुर्रत करनी पड़ती है, किस्मत भी होती है लेकिन मेहनत करनी पड़ती है। मालेगांव महाराष्ट्र से तफरीफ लाए अल्ताफ जिया ने कहा- मैं इसी रास्ते से गुजरूंगा, रहज़न को पता चला कैसे, हम में मूसा नहीं कोई मौजूद, बनता दरिया में रास्ता कैसे। उबेद मेरठी ने कहा- कैद में तो थे हे सो खतावार हो गए, मजबूरियां थी इतनी के गुनहगार हो गए। मोहतरमा शबीना अदीब ने इस तरह पढ़ा- कभी तुम्हारे सितम के आगे मेरी जबीं खम न हो सकेगी, खुदा के दरबार के अलावा कहीं भी यह सर झुका नहीं है।

नदीम फर्रुख ने कहा- वक्त से आंख मिलाने की हिमाकत न करो, वक्त इंसान को नीलाम भी कर देता है। खुर्शीद हैदर मुजफ्फर नगरी ने कहा- बेटा मेरा परदेश कमाने को गया है, मय्यत को उठाने में ज़रा देर लगेगी। अंदाज देहलवी ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा- यह सोच ले मुझ पर किसी इल्जाम से पहले, आएगा तेरा नाम मेरे नाम से पहले। हास्य व्यंग के शेयर सज्जाद झंझट ने भी अपना कलाम पेश किया- एक दिन कर बैठा जुर्म ए इश्क मैं, अपनी थाने में हजामत हो गई, इत्तेफाकन जज भी था आशिक मिजाज, इसलिए मेरी जमानत हो गई। मुख्य रूप से चौधरी बुद्धन, खालिद मसऊद, हकीम चमन, फहीमुददीन महल, इफ्तिखार उल हसन, मास्टर असद, मो. आदिल, मौ. आमिर, आफाक़ पठान, हाजी बब्बन, अलाउद्दीन सैफी, अतहर एहसान, डॉ० शहरोज मुख्तार, वहाबुद्दीन, कुंवर अदनान महल, कोकब इकतेदार, राशिद अली, अबसार अहमद, फहीम वारिस, चौधरी अब्दुल कादिर, शाकिर मसऊदी, शहाबुद्दीन सैफी आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### उत्तर प्रदेश पुलिस में चयन होने पर किया सम्मान



**हसनपुर,अमृत विचार :** अंबेडकर विकास मंच के पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित मयंक, कोमल, मयंक हीरा, छवि राठौर, अर्जुन, अरुण कुमार, आकाश कुमार,देवांशू, लवी कुमार, देवेंद्र कुमार, सुमित कुमार, जितेंद्र, मोनू कुमार का स्वागत किया। मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने कहा कि हमेशा ईमानदार रहकर आगे बढ़ते रहना है। मास्टर जयवीर सिंह, मा. जगत सिंह, सुशील भगत जी,बी एस आजाद, चंचल सागर, मां0 महिपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### तीन भाई-बहनों के सिपाही पद पर चयन से खुशी



**हसनपुर,अमृत विचार :** हसनपुर के गांव तुगलगाबाद के निरंजन सिंह के बेटे योगेंद्र सिंह और दो बेटियों आकांक्षा तथा अविनीता का उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती में चयन हो गया। अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ ने सोमवार को तीनों भाई बहनों और उनके माता-पिता को सम्मानित किया। रामवीर सिंह, महामंत्री विनोद कुमार गौतम, नन्हें सिंह, नवाब सैफी,पिताम्बर सिंह,नरोज कुमार, निरंजन सिंह, विरेन्द्र सिंह, विवेक कुमार, कुलदीप सिंह, मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### गुरुग्राम में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत



**हसनपुर,अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव से मजदूरी करने गए युवक की गुरुग्राम में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गांव सौहर का 18 वर्षीय रवि पुत्र थान सिंह अन्य मजदूरों के साथ 10 दिन पूर्व मजदूरी करने के लिए हरियाणा के गुरुग्राम गया था। सोमवार की दोपहर बाद सभी मजदूर गुड़गांव के पाटली रेलवे स्टेशन के निकट कार्य कर रहे थे। तभी वह पानी लेने के लिए गया। जब वह काफी देर तक नहीं आया तो अन्य मजदूरों ने उसकी तलाश की। रवि का शव रेलवे स्टेशन के निकट पड़ा हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मंगलवार की सुबह परिजन शव लेने के लिए रवाना हो गए। मृतक चार बहन भाइयों में दूसरे नंबर का था।

### धारदार हथियार से हुई नीलगाय की मौत

**हसनपुर, अमृत विचार :** सोमवार की तड़के करीब चार बजे कोतवाली क्षेत्र के गांव कालका वाली डगरोली में एक नीलगाय जख्मी हालत में गांव के बीच सड़क पर पहुंच गई और कुछ देर में उन्हें तड़प कर उसकी मौत हो गई थी। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग एवं पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक नीलगाय को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। उसे समय ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि नीलगाय की मौत गोली लगने से हुई है। लेकिन पशु चिकित्सक डॉक्टर चंद्रजीत सिंह द्वारा बताया गया कि नील गाय की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर धार धार हथियार से मौत हुई है।

### रोडवेज बस स्टैंड पर समस्याओं का अंबार



**हसनपुर,अमृत विचार :** राजकीय रोडवेज बस स्टैंड करोड़ों की लागत से बनने के बावजूद प्राइवेट वाहनों की पार्किंग स्थल बन गया है। बस स्टैंड परिसर में दर्जनों चार पहिया वाहन खड़े रहते हैं, जिससे रोडवेज बस चालकों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। रोडवेज बस स्टैंड परिसर में गंदगी का आलम है। अधिकांश पानी की टंकियां और हैडपंप खराब पड़े हैं।महिला यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है।परिसर में सफाई और देखरेख के लिए कोई कर्मचारी मौजूद नहीं है। नगर में वाहनों के लिए पार्किंग स्टैंड का अभाव है, जिसके चलते वाहन चालक रोडवेज बस स्टैंड और अंबेडकर पार्क में अपने वाहन बेतरकीब खड़े कर देते हैं। रोडवेज के एआरएम अनिल कुमार ने बताया कि कमियों को जल्द ठीक किया जाएगा।

### गंदगी एवं जल भराव को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन



**हसनपुर,अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के गांव शेखूपुर झकड़ी के ग्रामीणों ने मेन रास्ते पर गंदा पानी एवं गंदगी के अंबार होने के विरोध में प्रदर्शन कर समस्या का समाधान कराने की मांग करते हुए जिला अधिकारी को पत्र भेजा। ग्रामीणों का कहना है कि नाले का गंदा पानी उनके घरों के आगे एकत्र हो जाता है जिसके कारण उनका निकलना दुश्वार हो गया है। कई बार ग्राम प्रधान एवं जिम्मेदारों से इस समस्या का निस्तारण करने की मांग की गई लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। प्रदर्शन करने वालों में भरत सिंह, राकेश, जगवती, राजीव, राजेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, गंगादास, गोविंद सिंह, दिव्यांशु ,परवीन सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# रागिनियों का लोगों ने उठाया लुत्फ



महोत्सव में सम्मानित लोगों के साथ आचार्य प्रमोद कृष्णम, चेयरमैन अनुकृति चौधरी व अभिनव कौशिक।

संवाददाता सैदनगली(अमरोहा)

- कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने सैदनगली महोत्सव में लोगों को किया सम्मानित

**अमृत विचार:** सैदनगली महोत्सव में कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने मेधावी-छात्र-छात्राओं, रिटायर्ड अध्यापकों व ब्रह्माकुमारियों को सम्मानित किया। रागिनियों का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका लोगों ने देर रात तक आनंद लिया।

सैदनगली महोत्सव में सोमवार रात डॉ. अनुकृति चौधरी, भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक के साथ मुख्य अतिथि कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद आचार्य प्रमोद कृष्णम ने मेधावी-छात्र-छात्राओं, रिटायर्ड अध्यापकों, सरकारी कर्मचारी एवं ईश्वरीय ओम शांति ब्रह्माकुमारीयो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कलाकार ज्ञानेंद्र सरधना, कशिश चौधरी,योगेश बिधूड़ी, सुरेंद्रनागर, मनीष बडाना, नेहा शर्मा ने रागिनियों का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। देर रात तक लोग लुत्फ उठाते रहे। प्रधानाचार्य आनंद चौधरी, खिलंदर चौधरी, सुधीर चाहल, नंदू त्यागी, लवकुश शर्मा प्रधान, संजीव गुप्ता, कमल वर्मा, उमाशंकर गर्ग, नीटू भाटी, अवनीश शर्मा, नरेश सैनी, हुकम सिंह त्यागी, सत्यम गुप्ता, शेरपाल सिंह गुर्जर, प्रेम शर्मा, कुलदीप प्रधान,जगपाल सिंह कटारिया,सविंदर सिंह, विजय चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## विवाहिता को मारने की कोशिश का आरोप, एफआईआर

**गजरौला,अमृत विचार:** ससुराल वालों पर विवाहिता को आग लगाकर मारने की कोशिश करने का आरोप है। इस मामले में पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के पपसरी खादर गांव निवासी अरुणा की शादी छह वर्ष पहले गजरौला थाना क्षेत्र के फिरोजपुर गढ़ावली गांव निवासी सनी देवल के साथ हुई। आरोप है कि शादी के पांच-छह बाद ही ससुराल वालों ने मारपीट करनी शुरू कर दी। मायके से दहेज लाने का दबाव बनाने लगे। काफी बर्दाश्त करने के बाद अरुणा अपने मायके में आकर रहने लगी। सनी आत्महत्या करने की धमकी देने लगा तो अरुणा को उसके माता-पिता ने भेज दिया। आरोप है कि ससुराल वालों ने अरुणा को आग लगाकर मारने की कोशिश की तथा मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने अरुणा की तहरीर पर पति सनी देवल, ससुर समेत छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई।

# भाभी की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

- कोर्ट ने 50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

**अमरोहा, अमृत विचार:** भाभी की हत्या के दोषी को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

घटना 13 जून 2013 को हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लाल बाग बंजारन कुआं पर की थी। दरअसल यहां रहने वाले अब्दुल जब्बार की बेटी नसीमा उर्फ मुनिया की शादी मोहल्ले के रहने वाले यामीन उर्फ मूल के साथ हुई थी। यामीन नसीमा को लेकर मोहल्ला मुबारिकपुर में किराए के मकान में रहता था। 13 जून 2013 दोपहर 12 बजे मोहल्ला लाल बाग के रहने वाले तांत्रिक हयात के कहने पर यामीन और परिवार वाले अली जान उर्फ मलुवा, खालिद, खलील नसीम के देवर इरशाद को उकसाया। इसके बाद इरशाद ने फावड़े से हमला कर अपनी भाभी नसीमा की हत्या कर दी। यह घटना मकान मालिक व अन्य लोगों ने देखी। मृतका नसीमा उर्फ मुनिया के चाचा गफ्फार की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इरशाद ने खुद को नाबालिग बताते हुए अपने वकील के माध्यम से दस्तावेज उपलब्ध कराए। जिसके चलते इरशाद की पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड में प्रेषित की गई। न्यायालय ने 17 जुलाई 2017 को तांत्रिक हयात, पति यामीन, अलीजान व खलील को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। बाद में न्यायालय ने मुख्य आरोपी इरशाद को नाबालिग मानने से इंकार कर दिया।

मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट द्वितीय अरविंद कुमार शुक्ला की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता नितिन बंसल ने पैरवी की।

# तौसीफ पहलवान पपसरा ने गुड्डू को किया पराजित

संवाददाता उझारी/सैदनगली



दांव-पेच लगाते पहलवान।

**अमृत विचार:** नगर पंचायत उझारी में चल रहे शेख दाऊद बंदगी के उर्स में विशाल दाऊदिया दंगल में 10 प्रदेशों के पहलवान आए हैं।

मंगलवार को अनेक कुश्ती हुईं। कुछ कुश्ती फाइनल हुईं तथा कुछ कुश्तियां बराबर पर छूटीं। लकी थापा पहलवान नेपाल ने कालू पहलवान को, मौसम अली पहलवान ने पहलवान नगालैंड को, मौसम अली पहलवान ने शैतान पहलवान झारखंड को, रिजवान गनी पहलवान ने टाइगर पहलवान को, तौसीफ पहलवान पपसरा ने गुड्डू पहलवान गोरखपुर को, जावेद पहलवान पपसरा खादर ने पप्पू पहलवान को पराजित कर अपनी जीत का परचम लहराया। यासीन पहलवान पपसरा, अली पहलवान बहराइच ने एनाउंसर की भूमिका निभाई तथा हवालदार पहलवान कन्नौज ने रेफरी की भूमिका अदा की। हकीम चमन, कुंवर अदनान महल, वसीम अहमद, अफाक पठान, देवकी पाल, अलाउद्दीन सैफी, कोकब इक्तेदार आदि मौजूद रहे।

## ठगी की कोशिश दो आरोपियों को पकड़कर पीटा

**अमरोहा, अमृत विचार:** गांव में ठगी करने की कोशिश करने वाले दो लोगों को ग्रामीणों ने पकड़कर पीट दिया। जिसके बाद दोनों को पुलिस को सौंप दिए। क्षेत्र के गांव अटारी मुरीदपुर निवासी रोहित के घर मंगलवार को दो लोग पहुंच गए। घर पर रोहित की पत्नी अकेली थी।

इस दौरान दोनों लोगों ने महिला को अपने ठगी की कोशिश की। महिला ने शोर मचा दिया। शोर-शराबा होने पर मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने दोनों पकड़कर पीट दिया। इसके बाद दोनों को पुलिस को सौंप दिए। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामले में दोनों आरोपियों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गंगा का कटान रोकने की तैयारियां तेज

संवाददाता गजरौला



गंगा के कटान को रोकने के लिए बनाए गए जाल। ● अमृत विचार

- तिगरी में बल्ला, बाक्स, कटर बनाने का काम शुरू

**अमृत विचार:** गंगा के कटान को रोकने के लिए तिगरी में बल्ला बाक्स कटर बनाए जा रहे हैं। 25 बल्ला बाक्स कटर बनाने शुरू कर दिए हैं। इनमें वायर क्रेट लगाकर गंगा के कटान को रोका जाएगा। बाढ़ खंड विभाग ने वायर क्रेट बनवाने शुरू कर दिए हैं।

बरसात का मौसम नजदीक है। 15 जून से बाढ़ खंड विभाग जलस्तर का रिकार्ड दर्ज करना शुरू कर देगा। तिगरी में बने बाढ़ खंड विभाग के कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाकर ड्यूटी लगाई जाएगी। वहीं बढ़ते जलस्तर से कटान को रोकने के लिए बाढ़ खंड विभाग द्वारा काम शुरू कर दिया है। पपसरा खादर के निकट स्पर बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा तिगरी में गंगा के बांध के निकट भी बाढ़ खंड विभाग ने काम शुरू कर दिया है। पानी का कटान को रोकने के लिए 25 बल्ला बाक्स कटर बनाए जा रहे हैं। इन बाक्स में मिट्टी के कट्टे लगाने के साथ ही झाड़ भी लगाए जाएंगे। ऐसी स्थिति में पानी का कटान रोकने में मदद मिलेगी। जेई बाढ़ खंड सुभाष कुमार ने बताया कि तिगरी में 25 बल्ला बाक्स कटर बनाए जा रहे हैं। वहीं पपसरा खादर में स्पर बनाने का काम चल रहा है। बरसात के मौसम से पहले सभी कार्य पूरा करने का लक्ष्य है जिसे पूरा कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### मदनप्रकाश बौद्धाचार्य को दी श्रद्धांजलि

**संभल, अमृत विचार :** दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में गांव ग्राम खग्गूपुर में मदनप्रकाश बौद्धाचार्य के परिनिर्वाण दिवस के मौके पर शांति पाठ करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सिंह बौद्ध, प्रदेश महासचिव नरेश, प्रदेश कोषाध्यक्ष शोध सिंह, सोमपाल सिंह गौतम, कृपाल सिंह, रामदास, जसराम सिंह, शोभित प्रकाश, शांति देवी आदि रहे।

### तीन दिन से ट्रांसफार्मर खराब, भड़के ग्रामीण

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** गांव चाचू नागल में तीन दिन से ट्रांसफार्मर खराब होने पर बिजली आपूर्ति बाधित है। भड़के ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर समस्या के समाधान की मांग उठाई। इस दौरान प्रेम, विमल, सत्यवीर, प्रदीप, शफीक, जरीफ, इब्राहिम, शाहिद, शिवचरण, दिनेश, योगेश, पप्पू, नन्हें, अशोक आदि रहे।

# सिरसी में फिर चला बुलडोजर, मकान किया ध्वस्त

## छह मकानों और अस्पताल से सामान निकालने को दिए तीन दिन

कार्यालय संवाददाता, संभल/सिरसी

**अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के सिरसी में मंगलवार को भी खाद के गड्ढों की जमीन पर बने मकान पर प्रशासन का बुलडोजर चला। प्रशसान की टीम ने लोगों को छह अन्य मकान और अस्पताल खाली करने के लिए तीन दिन का समय दिया।

मंगलवार को तहसीलदार धीरेंद्र सिंह टीम के साथ सिरसी में संभल-मुरादाबाद मार्ग पर स्थित सिंघा तालाब पर पहुंचे। वहां खाद के गड्ढों की जमीन पर बने सात मकानों और एक निजी अस्पताल को अतिक्रमण के रूप में चिह्नित किया गया था। तहसीलदार के निर्देश पर बुलडोजर ने खाली पड़े एक मकान को ध्वस्त कर दिया। जबकि छह मकानों और अस्पताल को खाली करने के लिए तीन दिन का समय दिया गया। कहा गया कि इस अवधि में सामान निकाल लिया जाए। जिसके बाद प्रशासन मकानों और अस्पताल को ध्वस्त करने की कार्रवाई करेगा। बताते चलें कि सिरसी में पिछले दिनों ग्राम समाज की भूमि पर बनी 12 दुकानों को बुलडोजर ने जमींदोज कर दिया था। यह कार्रवाई तहसीलदार न्यायालय से बेदखली का आदेश जारी होने के बाद कराई गई थी। सिरसी में लगातार कार्रवाई से खलबली का माहौल बना है।


सिरसी में मकान ध्वस्त करता बुलडोजर। ● अमृत विचार

● **खाद के गड्ढों पर कब्जा कर बना लिए घर और अस्पताल**

## दरगाह शिफ्ट करने को जैक लगाए

**संभल, अमृत विचार :** संभल-बहजोई मार्ग पर अतिक्रमण की जद में आई दरगाह को शिफ्ट करने के लिए चारों तरफ जैक लगाने का काम पूरा हो चुका है। अब तीन दिन बाद अगली प्रक्रिया होने की बात कही गई है।

प्राचीन धर्म कूप मंदिर और उसके सामने स्थित मस्जिद का जो हिस्सा अतिक्रमण की जद में आया था वह तुड़वा दिया गया था लेकिन दरगाह को करीब 30 फिट पीछे शिफ्ट किया जाना है। जिसमें करीब 20 लाख रुपये खर्च आ रहा है। मस्जिद कमेटी के लोगों के कहने पर रुड़की के ठेकेदार ने रविवार को दरगाह को शिफ्ट करने के लिए जैक लगाने का काम शुरू कराया था। जिसके बाद लगातार कार्य जारी रहा। मंगलवार को दरगाह के चारों तरफ जैक लगाने का काम पूरा कर लिया गया। बताया गया कि अब मजदूर चारों तरफ से जैक के जरिये दरगाह को उठाएंगे। तीन दिन बाद अगली प्रक्रिया होगी। बताते चलें कि दरगाह को शिफ्ट करने के लिए चंदा करके धन जुटाया जा रहा है।


दरगाह के नीचे लगे जैक।

## सार-संक्षेप

### स्वयंसेवकों को दी गई कानूनों की जानकारी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अर्चना सिंह के निर्देश पर एसएम लॉ कॉलेज में बैठक में स्वयंसेवकों को महिला व बच्चों से संबंधित कानूनी जानकारी दी गई। बाल कल्याण समिति सदस्य गौरव शर्मा ने शिक्षा का अधिकार, पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी। साथ ही रानी लक्ष्मीबाई योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता के विषय में बताया। नूतन चौधरी ने मौलिक अधिकारों की जानकारी दी। एक्सेस टू जस्टिस एनजीओ के अध्यक्ष गौरी शंकर ने बच्चों के बाल विवाह रोकने के बारे में स्वयंसेवकों को बताया। साथ ही महिलाओं पर घरेलू हिंसा आदि अपराधों की रोकथाम की जानकारी दी ।चंद्रपाल सिंह, अंशुल सिंह, पूजा तिवारी, बृजेश यादव, नीतू सिंह, गौरव शर्मा, नीतू आर्य, संदीप कुमार, प्रगति, राम कैलाश सागर आदि मौजूद रहे।

### भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने लिया संकल्प



**संभल, अमृत विचार :** भाजपा मंडल हयातनगर के नवनियुक्त पदाधिकारियों के स्वागत एवं दायित्व बोध का कार्यक्रम पूर्व मंडल अध्यक्ष गणेश शर्मा के आवास पर हुआ। मंडल अध्यक्ष पारूल शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों को पटका पहनाकर स्वागत कर बधाई दी गई। योग दिवस, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस, मोदी के मन की बात सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। सुरेश अटल, जयप्रकाश गुप्ता, निर्दोष गुप्ता, पुनीत अटल, विपिन गुप्ता, निशि वार्ष्णेय, मनोज राणा, निक्की वाल्मीकि, जितेंद्र सैनी, मुकेश शर्मा, निशा रानी, रिचा वार्ष्णेय, नीतीश कुमार, श्रवण कुमार, बंटी सागर, कल्लूराम सैनी आदि रहे। संचालन सुमित श्याम ने किया।

### भगवान गणेश को आज दिया जायेगा प्रथम आमंत्रण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** विश्व पटल पर चन्दौसी को पहचान देने वाले मेला श्री गणेश चौथ की 25 अगस्त से शुरु हो रहा है। बुधवार को भगवान गणेश को प्रथम निमंत्रण दिया जायेगा। इसके बाद मेले से संबधित कार्य का आरंभ होगा। इस वर्ष मेला श्री गणेश चौथ अपने 65वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। मेला कमेटी के पदाधिकारी मनोज कुमार मीनू ने बताया कि उनके पिता डॉ. गिरिराज किशोर गुप्ता ने अपने भाईइयों व साथियों के साथ 1960 में मेला आरंभ किया था। ये मेला उत्तर भारत के प्रसिद्ध मेलों में स्थान रखता है। इस वर्ष मेला 25 अगस्त से शुरु हो रहा है। भगवान गणेश को समर्पित रथयात्रा 27 अगस्त को निकाली जायेगी। बुधवार को मेले के सह-अध्यक्ष उपजिलाधिकारी विनय कुमार मिश्रा सीता रोड स्थित गणेश मंदिर में भगवान गणेश को आमंत्रण के लिए प्रथम निमंत्रण देंगे।

### हनुमान चालीसा की धुन पर किया प्राणायाम



**संभल, अमृत विचार :** शंकर इंटर कॉलेज में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलि योग समिति व नगर पालिका परिषद के संयुक्त तत्वाधान में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में रोग के आधार पर चल रहे सात दिवसीय योग शिविर के दूसरे दिन योग से रोग उपचार का तरीका बताया गया ।योग शिविर का शुभारंभ कृष्णा ग्रेवाल, प्रेमलता गीता सिंह, अर्चना कुशवाहा, कुलदीप ऐरन, महिपाल, नरेंद्र वर्तवाल, ऋषभ सक्सेना ने किया। राज्य संगठन मंत्री कुलदीप ऐरन, महिला पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी कृष्ण ग्रेवाल, संजय देवल ने मधुमेह में फायदेमंद योगासनों का अभ्यास कराया गया। डायबिटीज में फायदेमंद चिरायते काढ़े का सेवन योग साधकों को कराया गया। हनुमान चालीसा की धुन पर योग साधकों ने प्राणायाम किया ।नाक में अणु तेल और कान में एयर ग्रिड दवाई डाली गई।

### दूल्हे ने शराब के नशे में साले को पीटा, शादी टूटी

**स्योहारा, अमृत विचार :** रात रसूलपुर गांव में शादी का माहौल तनाव में बदल गया जब नशे में धुत दूल्हे ने अपने साले की पिटाई कर दी। ये घटना मुरादाबाद के कांठ थाना क्षेत्र के मघपुरी गांव से आई बारात में घटी ।सूत्रों के अनुसार, दूल्हा शराब के नशे में था। बरात चढ़ने के दौरान लड़की का भाई नोट चढ़ाने के लिए बग्घी पर चढ़ा तो दूल्हे ने उसे धक्का देकर गिरा दिया और मारपीट शुरू कर दी। इससे लड़की पक्ष के लोग आक्रोशित हो उठे और शादी का माहौल बिगड़ गया। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दूल्हा और उसके पिता को हिरासत में ले लिया ।मंगलवार पूरे दिन दोनों पक्षों में समझौते की कोशिशें चलती रहीं, लेकिन लड़की पक्ष ने शादी से इनकार कर दिया। थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि लड़की पक्ष और लड़के पक्ष ने आपस में बैठकर समझौते का प्रयास किया लेकिन बात नहीं बनी। लड़की पक्ष की तरफ से पुलिस को तहरीर प्राप्त हुई है।

### सड़क दुघर्टनाओं में दो लोगों की मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** बिजनौर जनपद के नहटौर में फलौदी गांव के 56 वर्षीय जगदीश सैनी पुत्र छोटिया सिंह मंगलवार शाम खेत से लौट रहा था। पैजनिया रोड पर एक तेज रफ्तार बाइक ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी ।हादसे में जगदीश गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन तुरंत निजी अस्पताल ले गए। जहां उसकी मौत हो गई। मृतक के बेटे संजीव ने पुलिस को तहरीर दी है। जबकि चांदपुर में मंगलवार की रात कार की टक्कर से एक साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई।

### समर कैंप के समापन पर छात्रों को दिए प्रमाण पत्र

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायन्ट्स महिला शक्ति द्वारा आवास विकास कॉलोनी स्थित एलसीसी कंप्यूटर सेंटर पर 15 दिवसीय डिजिटल लिटरेसी लर्निंग प्रोग्राम का समापन किया गया। छात्रों को साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन सर्विसेज, डिजिटल सिक्योरिटी व साइबर हैकिंग के बारे में पीसी राय व अन्य प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य अतिथि जायन्ट्स फेडरेशन चीफ सुभाष रुस्तगी द्वारा छात्रों को प्रमाण पत्र दिए गए। ग्रुप अध्यक्ष रितु गोयल, कविता अग्रवाल ने बताया कि कैंप में भाग लेने वाले बच्चे यहां से पारंगत होकर जाए और अपने आस पड़ोस के लोगों को भी इस संबंध में जागरुक करें। जायन्ट्स के संस्थापक नाना चूड़ास्मा को जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। कमलेश अग्रवाल, रेशमा अग्रवाल, इंदु अग्रवाल, रेखा रस्तोगी, मंजू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य कार्यक्रमों में न हो लापरवाही:डीएम

**बहजोई, अमृत विचार :** डीएम ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों की समीक्षा की। येलो जोन वाले सभी एमओआईसी को कार्रवाई की चेतावनी दी। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम राजेंद्र पैंसिया ने जननी सुरक्षा योजना आकांक्षात्मक ब्लॉक की समीक्षा की। जन्म पंजीकरण की प्रगति पर चर्चा की। असमोली के स्वास्थ्य से संबंधित सभी इंडिकेटर में कम प्रगति मिलने पर सीएससी असमोली के एमओआईसी कोहटाने के निर्देश दिए। संभल में शिकायत मिलने पर संभल के क्वेस इंचार्ज को हटाने के निर्देश दिए। सीआरएस पोर्टल पर कम जन्म पंजीकरण सभी ब्लॉक में हो उसके एडीओ पंचायत को स्पष्टीकरण जारी करने की बात कही। लापरवाह एएनएम पर कार्रवाई को कहा। सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, सीएमओ डॉ. तरुण पाठक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजेंद्र सैनी, डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडे, डीपीओ महेश कुमार व अन्य रहे।

### हत्यारोपी गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कुढफतेहगढ़/ चंदौसी, अमृत विचार :** थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के गांव भीकनपुर में 30 अप्रैल को चकरोड निकाले जाने को लेकर हुई फायरिंग में किसान साहिब सिंह की हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई राजवीर सिंह द्वारा गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। सुभाष व अमित कुमार को पुलिस पहले ही गिरफ्तार का जेल भेज चुकी है। मंगलवार को दुर्गपाल पुत्र महावीर को पुलिस ने भगतपुर से लालपुर जाने वाले मार्ग पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# वर्षा जल संचयन को कैच द रेन अभियान

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** डीएम व सीडीओ ने मनरेगा पार्क में कैच द रेन अभियान का शुभारंभ किया। जलदूतों को माला पहनाकर सम्मानित किया।

बहजोई के गांव बेहटा जय सिंह स्थित मनरेगा पार्क में डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया व सीडीओ गोरखनाथ भट्ट ने ने कैच द रेन अभियान का फावड़ा चलाकर शुभारंभ किया। डीएम ने बताया कि जल संचय अभियान के तहत पूरे जनपद में मनरेगा के माध्यम से ट्रेंच खुदाई का कार्य किया जा रहा है। मनरेगा पार्क में कुल 900 ट्रेंच खुदाई की जाएगी। सभी विकास खंडों में मनरेगा पार्क एवं गौशाला आदि में लगभग 5000 ट्रेंच की खुदाई की जाएगी। इससे लगभग 22 लाख 65000 लीटर पानी रिचार्ज होगा। उन्होंने बताया कि इसका द्वितीय चरण भी चलाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक वाटर रिचार्ज हो सके। डीएम व सीडीओ ने मनरेगा पार्क में हरिशंकरी पौधों का रोपण किया। जिला विकास अधिकारी रामाशीष, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार व खंड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह आदि मौजूद रहे।


फावड़ा चलाकर कैच द रेन अभियान शुरू करते डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया।

● **डीएम ने मनरेगा पार्क में फावड़ा चलाकर किया आरंभ**

## अभियान के तहत पकड़ी बिजली चोरी कनेक्शन काटे

**चन्दौसी, अमृत विचार:** एसडीओ अजय कुमार ने मंगलवार को टीम के साथ हनुमानगढ़ी उपकेंद्र से जुड़े मोहल्ला हनुमानगढ़ी, मोहल्ला नान वाला, मोहल्ला हाथीखाना, मोहल्ला चुन्नी में चेकिंग अभियान चलाया। 15 स्थानों पर विद्युत चोरी पकड़ी गई। चोरी कटिया डालकर व इनकमिंग केवल में कट लगाकर तथा पोल से अलग से केबल डालकर की जा रही थी।

अभियान के तहत 42 घरों में चेकिंग की गई। 9 लोगों की लाइन बकाए के चलते कनेक्शन काटे गए। विद्युत चोरी में लिप्त लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। जेई आलोक कुमार, विकास कुमार आदि विद्युत स्टाफ मौजूद रहा।

## बरसे बादल, मिली राहत


मंगलवार रात बारिश में भीगते लोग। ● अमृत विचार

**संभल, अमृत विचार :** संभल में मंगलवार को शाम के वक्त से ही मौसम का मिजाज बदलने लगा। तेज ठंडी हवा चली । रात करीब 8 बजे से बारिश शुरू हो गई। लोगों ने बड़ी राहत महसूस की।

मंगलवार को दोपहर में तेज धूप में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसके बाद मौसम का मिजाज बदलने लगा। आसमान में काले बादल उमड़े और तेज ठंडी हवा चलने लगी। रात 8 बजे से बारिश भी शुरू हो गई। तमाम लोग बारिश का आनंद लेते हुए घरों की तरफ बढ़ते दिखाई दिए। बताते चलें कि पिछले दिनों 42 डिग्री सेल्सियस तक पारा जाने पर जनजीवन बेहाल हो गया था। पंखे और कूलर शोपीस बन गए थे। हालांकि तीन दिनों से लोग राहत महसूस कर रहे हैं।

### नगर पालिका ने फड़ वालों से वसूला जुर्माना

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर पालिका टीम द्वारा स्टेशन रोड पर अतिक्रमण कर रहे फड़ वालों से 1000 रुपये जुर्माना वसूला गया। जिन फड़ वाले ने जुर्माना देने से इंकार किया है, उसका सामान ले गए। जुर्माना की धनराशि देने के बाद सामान ले जाने की बात कही गई।

**सरस्वती कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल समिति**

सरस्वती कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल समिति बबराला जनपद सम्भल की प्रबन्धकारिणी समिति का चुनाव दिनांक 29.06.2025 दिन रविवार को विद्यालय प्राँगण में होना प्रस्तावित है। उक्त तिथि को समय से चुनाव में प्रतिभाग सुनिश्चित करने हेतु आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय एवं अनिवार्य है। चुनाव कार्यक्रम निम्न प्रकार है-

**-: चुनाव कार्यवाही :-**

1. **नामांकन प्रस्तुत :**- 29.6.2025 रविवार प्रात: 8 बजे से 10 बजे तक
2. **नामांकन पत्रों की जाँच :**- 29.6.2025 रविवार प्रात: 10 बजे से 11 बजे तक
3. **नाम वापिसी व अन्तिम वैध सूची :**- 29.6.2025 रविवार प्रात: 11 बजे से 12 बजे तक
4. **चुनाव (मतदान) :**- 29.6.2025 रविवार दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक
5. **चुनाव परिणाम की घोषणा :**- 29.6.2025 रविवार मतदान के उपरान्त

**राधेश्याम गौतम-प्रबंधक**
**सरस्वती कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल समिति, बबराला (सम्भल)**

## रेलवे फाटक के बूम गिरने से फंसे वाहन

**चन्दौसी, अमृत विचार:** कब्रिस्तान से सटे रेलवे फाटक से मंगलवार की शाम 4.15 बजे टकनपुर से दिल्ली जाने वाली जन शताब्दी एक्सप्रेस गुजरी। इसके बाद गेटमैन ने बूमों को उठा दिया और यातायात आरंभ हो गया। कुछ देर ऊपर हवा में रुकने के बाद बूम नीचे आ गिरे जिससे बाइक सवार, ई-रिक्शा व अन्य वाहन फंस गए। गेटमैन ने स्टेशन अधीक्षक को बताया। इसके बाद कुछ अन्य रेल कर्मचारी भेजे गए। गेटमैन ने रेलवे कर्मचारियों की मदद से तकनीकी खामी को दूर किया और करीब 40 मिनट तक बूमों को ऊपर उठाया।

# योगासन से स्वस्थ रहने का दिया संदेश

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** योग सप्ताह के तहत विभिन्न संस्थाओं एवं विभागों द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें योग प्रशिक्षक ने सफाई कर्मचारी, खंड प्रेरकों, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कंप्यूटर ऑपरेटर को योग से निरोग रहने के लिए योगासन का अभ्यास कराया।

बड़ा मैदान श्री भगवंतपुर देवी मंदिर पार्क में आयोजित योग कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक जितेंद्र चौहान ने सफाई कर्मचारी, खंड प्रेरकों, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण से जुड़े कंप्यूटर ऑपरेटर को योगाभ्यास कराया। जिसमें उन्होंने पवन मुक्तासन, भ्रामरी, सुखासन, अनुलोम व विलोम आदि योगाभ्यास कराया। योग से निरोग रहने के टिप्स दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योगाभ्यास बहुत ही आवश्यक है। प्रतिदिन लगभग आधा घंटे योगाभ्यास कर शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं। जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी चेतेंद्र पाल सिंह, एडीओ पंचायत आकाश कुमार सिंह व एडीओ पंचायत पंवासा अंकित गौतम आदि मौजूद रहे।


बहजोई के बड़ा मैदान पार्क में योगासन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

● **सफाई कर्मचारी, खंड प्रेरकों, कंप्यूटर ऑपरेटर को कराया योग का अभ्यास**

Admission Open
Session 2025-26
BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)

ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com

Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow

Admission Open
Session 2025-26

Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com

Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### ग्रेटर नोएडा में मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग की नई योजना

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ग्रेटर नोएडा में मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना लेकर आई है। यीडा ने सेक्टर-28 में 21 प्लॉट्स के आवंटन करके मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरर्स को आमंत्रित किया है। निर्माणाधीन मेडिकल डिवाइस पार्क को देश के सबसे बड़े मेडिकल डिवाइस पार्क के तौर पर विकसित किया जा रहा है। योजना के जरिए 1000 स्क्वेयर मीटर के 16 तथा 2100 स्क्वेयर मीटर के 5 प्लॉट्स आवंटन के लिए उपलब्ध हैं तथा इनके प्रीमियम अमाउंट समेत विभिन्न पहलुओं का निर्धारण किया जा चुका है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 7 जुलाई निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी निवेश मित्र और यीडा की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### मुख्यमंत्री ने परखी बैठक की तैयारी, दिए निर्देश

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान मंगलवार सुबह होटल ताज पहुंचे, यहां 24 जून को मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह यूपी समेत चार प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मेजबान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी रहेंगे। योगी ने मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक की तैयारियों का जायजा लिया और आयोजन की तैयारियों से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंडलायुक्त एस. राजलिंगम द्वारा बैठक के संबंध में की गयी तैयारियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया।

# मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश के 403 विधानसभा क्षेत्रों में शुरू होगा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान
- निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दिया जा रहा एक दिवसीय प्रशिक्षण

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए राज्य की 403 विधानसभाओं के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) का 17, 19, व 25 जून को उप्र. प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी (उपाम), अलीगंज लखनऊ में तीन चरणों में एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को पहले चरण के सत्र की शुरुआत मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने की। उन्होंने इसमें प्रतिभाग करने वाले 124 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को संबोधित किया।

नवदीप रिणवा ने मतदाता सूची से जुड़े हुए मुख्य पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सूची में हर पात्र नागरिक का नाम दर्ज हो, ये हम सब की जिम्मेदारी है। प्रदेश की मतदाता सूची में त्रुटियां न रहें, इसके लिए आज निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कि आज आप यहां से अच्छे ढंग से प्रशिक्षण लेकर जायेंगे तो आप अपने नीचे स्तर पर बीएलओ और सुपरवाइजरों को छोटे-छोटे समूहों में अच्छी तरह से प्रशिक्षित कर पायेंगे।



लखनऊ में प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

### 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं के नाम हों शामिल

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा, जिन बूथों में जेंडर रेशियो कम है, उनका चिन्हांकन करते हुए एक कार्ययोजना के अन्तर्गत छोटे-छोटे समूहों में संबंधित बीएलओ को उस पर कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देशित किया जाए तथा उसका निरन्तर अनुश्रवण किया जाए। 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं के नाम शामिल किए जाने के बारे में संभावित मतदाताओं का चिन्हांकन बीएलओ के माध्यम से करा लिया जाए तथा उनके नाम शामिल किए जाने का काम नियमानुसार किया जाए।

### बीएलओ सुपरवाइजर्स हो चुके हैं प्रशिक्षित

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मई व जून में पांच चरणों में राज्य के एक जिला से एक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से एक बीएलओ सुपरवाइजर को आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आयोग द्वारा अंतिम प्रशिक्षण सत्र 23 व 25 जून को प्रस्तावित है। इसी क्रम में कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र. द्वारा प्रदेश के समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं आयोग में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके बीएलओ सुपरवाइजर्स को 12 जून को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

# यमुना किनारे वृंदावन से गोकुल तक बनेगा नेचर वॉक पाथ-वे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यमुना किनारे 17 किमी वृंदावन से गोकुल तक एक अनूठा नेचर वॉक पाथ-वे विकसित किया जा रहा है। इसके लिए 50 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। इसे ब्रज तीर्थ विकास प्राधिकरण द्वारा वन एवं वन्य जीव विभाग के सहयोग से बनाया जाएगा।

मथुरा-वृंदावन परिक्षेत्र का निर्माण और सौंदर्यीकरण मुख्यमंत्री योगी के मथुरा विजन-2030 के तहत किया जा रहा है। वृंदावन-गोकुल नेचर वॉक पाथ वे के निर्माण का मुख्य उद्देश्य ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देना है। भगवान श्रीकृष्ण की जन्म और लीलास्थली के रूप में विश्व प्रसिद्ध मथुरा-वृंदावन परिक्षेत्र के विकास के लिए लगभग 30,080 करोड़ रुपये की लागत से 195 परियोजनाओं पर काम होना है। इसमें से 2,300 करोड़ रुपये की लागत से 23 परियोजनाओं को स्वीकृति मिल चुकी है।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि ये नेचर वॉक पाथ वे यमुना नदी के किनारे 2 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा। जिसके तहत वन विभाग वृंदावन से गोकुल के बीच प्राकृतिक सौंदर्य को और निखारेगा।

# हर जिले में बनेंगे योग पार्क

## जिलाधिकारियों से उपयुक्त स्थलों की पहचान कर प्रस्ताव मांगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योग को आमजन की दिनचर्या का हिस्सा बनाने व सामूहिक योगाभ्यास के उद्देश्य से तैयार की योजना

**अमृत विचार :** योग को आमजन की दिनचर्या का हिस्सा बनाने और सामूहिक योगाभ्यास के उद्देश्य से राज्य सरकार प्रदेशभर में योग पार्क स्थापित करने जा रही है। इस योजना के तहत स्थानीय निकायों जैसे नगर पालिकाओं और ग्राम पंचायतों की भागीदारी से प्रदेशभर में योगा पार्क विकसित किए जाएंगे। योजना के तहत मंडलीय मुख्यालय वाले जिलों में तीन-तीन और अन्य जिलों में दो-दो योग पार्कों को चिन्हित कर उन्हें विशेष रूप से योग-अनुकूल स्थानों में परिवर्तित किया जाएगा।

राज्य सरकार की ओर से जिलाधिकारियों को इस आशय के निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि वे अपने-अपने जिलों में उपयुक्त स्थलों की पहचान कर आवश्यक प्रस्ताव नगर विकास विभाग को भेजें। इन पार्कों को स्वच्छ, हरे-भरे और शांत वातावरण में विकसित किया जाएगा, जहां लोग नित्य योगाभ्यास कर सकें। ऐसे स्थानों का चयन किया जाएगा, जो सार्वजनिक पहुंच में हों और जहां आसपास के नागरिक, बुजुर्ग, महिलाएं व युवा आसानी से एकत्र होकर सामूहिक रूप से योग कर सकें। इन योग पार्कों में योग प्रशिक्षकों की व्यवस्था, ओपन जिम, विश्राम स्थल, शुद्ध जल और प्रकाश की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

दरअसल, राज्य सरकार 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) को पूरे सप्ताह सामाजिक और प्राकृतिक चेतना पर्व के रूप में मनाएगी। इस अभियान में युवाओं की भागीदारी और पर्यावरण की सुरक्षा को दो प्रमुख लक्ष्य बनाये गये हैं। शासन की मंशा है कि, योग सप्ताह के इन आयोजनों से नई पीढ़ी में अनुशासन, स्वास्थ्य और प्रकृति-प्रेम की भावना को नया बल मिले। इसके अलावा, इन गतिविधियों के जरिए स्थानीय निकाय, शैक्षिक संस्थान और सरकारी महकमे योग से सामाजिक चेतना की दिशा में आगे बढ़ें।

# मूंग और मूंगफली की सरकारी खरीद शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने जायद सीजन में सभी 75 जिलों में मूंग और 15 जिलों में मूंगफली की खरीद शुरू की है। इससे लाखों किसानों का फायदा होगा। मूंग की खरीद 2 सितंबर तक और मूंगफली की खरीद 29 अगस्त तक होगी। करेगी। मूंग के लिए 8,682 रुपये प्रति क्विंटल और मूंगफली के लिए 6,783 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी तय किया गया है।

सरकार ने 34,720 मीट्रिक टन मूंग और 50,750 मीट्रिक टन मूंगफली की खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत किसानों को क्रय केंद्रों पर अपनी उपज लाकर समर्थन मूल्य का लाभ मिलेगा। नैफेड और एनसीसीएफ को खरीद की जिम्मेदारी दी गई है, जो राज्य एजेंसियां यूपीपीसीयू, यूपीपीसीएफ, जैफेड, यूपीएसएस द्वारा खरीद करेंगी।

# गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर रफ्तार के साथ सुरक्षा के भी होंगे इंतजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यात्री सुरक्षा को 5 इनोवा, 5 कैम्पर, 4 एम्बुलेंस, 2 क्रेन व 1 हाइड्रा होगी तैनात
- 20 जून को आजमगढ़ और गोरखपुर दोनों छोर से लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में प्रमुखता से शुमार गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे रफ्तार के साथ सुरक्षा भी देगा। 20 जून को आजमगढ़ और गोरखपुर दोनों छोर से लोकार्पण के दिन मुख्यमंत्री सुरक्षा फ्लीट को भी हरी झंडी दिखाएंगे। आने वाले दिनों में यहां लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे की तर्ज पर एटीएमएस (एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) भी लागू किया जाएगा।

उप्र एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा बनाए गए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर यात्री सुरक्षा के लिए 5 इनोवा, 5 कैम्पर, 4 एम्बुलेंस, 2 क्रेन और 1 हाइड्रा वाहन शामिल हैं। यूपीडा के नोडल सिक्योरिटी ऑफिसर राजेश पांडेय बताते हैं कि यूपीडा के इनोवा वाहन की पैट्रोलिंग 8-8 घंटे के शिफ्ट में लगातार होती रहेगी। हर वाहन में चार सेवानिवृत्त सैनिकों की ड्यूटी रहेगी। कैम्पर वाहन पीछे से खुले रहते हैं और इसमें ट्रैफिक कोन, रस्सी, रेडियम स्ट्रिप आदि की उपलब्धता रहती है। किसी स्थान पर किसी वाहन के खराब होने पर या दुर्घटना होने पर ये वाहन तुरंत जाकर ट्रैफिक कोन, रस्सी और रेडियम स्ट्रिप से कवर कर देंगे ताकि अन्य वाहनों को कोई दिक्कत न हो। हर 45 किमी पर मार्ग के दोनों तरफ एक-एक एम्बुलेंस, क्रेन व एक हाइड्रा वाहन को तैनात किया जाएगा।

### बड़े निवेशक लगाएंगे औद्योगिक इकाई

20 जून को लोकार्पित होने जा रहा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे दक्षिणांचल के धुरियापार में नए इंडस्ट्रियल टाउनशिप की परिकल्पना को साकार कर रही है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और देश की नामी कंपनियों को यहां उद्योग के लिए जमीन भी पसंद आने लगी है। अडानी सहित कई औद्योगिक घराने यहां निवेश के लिए तैयार हैं।

# विमान हादसे के पीछे निजीकरण तो नहीं

## अखिलेश बोले- अयोग्य लोगों को दी जा रही जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर सवाल उठाते हुए सरकार के जिम्मेदार लोगों का इस्तीफा मांगा है। मंगलवार को सपा मुख्यालय पर पत्रकारों से मुखातिब अखिलेश यादव ने कहा कि हमने पुलवामा और पहलगाम हमले में किसी का इस्तीफा नहीं मांगा, लेकिन विमान दुर्घटना में लोगों की मौत हो गयी। इस दुर्घटना में सरकार के जिम्मेदार लोगों का इस्तीफा होना चाहिए।

सपा प्रमुख के मुताबिक, जब से विभागों का निजीकरण हुआ है, लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। ऐसा लगता है अपने लोगों को नौकरी देने के लिए सरकार ने अयोग्य लोगों को पदों पर बैठा दिया है। नौकरियां दे दी हैं। आज तमाम तरह की दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों में यात्राओं को लेकर डर पैदा हो गया है।



लखनऊ में पसमांदा मुस्लिम समाज के साथ बैठक के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

सपा प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में पसमांदा मुस्लिम समाज की बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए कोई फार्मूला नहीं, बल्कि एक भावनात्मक गठबंधन है। इसमें भाजपा सरकार से सभी पीड़ित, दुखी और अपमानित लोग शामिल हैं।

# बिजली दर बढ़ाने के प्रस्ताव का भी विरोध करेगी समिति

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति निजीकरण के साथ बिजली दर बढ़ाने के प्रस्ताव का भी विरोध करेगी। समिति पदाधिकारियों ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रबंधन उपभोक्ताओं की जेब काटने पर आमादा है।

आरोप लगाया कि भीषण गर्मी में हजारों कार्मिकों का स्थानांतरण करके बिजली व्यवस्था बेपटरी करना चाहता है। विभिन्न स्थानों पर हुई सभा में 22 जून को होने वाली बिजली महापंचायत की तैयारी पर भी चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि पॉवर कारपोरेशन प्रबंधन ने बिजली दरों में बेतहाशा बढोतरी का प्रस्ताव देकर संघर्ष समिति के आरोपों की पुष्टि कर दी है।

# बाइक सवार मां की गोद से छिटकी बच्ची ट्रक के नीचे आई

कार्यालय संवाददाता इटावा



नौ माह की बच्ची जीनत।

- इटावा का मामला, पिता बिलखते हुए मासूम के पैर चूमता रहा फिर बेहोश हो गया

**अमृत विचार:** मंगलवार को नेशनल हाईवे-2 के फूफई ओवरब्रिज पर एक बाइक को बेकाबू ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर बैठी महिला के गोद से 9 महीने की बच्ची जीनत छिटककर सड़क पर गिर गई। तभी उसके ऊपर से ट्रक का पहिया निकल गया। उसकी मां भी सड़क पर गिर गई और घायल हो गई।

वहीं एंबुलेंस से उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने बेटी को मृत घोषित कर दिया और मां का इलाज किया जा रहा है। वहीं अस्पताल पहुंचे बच्ची के पिता का बार-बार बेटी के पैरों के चूमता रहा। थाना बसरेहर क्षेत्र के सरैया ताल में परवेज खान (35), जो कि टेलर है अपनी पत्नी परवीन (30) और 9 महीने की बेटी जीनत के साथ रहते हैं। परवेज और परवीन की शादी ढाई साल पहले हुई थी। परिवार में परवेज का एक भाई जावेद है। जावेद भी उसके साथ टेलर का काम करता है। परवेज किसी काम से पत्नी और बेटी के साथ औरैया गया था।

वहां से मंगलवार दोपहर बाइक से तीनों लोग वापस लौट रहे थे। जैसे ही उसकी बाइक फूफई ओवरब्रिज के ऊपर पहुंची, तभी पीछे से तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बेकाबू होकर सड़क पर गिर गई और उसकी पत्नी परवीन की गोद से मासूम बच्ची जीनत छिटककर सड़क पर जा गिरी। बच्ची के सड़क पर गिरते ही ट्रक का पिछला पहिया उसके ऊपर से गुजर गया। हादसे के बाद हाईवे पर चीख-पुकार मच गई। मां-बाप रो-रोकर बेसुध हो गए। सूचना मिलने पर इकदिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बच्ची व घायल परवीन को अस्पताल भिजवाया।

वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल परवीन का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। वहीं ट्रक चालक ट्रक लेकर भाग निकला। पुलिस सीसीटीवी के सहारे उसकी तलाश कर रही है। वहीं, सड़क हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था को संभालते हुए वाहनों का संचालन सुचारू कराया।

# पिता को भगोड़ा घोषित करें महाराष्ट्र के डीजीपी : हाईकोर्ट

## आदेश के बावजूद बच्चे को पेश न करने पर कोर्ट सख्त, कहा- संपत्ति कुर्क करने की करें कार्रवाई

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मंगलवार को महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया है कि वह बीएएनएसएस के प्रावधानों के तहत बच्चे के पिता को भगोड़ा घोषित कर उसकी संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई शुरू करें। कोर्ट के आदेश के बावजूद पिता अपने दो वर्ष आठ माह के बेटे को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर रहा है। कोर्ट ने यह आदेश बच्चे की मां द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के संदर्भ में पारित किया है। कोर्ट ने पुणे के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को भी आदेश दिया है कि वह आदेश के अनुपालन के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही वरिष्ठ रजिस्ट्रार को आदेश की प्रति डीजीपी, महाराष्ट्र और सीजेएम, पुणे को भेजने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 1 अगस्त को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की अवकाशकालीन एकल पीठ ने बच्चे की मां की याचिका पर पारित किया। याचिका में मां ने कहा कि बच्चा अभी शैशव अवस्था में है। उसकी देखभाल मां ही कर सकती है, लेकिन पिता ने बच्चे को उसकी वैध अभिरक्षा से छीन लिया है। मां ने यह भी आरोप लगाया कि उसे अपने बच्चे से मिलने तक नहीं दिया जा रहा है। मामले पर पिछली सुनवाइयों के दौरान कोर्ट ने पिता को नोटिस जारी किया। जिसके बाद वह कोर्ट में उपस्थित भी हुआ, लेकिन बाद में अदालत से बचता रहा। कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद वह बच्चे को प्रस्तुत नहीं कर रहा है। इस पर कोर्ट ने महाराष्ट्र डीजीपी और सीजेएम पुणे को निर्देश जारी करते हुए कहा कि पुलिस महानिदेशक, महाराष्ट्र प्रतिवादी संख्या 4 (पिता) के विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 82 और 83 तथा बीएनएसएस की धारा 84 और 85 के अंतर्गत कार्यवाही प्रारंभ करें। सुनिश्चित करें कि अगली तिथि पर वह इस कोर्ट के समक्ष उपस्थित हो। पिछली सुनवाई पर भी कोर्ट ने पिता के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया था। पिता मूलतः अयोध्या का निवासी है। हालांकि वर्तमान में पुणे में रह रहा है। वहीं पुणे पुलिस की एक रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई। जिसमें बताया गया कि पिता लापता है, जिससे वारंट तामील नहीं हो सका।


## वर्ग पहेली-5

**बाएं से दाएं**

1. सितार जैसा एक वाद्ययंत्र जिसके दोनों सिरों पर तूंबे लगे रहते हैं।
5. 1. (पुराण) परलोक की एक नदी जिसे मरने के बाद प्रत्येक जीवात्मा को पार करना पड़ता है 2. ओडिशा की एक नदी जो पवित्र मानी गई है।
6. एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करने की क्रिया या भाव, अनुवाद।
9. 1. जो बकवास से भरा हुआ हो 2. ऐसी पद्यमय रचना जिसकी तुकें न मिलती हों, अंत्यानुप्रासहीन 3. जो अवसर के हिसाब से अनुपयुक्त हो।
10. सांसारिक, दुनिया का, लौकिक।

**ऊपर से नीचे**

2. जलमार्ग से आवागमन, जलयात्रा।
3. तुन का वृक्ष।
4. 1. बार-बार इधर से उधर आना-जाना 2. किसी कार्य हेतु पूर्ण प्रयत्न।
7. 1. सिख धर्मानुसार धर्मविरोधी कार्य करने वाला, धर्मापराधी 2. धर्मच्युत।
8. 1. फेंके जाने की क्रिया 2. प्रक्षेपण।




### वर्ग पहेली -4 का हल


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 जं | घि | ल | ■ | ■ | 2 शे | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 कु | शे | श | य |
| ■ | 4 उ | ■ | रे | ■ | वी | ■ |
| ■ | ल | ■ | द | ■ | ■ | 5 नि |
| 6 भ | ट | क | ना | ■ | ■ | कुं |
| ■ | फे | ■ | ■ | ■ | ■ | च |
| 7 वा | र | ना | ■ | 8 ने | ति | क |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी- 13 .34 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-भाद्रपद 19 जून 12 .23 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।



मेष

आज विद्यार्थी रचनात्मक लेखन और प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। परिवार के सदस्यों के बीच आपसी तालमेल अच्छा रहेगा। घर में अस्त-व्यस्त सा वातावरण हो सकता है। मार्केटिंग संबंधी कार्यों से धन लाभ हो सकता है। दांपत्य जीवन में प्रेम और रोमांस बढ़ेगा।



वृष

आज आपकी प्रतिभा लोगों के सामने उभर के आयेगी। घर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। धर्म-कर्म और अध्यात्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। कारोबार को लेकर दूरदर्शी निर्णय ले सकते हैं। समाज में छवि अच्छी बनेगी।



मिथुन

आज घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। घर में सुकून और शांति का वातावरण रहेगा। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। छात्रों को नया अनुभव और ज्ञान प्राप्त होगा। व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय से पहले प्राप्त कर पायेंगे।



कर्क

आज मित्र की आर्थिक सहायता करनी पड़ सकती है। इससे आपको आत्मिक प्रसन्नता मिलेगी। आज महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संभालकर रखें। आज आप गलत कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।



सिंह

आज आपके विनम्र स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। होटल कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। पति-पत्नी के मध्य के आपसी संबंध और मधुर होंगे। बड़े बुजुर्ग लोगों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज युवा प्रेमी डेट पर जा सकते हैं। श्वास रोगियों को समस्या हो सकती है।



कन्या

आज रियल एस्टेट में आप निवेश कर सकते हैं। आयात-निर्यात से आपको अच्छा धन लाभ मिलेगा। नई ऊर्जा के साथ अपने काम में लगे रहें। अध्यात्मिक प्रवृत्ति के लोगों के साथ समय बिताने का प्रयास करें। किसी बात को लेकर आप उलझन में रहेंगे।




तुला

आज शेयर मार्केट में निवेश करने वाले लोगों के लिए दिन उत्तम है। संतान को लेकर शुभ समाचार मिल सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। मित्र के साथ मनमुटाव हो सकता है। मन में कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी।



वृश्चिक

आज आप जो भी काम करेंगे उसे अच्छी तरह से करेंगे। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों में आपकी रुचि जागृत होगी। नयी डील करने में जल्दबाजी न करें। आपको जीवनसाथी की उत्तम सलाह प्राप्त होगी। लेकिन उनसे वैचारिक मतभेद उभर सकते हैं।



धनु

आज का दिन उत्साह से पूर्ण रहेगा। किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। रिश्तों में मिठास की भावना बढ़ेगी। दोस्तों और भाई-बहनों के साथ संबंध मजबूत होंगे। नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं।



मकर

आज वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा। घर में अनुशासन का वातावरण रहेगा। विवाहेतर संबंधों में रुचि न लें। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों से सावधानी रखनी चाहिए। घर के सदस्यों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।



कुंभ

आज संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। महिलाओं का स्वास्थ्य बहुत ही अच्छा रहेगा। रुके हुए कार्यों में गति आयेगी। कठोर परिश्रम के माध्यम से परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे। जीवनसाथी का उचित सहयोग प्राप्त होगा।



मीन

आज दोस्तों के साथ व्यर्थ कार्यों में समय बर्बाद न करें। वकीलों को कठिन केस मिलने के योग बन रहे हैं। गलत खानपान के कारण पेट में अपच हो सकता है। मित्र व सहकर्मी आपसे नाराज हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में कोई वादा करने से बचें।

## सुडोकू -12

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | | | | | 2 |
| 1 | 5 | 7 | | | 2 | | | 9 |
| | | 2 | 6 | | | 8 | 4 | 7 |
| | 8 | | | | 6 | | | 1 |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 4 | | | 2 | | | | 3 | |
| 2 | 3 | 5 | | | 9 | 1 | | |
| 9 | | | 8 | | | 7 | 5 | 6 |
| 8 | | | | | 1 | | | |

### सुडोकू - 11 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 4 | 7 |
| 3 | 4 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 6 |
| 8 | 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 9 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, बुधवार, 18 जून 2025


# निर्यात में 2010 से 23 तक मजबूत वृद्धि

## तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक भारत, वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के निर्यात में 2010 से 2023 तक लगातार वृद्धि का रुख रहा जो इसके व्यापार क्षेत्र की मजबूती को बताता है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही।

अंकटाड (संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए अधिकारी ने बताया कि 2010 से 2023 की अवधि में वैश्विक निर्यात में अपनी हिस्सेदारी के मामले में भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक रहा और इस मामले में वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही। अधिकारी ने कहा कि अंकटाड के प्रमुख सांख्यिकी एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार 2024 के रुझान के अनुसार वृद्धि की यह दर सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले सबसे अधिक रही। यह प्रदर्शन अन्य



प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं जैसे यूरोपीय संघ, चीन और अमेरिका की तुलना में और भी अधिक उल्लेखनीय है जिनकी इस अवधि में निर्यात हिस्सेदारी बढ़ोतरी में वृद्धि दर क्रमशः 3.9 प्रतिशत, 6.1 प्रतिशत और 3.9 प्रतिशत रही।

अधिकारी ने कहा, जहां जापान और रूस जैसी कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं ने अपने निर्यात हिस्से में मामूली वृद्धि या स्थिरता दर्ज की वहीं भारत के निर्यात में लगातार वृद्धि का रुझान रहा है जो इसके व्यापार क्षेत्र की मजबूती को बताता है। यह भारत की व्यापार नीतियों, विनिर्माण एवं क्षेत्रों की प्रभावशीलता और निर्यात संवर्धन पहल के प्रभाव को दर्शाता है, जिसने वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में देश के एकीकरण को बढ़ाने में योगदान दिया है। देश का कुल निर्यात 2009-10 में 274.8 अरब डॉलर था। यह 2022-23 में 776.3 अरब डॉलर और 2024-25 में 825 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### रत्न और आभूषण निर्यात मई में 15.81 प्रतिशत घटकर 226.3 करोड़ डॉलर रहा

**नई दिल्ली।** जीजेईपीसी ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका के शुल्क घोषणा के बाद मई में कुल रत्न और आभूषण निर्यात सालाना आधार पर 15.81% घटकर 226.34 करोड़ अमेरिकी डॉलर (19,260.81 करोड़ रुपये) रहा। रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के अनुसार 2024 की इसी अवधि के दौरान उद्योग का निर्यात 2,68.83 करोड़ डॉलर (22,414.02 करोड़ रुपये) था। मई में तराशे गए हीरों का निर्यात 35.49% घटकर 94.97 करोड़ डॉलर (8,089.81 करोड़) रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 1,47.20 करोड़ डॉलर (12,272.03 करोड़) था। मई में पॉलिश किए प्रयोगशाला में बने हीरों का निर्यात सालाना आधार पर 12.03 करोड़ डॉलर (1,003.06 करोड़) से 32.76% घटकर 8.09 करोड़ डॉलर (689.71 करोड़) रह गया। समीक्षाधीन अवधि में सोने के आभूषणों का निर्यात सालाना आधार पर 17.24% बढ़कर 99.75 करोड़ डॉलर (8,482.61 करोड़ रुपये) हो गया।

## भारत की तेल मांग में 2030 तक 10 लाख बैरल रोजाना की वृद्धि

**नई दिल्ली।** दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत अपनी शानदार आर्थिक वृद्धि के चलते 2030 तक वैश्विक तेल मांग वृद्धि का नेतृत्व करेगा व 10 लाख बैरल तेल रोजाना की मांग बढ़ेगी।

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने मंगलवार को जारी अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक तेल मांग में इस दशक के अंत तक 25 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) की वृद्धि होने की उम्मीद है। इस तरह तेल की कुल मांग 2030 तक बढ़कर 10.55 करोड़ बीपीडी हो जाएगी। कच्चे तेल के बाजार में किसी भी बड़े व्यवधान को छोड़ दिया जाए तो इस दशक के अंत तक अच्छी आपूर्ति रहने की उम्मीद है। वैश्विक ऊर्जा निगरानी संस्था आईईए का अनुमान है कि भारत में कच्चे तेल की मांग बढ़कर 2030 में 66.6 लाख बीपीडी हो जाएगी जो 2024 में 56.4 लाख बीपीडी थी।

## सरकारी कंपनियां एक सुरक्षित विकल्प

पीएसयू यानी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, वे कंपनियां होती हैं जिनमें भारत सरकार की 51% या अधिक हिस्सेदारी होती है। ये कंपनियां ऊर्जा, बैंकिंग, रक्षा, इस्पात, पेट्रोलियम, कोयला, बीमा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में काम करती हैं। जैसे- ओएनजीसी, भेल, एसबीआई, एनटीपीसी और आईओसी आदि। पीएसयू में निवेश करना अपेक्षाकृत सुरक्षित विकल्प माना जाता है, क्योंकि इनमें सरकारी भागीदारी होती है। हाल के वर्षों में कुछ पीएसयू कंपनियों ने अच्छा रिटर्न दिया है, खासकर डिविडेंड और वैल्यू में बढ़ोतरी के रूप में।



### कैसे करें निवेश

- **स्टॉक मार्केट के जरिए :** एनएसई/बीएसई पर सूचीबद्ध पीएसयू कंपनियों के शेयर खरीदे जा सकते हैं।
- **ईटीएफ :** भारत सरकार द्वारा पीएसयू आधारित ईटीएफ लॉन्च किए गए हैं, जैसे– सीपीएसई ईटीएफ।
- **बॉण्ड्स और एनसीडीएस :** पीएसयू कंपनियां समय-समय पर सुरक्षित बॉण्ड्स जारी करती हैं।

### लाभ के कारण

- **सरकारी सुरक्षा :** सरकार की हिस्सेदारी के चलते इन कंपनियों में स्थिरता होती है।
- **डिविडेंड यील्ड :** अधिकतर पीएसयू कंपनियां नियमित और उच्च लाभांश देती हैं।
- **दीर्घकालिक मूल्यवृद्धि :** कई कंपनियों में समय के साथ अच्छे रिटर्न मिलते हैं।
- **डाइवर्सिफिकेशन :** पोर्टफोलियो में विविधता के लिए उपयोगी हैं।

### जोखिम पर भी दें ध्यान

- **सरकारी हस्तक्षेप :** निर्णयों में राजनीति की भूमिका निवेशकों के हितों पर असर डाल सकती है।
- **कम ग्रोथ रेट :** निजी क्षेत्र की तुलना में नवाचार और विकास की गति धीमी। विनिवेश की योजनाएं बाजार प्रभावित हो सकती हैं।

### निवेश रणनीति

- मजबूत बैलेंस शीट और लाभांश रिकॉर्ड वाली कंपनियों को प्राथमिकता दें। लॉन्ग टर्म निवेश पर ध्यान दें। ईटीएफ के माध्यम से जोखिम को संतुलित किया जा सकता है।

# प. एशिया संकट से शेयर बाजार सतर्क

मुंबई, एजेंसी

ईरान-इजराइल संघर्ष तेज होने से निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने और धातु एवं तेल-गैस शेयरों में मुनाफावसूली होने से मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजार गिर गए। सेंसेक्स 213 अंक जबकि निफ्टी 93 अंक नुकसान में रहा। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर आने वाले फैसले को लेकर भी निवेशकों ने इंतजार की रणनीति अपनाई है।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा को सर्वाधिक



- सेंसेक्स 213 अंक और निफ्टी 93 अंक फिसला

2.18% का नुकसान उठाना पड़ा। वहीं, इटर्नल, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक और बजाज फिनसर्व में भी गिरावट रही। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स और मारुति सुजुकी के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई स्मालकैप 0.67 जबकि मिडकैप 0.56% नीचे आया। क्षेत्रवार सूचकांकों में धातु खंड 1.29% के नुकसान में रहा जबकि सेवा खंड में 1.09 और तेल एवं गैस खंड में 0.92% की गिरावट रही।

बीएसई पर सूचीबद्ध 2,483 कंपनियां नकारात्मक दायरे में बंद हुईं जबकि 1,496 शेयरों में तेजी रही और 139 अन्य अपरिवर्तित रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की सूचकांक बढ़त पर रहे जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरकर बंद हुए। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

# सोना 1,200 रुपये टूटा चांदी में आई मजबूती

नई दिल्ली, एजेंसी

कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की बिकवाली से मंगलवार को सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,200 रुपये टूटकर 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है।

पिछले कारोबारी सत्र में 99.9% शुद्धता वाला सोना 1,01,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5% शुद्धता वाला सोना 1,100 रुपये घटकर 99,450 रुपये प्रति



10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। हालांकि, मंगलवार को चांदी की कीमतें 100 रुपये बढ़कर 1,07,200 रुपये प्रति किलो (सभी करों सहित) हो गईं। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना गिरावट के साथ 3,380.65 डॉलर प्रति औंस पर रहा।

# संदेह को रास्ते की बाधा न बनने दें : लोबाना

नई दिल्ली, एजेंसी

यदि आप तकनीकी उद्योग में महिला पेशेवर हैं और नेतृत्व की भूमिका की तलाश कर रही हैं, तो अपने लक्ष्यों पर स्पष्ट रूप से ध्यान केंद्रित करें, जरूरी कौशल विकसित करें, सलाहकारों और सहयोगियों की तलाश करें और संदेह को अपने रास्ते में बाधा न बनने दें। यह सलाह गूगल इंडिया की नवनियुक्त क्षेत्रीय प्रबंधक और उपाध्यक्ष प्रीति लोबाना ने दी।

नैसकॉम के अनुसार, भारत में 58 लाख तकनीकी कर्मचारियों में 36% महिलाएं हैं, जिनका प्रवेश स्तर पर 40% प्रतिनिधित्व है। उच्चतम नेतृत्व



- महिला तकनीकी विशेषज्ञों को गूगल भारत प्रमुख ने किया संबोधित

पदों पर यह आंकड़ा घटकर 5% रह जाता है। लोबाना ने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने और जरूरी कौशल हासिल करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को आत्म-संदेह से दूर रहने और निडरता से अपनी क्षमता को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

लोबाना ने कहा कि दृढ़ संकल्प और सही समर्थन के साथ कोई भी बाधा बहुत बड़ी नहीं है। स्त्री हो या पुरुष दोनों में किसी के लिए, नेतृत्व की ओर बढ़ने के साथ ही आगे का रास्ता संकरा हो जाता है और महिलाओं के लिए यह कठिन चुनौती है। इस बारे में स्पष्टता होनी चाहिए कि आप कहां जाना चाहते हैं और अपने कौशल का निर्माण करना, सही सहयोगी, प्रायोजक, सलाहकार, व्यक्तिगत 'निदेशक मंडल' होना जरूरी है। लोबाना ने कहा कि सहयोगियों और सलाहकारों ने उनके करियर की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## एक नजर

### कंचन की हत्या को अकाल तख्त के ग्रंथी ने ठहराया सही

**अमृतसर।** अकाल तख्त के मुख्य ग्रंथी ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी की हत्या को उचित ठहराते हुए कहा कि कुछ भी गलत नहीं हुआ है और किसी को भी अश्लील गाने नहीं सुनने चाहिए। कमल कौर भाभी के नाम से मशहूर कंचन को कथित तौर पर उसके वीडियो में अश्लीलता को बढ़ावा देने के लिए निशाना बनाया गया था। नौ जून को उसकी हत्या कर दी गई और शव बठिंडा में लावारिस कार में मिला। सिख धर्म की सर्वोच्च पीठ अकाल तख्त के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी मलकीत सिंह ने कहा, सिख धर्म के अनुसार, किसी को भी अश्लील गाने नहीं सुनने चाहिए, खासकर युवा सिख पीढ़ी को।

### दुष्कर्म के आरोपी एम्स के डॉक्टर को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शादी का वादा कर महिला से दुष्कर्म करने के आरोपी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डॉक्टर को जमानत दे दी और कहा कि प्रथमदृष्टया पता चलता है कि आरोपी और महिला सहमति से सहजीवन साथी थे। न्यायमूर्ति शैलेंद्र कौर ने कहा कि महिला ने अन्य लोगों के खिलाफ भी इसी तरह के अपराधों के लिए प्राथमिकी दर्ज कराई थी तथा जबरन वसूली सहित कुछ मामले भी उसके खिलाफ दर्ज किए गए।

### रॉबर्ट वाड्रा फिर ईडी के सामने नहीं हुए पेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ब्रिटेन निवासी हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में दूसरी बार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष अपनी तय गवाही के लिए पेश नहीं हुए। वाड्रा के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल बेटी के स्नातक समारोह के लिए विदेश यात्रा पर हैं।

# हताशा में कांग्रेस कर रही झूठा प्रचार : भाजपा

## जातिगत जनगणना : लोगों को गुमराह करने के लिए सुधांशु त्रिवेदी ने की कांग्रेस की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस 2027 की जनगणना पर झूठा और भ्रामक प्रचार कर रही है क्योंकि समाज में विभाजन पैदा करके सत्ता हासिल करने की उसकी उम्मीद नरेंद्र मोदी सरकार की राष्ट्रव्यापी कवायद में जातिगत गणना को शामिल करने के फैसले से टूट रही है।

कांग्रेस ने 16वीं जनगणना पर सरकार की अधिसूचना को निरर्थक करार देते हुए कहा था कि वह इस प्रक्रिया में जाति को शामिल करने पर कुछ नहीं कहती है। यह देखते हुए कि कुछ भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही हैं कि राजपत्र अधिसूचना में जातिगत



गणना का कोई उल्लेख नहीं है, गृह मंत्रालय ने बाद में कहा कि 2027 की जनगणना में जाति गणना शामिल है।

झूठे दावों से लोगों को गुमराह करने के लिए कांग्रेस की आलोचना करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि इस तरह के ओछे कृत्य का सहारा लेकर विपक्षी पार्टी का उद्देश्य समाज में भ्रम पैदा करना और सत्ता हासिल करना है। उन्होंने भाजपा मुख्यालय में कहा कि चूंकि कांग्रेस को अपना उद्देश्य पूरा होता नहीं दिख रहा है, इसलिए वह मिथ्या बातें, छल और झूठ फैलाने पर उतर आई है। त्रिवेदी ने कहा कि सरकार के विज्ञप्ति में स्पष्ट उल्लेख है कि जनगणना के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन और जाति जनगणना कराई जाएगी। कांग्रेस की दृष्टि संकीर्ण और सीमित है, बल्कि कहना चाहिए कि उनकी सोच एक दुर्भावनापूर्ण एजेंडे से प्रेरित है। इसी कारण वे मोदी सरकार द्वारा जनगणना कराने के फैसले में जो स्पष्ट रूप से बताया गया है, उसे देखने में असमर्थ हैं। वे भ्रामक प्रचार कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी उम्मीदें पूरी नहीं हो रही हैं।

### जनगणना को लेकर सरकार की नीयत साफ नहीं



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने जनगणना के लिए जारी अधिसूचना में जातिगत गणना का उल्लेख नहीं होने तथा बजट आवंटन को लेकर मंगलवार को सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि जाति जनगणना पर सरकार की नीयत साफ नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को भ्रम की स्थिति पैदा करने के बजाय कांग्रेस शासित तेलंगाना में हुए हालिया जातिगत सर्वेक्षण का मॉडल अपनाते हुए जनगणना करानी चाहिए। पायलट ने कहा, कांग्रेस पार्टी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी ने लंबे समय से मांग रखी थी कि देश में जब भी जनगणना हो, उसमें जातिगत जनगणना कराई जाए। जातिगत जनगणना का उद्देश्य सिर्फ जाति के बारे में जानना नहीं, बल्कि यह भी पता करना है कि देश और संस्थाओं में कितनी भागीदारी है तथा लोगों की शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति क्या है? उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने कई बार कहा कि जातिगत जनगणना की मांग उठाने वाले लोग अर्बन नक्सल' हैं तथा मोदी सरकार ने संसद में जवाब दिया कि वह जातिगत जनगणना कराने के पक्ष में नहीं है।

# देश की एकजुटता के लिए भूल जाएं आपसी मतभेद

हमीरपुर (हिप्र), एजेंसी

आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने जोर दिया है कि यदि लोग आपसी मतभेद भूल जाएं तो हिंदू समाज और देश एकजुट रह सकता है। भागवत ने हमीरपुर जिले के टिपर गांव में सोमवार रात एक कार्यक्रम में कहा कि हिंदू धर्म, हिंदू समाज और हिंदू संस्कृति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

सरसंघचालक यहां स्वयंसेवकों के उत्तर क्षेत्र विकास शिविर में भाग लेने के लिए चार दिवसीय यात्रा पर हैं। स्वयंसेवकों से भागवत ने कहा, संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने वाला है। सौ साल पहले संघ के विचार को मान्यता नहीं मिली थी। इसकी उपेक्षा की गई, फिर भी यह काम करता



रहा। अब संघ के विचार को समाज ने स्वीकृति प्रदान की है, समाज सक्रियता से काम करता है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज की संस्कृति को सहेजकर रखने के लिए आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुट होने की जरूरत है। 30 मई से शुरू हुए कार्यकर्ता विकास वर्ग-प्रथम में कुल 212 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि समापन समारोह 19 जून को होगा।

## श्रद्धांजलि



अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मारे गए लोगों और पीड़ितों को कार्यक्रम में शामिल हुए चिकित्सकों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मोमबत्तियां जलाकर दो मिनट का मौन भी रखा गया और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। एजेंसी

# पूर्व अग्निवीरों के करियर में प्रगति के लिए काम करेगा गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र ने नियम 1961 में किया संशोधन द्वितीय अनुसूची में एक नया बिंदु जोड़ा

सशस्त्र बलों में अग्निवीरों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उनके करियर में आगे की प्रगति के लिए गतिविधियों का समन्वय करने का काम केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपा गया है। यह जानकारी सरकारी अधिसूचना से मिली।

केंद्र ने भारत सरकार (कार्य आवंटन) नियम, 1961 में संशोधन किया है तथा गृह मंत्रालय के राज्य विभाग के तहत द्वितीय अनुसूची में एक नया बिंदु जोड़ा गया है, जिसमें कहा गया है कि गृह मंत्रालय अब पूर्व अग्निवीरों की आगे की प्रगति के लिए समन्वय करेगा। सरकार ने सेना के तीनों अंगों के लिए अग्निपथ भर्ती योजना जून 2022 में शुरू की थी। अग्निपथ योजना के तहत, चयनित होने वाले साढ़े 17 से 21 वर्ष के अभ्यर्थियों को सेना, वायुसेना और नौसेना में चार वर्ष के लिए भर्ती किया जाता है तथा इसमें 25% अभ्यर्थियों को 15 वर्षों तक बरकरार रखने का प्रावधान है। सरकार ने पहले ही सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी आदि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कांस्टेबलों की सभी भावी नियुक्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित कर दी हैं।

# 2025-26 के लिए डीयू का स्नातक प्रवेश पोर्टल शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने मंगलवार को स्नातक पाठ्यक्रमों में 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू करते हुए कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) पोर्टल शुरु किया। विवि की 'डीन' (अकादमिक) हनीत गांधी ने बताया कि अब विद्यार्थी सीएसएएस पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। विवि के 69 कॉलेजों में कुल 71,624 सीट पर 79 पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश दिया जाएगा। करियर उन्मुख शिक्षा को बढ़ाने को विवि ने इनोवेटिव स्किल-बेस्ड कोर्सेज सेंटर (सीआईएसबीसी) के तहत कौशल आधारित कई पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश शुरू किये हैं। इन पाठ्यक्रमों में 'एसी-रेफ्रिजरेटर मरम्मत,एनीमेशन और मोशन ग्राफिक्स, बेकरी तथा हलवाई का काम शामिल हैं।

## उपमुख्यमंत्री के भाई सुरेश को धोखाधड़ी में समन जारी

**बेंगलुरु।** ईडी ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के छोटे भाई और कांग्रेस नेता डीके सुरेश को स्थानीय महिला के खिलाफ धन शोधन की जांच से जुड़े धोखाधड़ी के मामले में पूछताछ के लिए समन भेजा है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि पूर्व सांसद सुरेश को 19 जून को पेश होने और धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

संघीय जांच एजेंसी ने स्थानीय महिला ऐश्वर्या गौड़ा (33) और कांग्रेस विधायक विनय कुलकर्णी के खिलाफ छापे मारने के बाद अप्रैल में महिला को गिरफ्तार किया था। ईडी ने तब कहा था कि महिला ने कई नेताओं से निकटता का दावा किया और लोगों को सोने, नकदी तथा बैंक में जमा राशि पर उच्च रिटर्न का वादा कर उनसे धोखाधड़ी की।

# दिल्ली-एनसीआर में हुई भारी बारिश, रेड अलर्ट जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में मंगलवार को भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को दिल्ली और आसपास के इलाकों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी करते हुए आंधी-तूफान के साथ ओलावृष्टि, मध्यम से भारी बारिश और कुछ स्थानों पर 50-70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान जताया गया था। आईएमडी ने मध्यम स्तर के आंधी-तूफान की चेतावनी देते हुए जनता के लिए सुरक्षा परामर्श भी जारी किए।

मौसम विभाग के अनुसार, आकाशीय बिजली गिरने से खुले इलाकों में जान का खतरा हो सकता है। यातायात बाधित



हो सकता है और विमान या ट्रेन सेवाओं में विलंब हो सकता है। इसमें कहा गया कि लोगों को घरों के भीतर रहने और अनावश्यक रूप से यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। करंट से बचने के लिए बिजली से चलने वाले उपकरण भी बंद रखने की सलाह दी गयी है। लोगों को पेड़ या धातु से बनी संरचनाओं के नीचे शरण लेने और बिजली गिरने के दौरान बाहर मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने से आगाह किया गया है।

आईएमडी ने लोगों को उसकी वेबसाइट के जरिए और पुष्ट मीडिया माध्यमों के जरिए आधिकारिक जानकारी प्राप्त करने की सलाह दी है। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रहा जो मौसम के औसत तापमान से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक है। सापेक्षिक आर्द्रता सुबह साढ़े 8 बजे 71 फीसदी रही। आईएमडी के अनुसार, अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम से 12 उड़ानों का मार्ग बदला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम के कारण मंगलवार शाम 12 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में खराब मौसम के कारण अपराह्न तीन से चार बजे के बीच 12 उड़ानों के मार्ग में परिवर्तन किया गया। एअर इंडिया ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि दिल्ली में खराब मौसम के कारण उड़नों का परिचालन प्रभावित हो रहा है और कुछ उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है। 'दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड' (डीआईएएल) द्वारा संचालित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है और वर्तमान में इसके तीन रनवे चालू हैं, जबकि एक रनवे सुधार कार्य के लिए बंद है।

# अमरनाथ यात्रा के मार्गों को नो फ्लाइंग जोन किया घोषित

श्रीनगर, एजेंसी

- उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आदेश के बाद जम्मू कश्मीर के गृह विभाग ने लिया निर्णय

जम्मू कश्मीर सरकार ने अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा उपायों को बढ़ाते हुए मंगलवार को यात्रा मार्गों को नो फ्लाइंग जोन (उड़ान निषिद्ध क्षेत्र) घोषित किया। यात्रा के लिए तीर्थयात्री दो मार्ग - पारंपरिक पहलगाम मार्ग और बालटाल मार्ग का इस्तेमाल करते हैं।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आदेश पर जम्मू कश्मीर के गृह विभाग से जारी घोषणा में कहा गया कि इस क्षेत्र में 1 जुलाई से 10 अगस्त तक मानवरहित हवाई यान (यूएवी), ड्रोन, गुब्बारे समेत किसी भी प्रकार के विमानन यंत्र उड़ाना प्रतिबंधित है। यह पाबंदी मरीजों को विमान से ले जाने, आपदा प्रबंधन और सुरक्षा बलों द्वारा निगरानी उड़ानों पर लागू नहीं होगी। 3 जुलाई से शुरू अमरनाथ यात्रा के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न सुरक्षा बंदोबस्त किए जा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी सलाह दी है कि यात्रा के पूरे मार्ग को 1 जुलाई से 10 अगस्त तक 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित किया जाए।

# कप्तान के रूप में रोहित और विराट का मिश्रण हैं शुभमन

## इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जोश बटलर का मानना है गिल पूरी स्वच्छंदता से नेतृत्व करेंगे

**मुंबई, एजेंसी**

जोस बटलर का मानना है कि भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल कप्तान के रूप में रोहित शर्मा और विराट कोहली का मिश्रण हैं लेकिन जब वह शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में राष्ट्रीय टीम की अगुआई करेंगे तो मैदान पर वह पूरी स्वच्छंद होकर टीम का नेतृत्व करेंगे।

इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम के पूर्व कप्तान बटलर इस वर्ष इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गिल की कप्तानी में खेले थे। उन्होंने कहा कि इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को कप्तानी की भूमिका और अपनी बल्लेबाजी के बीच संतुलन बनाना होगा। बटलर ने इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के साथ अपने पॉडकास्ट 'फॉर द लव ऑफ क्रिकेट' पर कहा वह वास्तव में प्रभावशाली खिलाड़ी है। जब वह बोलते हैं तो काफी शांत और संतुलित रहते हैं। मुझे लगता है कि मैदान पर खुद के लिए चुनौती पेश करते हैं। उनमें काफी जुनून होता है। मुझे लगता है कि कप्तान के रूप में वह कोहली और रोहित का मिश्रण होंगे।

उन्होंने कहा कोहली वास्तव में बहुत आक्रामक थे। उन्होंने भारतीय टीम को पूरी तरह बदल दिया। उन्होंने उसे मुकाबले के लिए तैयार किया। रोहित थोड़े अलग थे। थोड़े शांत और संयमित, लेकिन उनमें गजब का जुझारूपन था।बटलर ने कहा, ''गिल ने इन दोनों से काफी कुछ सीखा है लेकिन वह मैदान पर पूरी तरह से अलग नजर आएंगे। बटलर ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में भारत की कप्तानी करना देश में 'तीसरे या चौथे सबसे प्रभावशाली व्यक्ति' होने जैसा है। उन्होंने कहा गिल ने बल्लेबाजी और कप्तानी को अलग-अलग करने की बात की। इसलिए जब वह बल्लेबाजी करते हैं तो वह सिर्फ बल्लेबाज बने रहना चाहते हैं। इसके बाद वह अपने कप्तानी कौशल पर काम करेंगे और दोनों भूमिकाओं को अलग-अलग तरह से निभाने का प्रयास करेंगे। बटलर ने कहा मुझे नहीं लगता कि हम इन लोगों के स्टारडम के स्तर को समझ सकते हैं। आप आईपीएल में देखते हैं। वे इस स्टारडम में जीते हैं। मुझे लगता है कि भारतीय टेस्ट कप्तान भारत में प्रधानमंत्री के बाद तीसरा या चौथा सबसे प्रभावशाली व्यक्ति है।



नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल।

### भारतीय टीम ट्रेन से लीड्स पहुंची, राणा भी टीम में शामिल

**लीड्स** : तेज गेंदबाज हर्षित राणा को विकल्प के तौर पर भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है और वह टीम के बाकी सदस्यों के साथ ट्रेन से लीड्स पहुंचे, जहां इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला का पहला मैच खेला जाएगा। राणा भारत ए टीम का हिस्सा थे और उन्होंने कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहला अनौपचारिक टेस्ट खेला था। लंबे कद के इस तेज गेंदबाज ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में पदार्पण किया था, लेकिन इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों के लिए 18 सदस्यीय टीम में उन्हें शामिल नहीं किया गया था। दिल्ली के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने दो टेस्ट, पांच वनडे और एक टी20 मैच खेला है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया उन्हें विकल्प के तौर पर शामिल किया गया है और वे आज टीम के साथ लीड्स पहुंचे। राणा को टीम के बाकी सदस्यों के साथ लीड्स ट्रेन स्टेशन से बाहर निकलते देखा गया। टीम लंदन से लीड्स पहुंची थी।पहला टेस्ट 20 जून को हेडिंग्ले में शुरू होगा। भारत ने बेकेनहैम में भारत ए के खिलाफ इंट्रा-स्क्वाड मैच खेला, जो इस श्रृंखला के लिए उनका एकमात्र अभ्यास मैच था। इससे पहले हालांकि लोकेश राहुल, करुण नायर, यशस्वी जायसवाल, शारदुल ठाकुर, ध्रुव जुरेल और नितीश रेड्डी जैसे खिलाड़ी ए टीम के साथ इंग्लैंड पहुंचे थे।

### व्यावसायिक महत्व के मामले में भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज एशेज के बराबर: ईसीबी सीईओ

**लंदन** : इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच आगामी पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला व्यावसायिक रूप से एशेज जितनी ही महत्वपूर्ण है। गोल्ड को उम्मीद है कि 2024 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निराशाजनक प्रदर्शन के बाद यह श्रृंखला इंग्लैंड के प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित करेगी। पिछले साल देश के खेल प्रशंसक पेरिस ओलंपिक और यूरोप के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट यूरो से जुड़े हुए थे। श्रीलंका पर इंग्लैंड की श्रृंखला जीत के बाद लॉर्ड्स में खाली सीटें क्रिकेट के लिहाज से अच्छी तस्वीर पेश नहीं कर रही थीं।

## गिल को सम्मान पाने के लिए रन बनाने होंगे

**लंदन** : भारत के पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक का मानना है कि शुभमन गिल को अभी भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी का पूरा एहसास नहीं हुआ होगा और ड्रेसिंग रूम में सम्मान हासिल करने के लिए इस युवा खिलाड़ी को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करना होगा। पच्चीस साल के गिल के नेतृत्व में टीम इंग्लैंड में पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। यह गिल की कप्तानी में टीम की पहली परीक्षा होगी। कार्तिक ने ' स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट पोडकास्ट ' पर कहा मैं पहला सुझाव जो शुभमन गिल को देना चाहता हूं वह यह है कि आप अपनी कप्तानी की भूमिका सिर्फ क्षेत्ररक्षण करते समय निभाये। अपनी बल्लेबाजी पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा गिल को ड्रेसिंग रूम (टीम के अन्य सदस्य) में सम्मान पाने के लिए रन बनाने ही होंगे। एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) देशों में बल्लेबाज के रूप में उनका औसत ऐसा नहीं है जिस पर उन्हें गर्व होगा। गिल ने भारत के लिए 32 टेस्ट खेले है लेकिन एसईएनए देशों में वह नियमित तौर पर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं। भारत ने आखिरी बार 2007 में इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला में जीत दर्ज की थी। गिल के सामने पहली बार कप्तान के तौर पर उस उपलब्धि को दोहराने की चुनौती है। हाल ही में गिल का इंटरव्यू लेने वाले कार्तिक ने कहा मुझे नहीं लगता कि उन्हें अभी



● **दिनेश कार्तिक का मानना है शुभमन को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देना होगा**

तक भारत के लिए टेस्ट कप्तान होने के महत्व का एहसास हुआ है। वह शेर की मांद में जा रहे हैं। एक क्रिकेट राष्ट्र के तौर पर इंग्लैंड में आना आसान नहीं है। इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा गिल की किस्मत हालांकि थोड़ी अच्छी है क्योंकि इंग्लैंड की गेंदबाजी उतनी मजबूत नहीं है। मैं भारत के नजरिये से यही एकमात्र साकारात्मक पहलू देख रहा हूं। इंग्लैंड की बल्लेबाजी भारत पर दबाव बनाएगी, लेकिन गेंदबाजी एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर इंग्लैंड को काम करना है और यह भारत के लिए फायदेमंद हो सकता है। कार्तिक का मानना है कि कोच के तौर पर गौतम गंभीर की रणनीति बेहतरीन है लेकिन उन्हें अपने आक्रामक रवैये को और निखारने की जरूरत है। कार्तिक ने गंभीर के साथ भारतीय ड्रेसिंग रूम साझा किया है और उनकी कप्तानी में केकेआर के लिए खेला भी है।

## कप्तानी नहीं करने के बारे में पहले ही बता दिया था: बुमराह

**लीड्स** : दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि उन्होंने अपनी फिटनेस और गेंदबाजी पर अधिक ध्यान देने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को पहले ही बता दिया था कि वह भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी नहीं करना चाहते।

भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक के साथ 'स्काई स्पोर्ट्स' पर बातचीत के दौरान बुमराह ने कहा इसमें कोई काल्पनिक कहानी नहीं है। ऐसा कोई विवाद या कोई सनसनी फैलाने वाली बात नहीं है कि मुझे कप्तानी से दरकिनार किया गया। मैंने रोहित और विराट के संन्यास लेने से पहले ही आईपीएल के दौरान बीसीसीआई से पांच मैचों की इस श्रृंखला को लेकर अपने गेंदबाजी प्रबंधन के बारे में बात की थी। मैंने उन लोगों से बात की है जिन्होंने मेरी पीठ का इलाज किया है। मैंने सर्जन से भी बात की है, जिन्होंने हमेशा मुझसे कहा है कि आपको अपनी गेंदबाजी और फिटनेस को लेकर समझदारी से काम करना होगा। फिर इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि मुझे थोड़ा होशियार होना होगा। इसलिए मैंने बीसीसीआई को फोन किया और कहा कि मुझे टीम के कप्तान की भूमिका में नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि मैं पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के सभी मुकाबले नहीं खेल पाऊंगा।

### एक नजर

#### हम काफी अनुभवहीन थे और फिर भी जीत हासिल की: रबाडा



**लंदन** : दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने कहा है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब जीतना इसलिए और भी यादगार हो गया क्योंकि उनकी टीम 'काफी अनुभवहीन' थी और फिर भी उसने दिग्गजों से भरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ शानदार जीत हासिल की। कप्तान तेम्बा बावुमा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईसीसी ट्रॉफी के लिए 27 साल के सूखे को समाप्त किया। रबाडा ने इस मैच में नौ विकेट लिए। रबाडा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा हम काफी अनुभवहीन टीम हैं जिसने लगभग एक साल पहले साथ खेलना शुरू किया, हम लंबे समय से एक-दूसरे के साथ नहीं हैं। इसके बावजूद हमने यह हासिल किया है। मैं इसे अपने जीवन में कभी नहीं भूलूंगा, कोई भी खिलाड़ी इसे नहीं भूलेगा।

#### ब्रिटेन के वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी से हारे टियाफो

**लंदन** : ब्रिटिश वाइल्ड कार्ड डैन इवांस ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांसेस टियाफो को 7-5, 6-2 से हराकर 2021 के बाद से क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। विश्व में 199वें नंबर के खिलाड़ी इवांस ने कहा मुझे अब भी विश्वास है कि मेरे अंदर काफी टेनिस बची हुई है। मुझे अब भी विश्वास है कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं। लेकिन इस पर विश्वास करना और ऐसा होना दोनों अलग चीज हैं। पहले दौर में जीत दर्ज करने वाले अन्य खिलाड़ियों में चौथी वरीयता प्राप्त होल्गर रूण और आठवीं वरीयता प्राप्त जैकब मेन्सिक शामिल थे। चेक गणराज्य के 19 वर्षीय खिलाड़ी मेन्सिक ने कैमरन नोरी को 7-6 (6), 1-6, 6-1 से हराया। मेन्सिक का अगला मुकाबला स्पेन के रॉबर्टो बातिस्ता अगुट से होगा, जिन्होंने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को तीन सेटों में पराजित किया। रूण का मुकाबला अमेरिका के मैकेंजी मैकडोनाल्ड से होगा, जिन्होंने फ्रांस के गेल मोनफिल्स को 6-4, 6-4 से हराया।

#### भारत के जूनियर कंपाउंड तीरंदाज एशिया कप के फाइनल में

**सिंगापुर** : भारत के जूनियर कंपाउंड तीरंदाजों ने एशियाई कप चरण दो में अपना दबदबा कायम रखते हुए मंगलवार को यहां पुरुष और महिला दोनों व्यक्तिगत स्पर्धाओं के फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त कुशल दलाल ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश के हिमू बछार पर 147-143 से जीत दर्ज करके पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में जगह पक्की की जिससे उनका कम से कम रजत पदक पक्का हो गया है। दलाल ने क्वालीफिकेशन दौर में 714 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था। भारत के 10वें वरीय सचिन चेची सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ माचोन से हार गए और कांस्य पदक के लिए उनका सामना बछार से होगा। महिलाओं के व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में भारत के लिए स्वर्ण और रजत पदक पक्का है क्योंकि शीर्ष वरीयता प्राप्त शानमुखी नागा साई बुड्डे और दूसरी वरीयता प्राप्त तेजल साल्वे भारतीय खिलाड़ियों के बीच होने वाले फाइनल में भिड़ेंगी।

## आईसीसी चार दिवसीय टेस्ट के लिए तैयार

**लंदन, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2027-29 के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में छोटे देशों के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों को मंजूरी देने के लिए तैयार है। हालांकि भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड तब भी परंपरागत रूप से चले आ रहे पांच दिवसीय मैच खेल सकते हैं। यहां एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

मैचों की संख्या एक दिन कम करने का कदम एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा और इससे छोटे देशों को अधिक टेस्ट और लंबी अवधि की सीरीज खेलने में मदद मिलेगी। 'द गार्डियन' समाचार पत्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान चर्चा में आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने 2027-29 के डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए चार दिवसीय टेस्ट

● **छोटे देशों के लिए तैयार की जा रही योजना**

● **भारत, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया पांच दिनी मैच ही खेलेंगे**



के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया था। इसमें कहा गया है इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत को तब भी एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच दिवसीय मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने की अनुमति होगी। एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरुआत शुक्रवार को हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट मैच के साथ होगी। आईसीसी ने पहली बार 2017 में द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए चार दिवसीय टेस्ट को मंजूरी दी थी। इंग्लैंड ने 2019 और 2023 में आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट के बाद पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ भी चार दिवसीय टेस्ट मैच खेला था।

रिपोर्ट के अनुसार कई छोटे देश समय और लागत के कारण टेस्ट मैचों की मेजबानी करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, लेकिन चार दिवसीय टेस्ट मैच शुरू होने से तीन टेस्ट मैचों की पूरी श्रृंखला तीन सप्ताह से भी कम समय में खेली जा सकेगी। इसमें कहा गया है समय को बर्बाद करने से बचने के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों में खेल के समय को 90 ओवर प्रतिदिन से बढ़ाकर न्यूनतम 98 ओवर कर दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने इस मुद्दे को और उजागर किया और इसके बाद बदलाव की जरूरत महसूस की गई।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम नीदरलैंड से हारी

**उट्रेच (नीदरलैंड)** : भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने नियमित समय में गोलरहित ड्रॉ के बाद मेजबान नीदरलैंड से शूटआउट में 2-3 की हार के साथ यूरोप के अपने दौरे का समापन किया।

इस हार के बावजूद भारतीय जूनियर टीम के लिए यह दौरा काफी सफल रहा। लगातार चार जीत के साथ इस मैच में उतरी भारतीय टीम ने नीदरलैंड की मजबूत टीम के खिलाफ धैर्य और जज्बे का परिचय दिया। मैच के चारों क्वार्टर में दोनों टीमों ने गोल करने के कई मौके बनाये लेकिन रक्षापंक्ति और गोलकीपरों के शानदार खेल से कोई भी टीम ऐसा करने सफल नहीं रही।

### तैयारी



मुंबई में ग्लोबल टेनिस क्रिकेट लीग के शुभारंभ के दौरान पूर्व क्रिकेटर इकबाल अब्दुल्ला और पीयूष चावला। ● एजेंसी

## स्मृति मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंची

**दुबई, एजेंसी**

भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं।



दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने ताजा अपडेट में 19 रेटिंग अंक गंवाये जिसका फायदा भारतीय बल्लेबाज को मिला। मंधाना के कुल 727 रेटिंग अंक हैं। उनके बाद इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर-ब्रंट 719 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वोलवार्ट अब 719 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मंधाना के बाद इस सूची में अगली दो भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं, जो क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच इस महीने के आखिर में पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। मंधाना हाल के दिनों में वनडे बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल रही हैं, लेकिन बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2019 की शुरुआत से शीर्ष स्थान पर नहीं पहुंच पाई थी। भारतीय सलामी बल्लेबाज हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने कोलंबो में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में शतक बनाया था। इससे उन्हें अपनी रैंकिंग में सुधार करने में मदद मिली। मंधाना टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में भी चौथे स्थान पर हैं।

## सबालेंका ने गॉफ से माफी मांगी

**बर्लिन** : एरिना सबालेंका ने कहा कि उन्होंने कोको गॉफ को पत्र लिखकर फ्रेंच ओपन के फाइनल में अपनी अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी से हारने के बाद की गई 'गैर पेशेवर' टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है।

यूरोस्पोर्ट जर्मनी से बात करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने कहा कि इस महीने रोलां गैरो पर उनके खिलाफ गॉफ की 6-7, 6-2, 6-4 की जीत के बाद उनकी टिप्पणी एक गलती थी। पेरिस में मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में सबालेंका ने सुझाव दिया था कि यह परिणाम गॉफ के प्रदर्शन की तुलना में उनकी अपनी गलतियों के कारण अधिक था। सबालेंका ने कहा यह मेरे लिए पूरी तरह से गैर पेशेवर था।

## नीदरलैंड ने नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हराकर नया रिकॉर्ड बनाया

**ग्लासगो, एजेंसी**

नीदरलैंड ने यहां टी20 अंतर्राष्ट्रीय त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज के मैच में नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हरा कर नया रिकॉर्ड बनाया। टी20 या लिस्ट ए क्रिकेट के इतिहास में यह पहला अवसर है, जबकि किसी मैच का परिणाम तीसरे सुपर ओवर में निकला। माइकल लेविट ने सोमवार की रात को खेले गए इस मैच में तीसरे सुपर ओवर में छक्का लगाकर आखिर में नीदरलैंड को जीत दिलाई। नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 152 रन बनाए। एक समय उसकी जीत सुनिश्चित लग रही थी क्योंकि नेपाल को आखिरी ओवर में 16 रन चाहिए



थे। नेपाल के निचले क्रम के बल्लेबाज नंदन यादव ने हालांकि अंतिम ओवर में दो चौके लगाए। उन्होंने आखिरी गेंद पर भी चौका लगाया, जिससे नेपाल आठ विकेट पर 152 रन बनाकर स्कोर बराबर करने में सफल रहा। कुशाल भुर्टेल ने 18 रन बनाकर नेपाल को पहले सुपर ओवर में 19 रन तक पहुंचाया लेकिन नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज मैक्स ओडॉव ने पांचवीं और छठी गेंद पर क्रमश : छक्का और चौका लगाकर स्कोर बराबर कर दिया। नीदरलैंड ने दूसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी की और 17 रन बनाए। लेकिन नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी ने काइल क्लेन की आखिरी गेंद को छक्के के लिए भेज कर मैच को नए मोड़ पर खड़ा कर दिया। नेपाल तीसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए एक भी रन नहीं बना पाया। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर जैक लायन कैशेट ने चार गेंदों में बिना कोई रन दिए दो विकेट लेकर नेपाल का ओवर जल्दी समाप्त कर दिया। नीदरलैंड को इस तरह से मैच जीतने के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत थी, पर लेविट ने संदीप लामिछाने के ओवर की पहली गेंद पर छक्का जड़कर मैच का शानदार अंत किया।

## ओलंपिक 2036 की मेजबानी भारत के लिए फायदेमंद होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी महज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संदेश देने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने, अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और देश के युवाओं को प्रभावित करने वाले सामाजिक मुद्दों से निपटने की एक सुविचारित योजना भी है।

महाराष्ट्र के रावेर निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार लोकसभा सांसद रह चुकी 38 वर्षीय खड़से ने पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में इस आलोचना को खारिज कर दिया कि देश को ओलंपिक की मेजबानी जैसे खर्चीले आयोजन का लक्ष्य रखने से पहले देश को खेल महाशक्ति बनाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यहां अपने कार्यालय में बातचीत में कहा खड़से ने कहा खेल अवसाद और यहां

### साक्षात्कार



खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे। ● एजेंसी

तक कि नशीली दवाओं की लत जैसी कई समस्याओं से निपटने का एक तरीका है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए जब आप ओलंपिक जैसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करते हैं तो वह समाज के लिए प्रेरक शक्ति का काम करती हैं। खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी

● **खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा भारत का उद्देश्य है विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करना**

#### इन फायदों का है उद्देय

ओलंपिक 2036 या राष्ट्रमंडल खेल 2030 जैसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी की तैयारी का मतलब है विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, आर्थिक निवेश और एक ऐसी प्रणाली को तैयार करना है जिसका फायदा सीधे खिलाड़ियों को मिलेगा। यदि मेजबानी करते हैं तो वह समाज के लिए प्रेरक शक्ति का काम करती हैं।

अगले महीने गति पकड़ लेगी, जब खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल पिछले साल अपना आशय पत्र सौंपने के बाद अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के साथ चर्चा के लिए लुसाने जाएगा। खड़से ने कहा, ''इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि ओलंपिक की मेजबानी करके हम एक संदेश देंगे। यह इस बात का संकेत है कि आप एक विकसित देश हैं। लेकिन साथ ही, यह युवाओं को राष्ट्र-निर्माता के रूप में नेतृत्व करने का अवसर भी देता है।'' उन्होंने कहा कि खेलों की मेजबानी और भारतीय खेलों के विकास को अलग-अलग करके नहीं देखा जाना चाहिए। खेल मंत्रालय का कार्यभार संभालने वाली दूसरी महिला और सबसे कम उम्र की खड़से ने कहा, ''हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि खर्च किया गया प्रत्येक रुपया देश को भविष्य में लाभ पहुंचाए। पेरिस ओलंपिक 2024 की लागत नौ अरब डॉलर से ज़्यादा थी, जबकि लॉस एंजिल्स में होने वाले 2028 के खेलों के लिए सात अरब अमेरिकी डॉलर से ज़्यादा खर्च होने का अनुमान है। कई बार ऐसा होता है कि अनुमानित लागत अंतिम खर्च से काफ़ी ज़्यादा होती है।

## विश्व कप के बाद वनडे से संन्यास लेंगी सोफी डिवाइन

**ऑकलैंड, एजेंसी**

न्यूजीलैंड महिला टीम की कप्तान और ऑलराउंडर सोफी डिवाइन इस साल के आखिर में भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्व कप के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगी। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को महिला क्रिकेट में सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है।

उन्होंने 152 वनडे में 31.66 की औसत और आठ शतकों की मदद से 3990 रन बनाए हैं। उन्होंने 146 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक शतक के साथ 3431 रन भी बनाए हैं। डिवाइन ने वनडे और टी20 में क्रमशः 107 और 119 विकेट लिए हैं। उन्होंने कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा मंगलवार को जारी बयान में डिवाइन ने कहा, ''मुझे लगता है कि मेरे लिए फैसला करने का यह सही समय है। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि न्यूजीलैंड क्रिकेट ने इस फैसले पर पहुंचने में मेरी मदद की। इसका मतलब है कि मैं अब भी न्यूजीलैंड की तरफ से खेल सकती हूं।



न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन।

